अजमेर, जोधपुर एवं जयपुर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक
www.hukmnamasamachar.com

# हुक्मनामा समाचार

अजमेर, शुक्रवार, 22 अगस्त, 2025 :: मूल्य 2 रु. :: पृष्ठ संख्या 8 :: आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14674 :: वर्ष 21 :: अंक 270

# प्रदेश में मानसून फिर हुआ एक्टिव

## पाली में गाड़ियां बहीं, बालोतरा में मां-बेटे की मौत



### जयपुर में दोपहर बाद तेज बारिश

राजधानी जयपुर में गुरुवार दोपहर बाद फिर तेज बारिश का दौर शुरू हुआ। राजधानी में बुधवार शाम से रुक-रुककर बारिश हो रही है। मूसलाधार बरसात के कारण शहर के निचले हिस्सों में पानी जमा हो गया है। कई जगह गाड़ियां भी फंस गईं। दिन के तापमान में 5 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है।

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान में मानसून फिर से एक्टिव हो गया है। जयपुर, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, कोटा, भीलवाड़ा, बूंदी, पाली, जालोर, बारां सहित कई जिलों में सुबह से रुक-रुककर बारिश हो रही है। बूंदी में बिजली गिरने का वीडियो सामने आया है।



धौलपुर जिले के सरमथुरा थाना क्षेत्र स्थित दमोह झरने में एयरफोर्स का एक जवान डूब गया। उसके डूबते ही साथी जवान बिना किसी को सूचना दिए भाग गए। वह और उसके साथी ग्वालियर से पिकनिक मनाने आए थे। पुलिस को 12 घंटे बाद गुरुवार सुबह 6 बजे हादसे की सूचना मिली। इसके बाद एसडीआरएफ और गोताखोरों की मदद से जवान की तलाश की जा रही है। बालोतरा जिले के इंद्राणा गांव में

### धौलपुर में पिकनिक मनाने आया एयरफोर्स जवान डूबा

गुरुवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से मां-बेटे की मौत हो गई। इंद्राणा निवासी रगाराम देवासी की पत्नी मंजूदेवी (37) और बेटा सुनील (7) खेत में काम कर रहे थे। अचानक तेज गरज-चमक के साथ बिजली गिरी और दोनों इसकी चपेट में आ गए। हादसे में मां-बेटे ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हनुमानगढ़ में घग्गर नदी में नहाने गए दो युवक डूब गए।

इनमें से एक की डेडबॉडी मिल गई है। वहीं, बारां में कोटा-शिवपुरी को जोड़ने वाला नेशनल हाईवे डूब गया है। ऊनी गांव के पास हाईवे के ऊपर एक फीट से ज्यादा पानी बह रहा है। भीलवाड़ा में आज सुबह से हो रही बरसात के कारण सड़कें डूब गई हैं। पाली जिले में भी दो दिन से बरसात का दौर जारी है।

लगातार बारिश के कारण शहर में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। बूंदी के सरकारी हॉस्पिटल में पानी भर गया है।

## रुद्रप्रयाग में लैंडस्लाइड, बद्रीनाथ-गंगोत्री हाईवे बंद

### ताजमहल तक पहुंची यमुना, पोरबंदर में घर डूबे

**नई दिल्ली।** देश के पश्चिमी हिस्से महाराष्ट्र और गुजरात में बारिश के कारण जन-जीवन प्रभावित हुआ है। दोनों राज्यों में आज रेड अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश में यमुना के कारण कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। यमुना का पानी ताजमहल तक पहुंच गया है। 40 गांव अलर्ट पर हैं। मथुरा में यमुना नदी कटान के बाद अपना मूल रास्ता छोड़कर 2 किमी. दूर बह रही हैं। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में लैंडस्लाइड के कारण बद्रीनाथ हाईवे बंद हो गया है। गंगोत्री हाईवे धरासू पुराना थाना और सोनागढ़ के पास ब्लॉक है।



यमुनात्री हाईवे भी नारदचट्टी के पास बंद है। कुथनौर में ट्रैफिक शुरू हो गया है। बाकी जगहों पर मलबा हटाने का काम जारी है। इधर, गुजरात के तटीय जिलों में बुधवार को भारी बारिश के बाद बाढ़ जैसे हालात बन गए। जूनागढ़ जिले में 12 घंटों में 331 एमएम बारिश हुई। एनडीआरएफ ने पोरबंदर जिले के एक स्कूल में फंसे 46 बच्चों और 4 टीचर्स को बचाया। वहीं, महाराष्ट्र में तेज बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने बुधवार को राज्य के कुछ इलाकों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बीते दिन मुंबई में 107.4 एमएम बारिश हुई। ठाणे जिले में पानी से भरी खदान में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

## संक्षिप्त खबरें

### स्पेस मिशन में डर लगता है, लेकिन आपके पीछे भरोसेमंद टीम-शुभांशु शुक्ला

**नई दिल्ली।** इंडियन एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला ने कहा कि एक्सियम मिशन के तहत हम इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में दो हफ्ते रहे। मैं मिशन पायलट था, मैं कमांडर था मैं सिस्टम को कमांड कर रहा था। आईएसएस में दो हफ्ते के दौरान हमने कई एक्सपेरिमेंट किए। कुछ तस्वीरें लीं। इसके लिए हमने कई ट्रेनिंग ली। यह एक अलग ही अनुभव था।दिल्ली में मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शुभांशु ने कहा- अगर हम कहें कि डर कभी नहीं लगता, ये कहना गलत होगा। डर सबको लगता है लेकिन हमारे पीछे एक भरोसेमंद टीम होती है जिसे हम अपनी जिंदगी सौंप देते हैं।

### मनीषा का 9वें दिन अंतिम संस्कार

**भिवानी।** भिवानी की टीचर मनीषा का गुरुवार सुबह घर से लापता होने के 9वें दिन अंतिम संस्कार कर दिया गया। मनीषा को उनके छोटे भाई नितेश (13) ने मुखाग्नि दी। इस दौरान पिता संजय फूट-फूट कर रोए। इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा। मनीषा के शव को गुरुवार सुबह 8 बजे भिवानी के सिविल अस्पताल से घर नहीं ले जाया गया बल्कि सीधा गांव ढाणी लक्ष्मण के श्मशान घाट लाया गया। बार-बार पोस्टमॉर्टम और शव के पुराने होने की वजह से हालत बिगड़ने के चलते किसी को कफन हटाकर अंतिम दर्शन नहीं कराए गए।

### अलग रहना है तो शादी न करें-सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि एक शादीशुदा जोड़े में पति या पत्नी का अलग रहना नामुमकिन है। दोनों में से कोई भी यह नहीं कह सकता कि वे अपने पार्टनर से अलग रहना चाहते हैं। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि अगर कोई अलग रहना चाहता है तो उसे शादी नहीं करनी चाहिए। बेंच ने कहा- शादी का क्या मतलब है, दो आत्माओं, दो लोगों का एक साथ आना। आप कैसे अलग रह सकते हैं? पति-पत्नी में कुछ न कुछ झगड़ा होता ही है।

### पेनल्टी कॉर्नर




### पटेला री पोल

अमेरिका का दबाव का चक्कर, फस गया भारत देश
रूस से खुद खूब माल खरीदे, पर हमसे तो वसूले केश
बहाना उसका झूठा दिखता, अकेले हम पर टैरिफ कैसे
खुद की नीति पीट रही तब, गरीब को दोषी बताओ जैसे

..मुखिया जी

## असम में 18+उम्र वालों का नया आधार कार्ड नहीं बनेगा

**दिसपुर।** असम में 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों का नया आधार कार्ड नहीं बनेगा। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा- असम कैबिनेट ने अवैध प्रवासियों को भारतीय नागरिकता से रोकने के लिए यह फैसला लिया है। सीएम हिमंत ने बताया कि राज्य में 18 साल से अधिक उम्र के जिन लोगों के पास अभी तक आधार कार्ड नहीं है, उन्हें आवेदन के लिए एक महीने का समय दिया जाएगा। अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति और चाय जनजाति के 18+ आयु वाले एक साल तक आधार कार्ड बनवा सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने अक्टूबर में सिटिजनशिप एक्ट की धारा 6 ए की वैधता को बरकरार रखा था। सिटिजनशिप एक्ट की धारा 6 ए को 1985 में असम समझौते के दौरान जोड़ा गया था। इस कानून के तहत जो बांग्लादेशी अप्रवासी 1 जनवरी 1966 से 25 मार्च 1971 तक असम आए हैं वो भारतीय नागरिक के तौर पर खुद को रजिस्टर करा सकते हैं। हालांकि 25 मार्च 1971 के बाद असम आने वाले विदेशी भारतीय नागरिकता के लायक नहीं हैं।

## मेघालय में भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर कर्फ्यू

### 1 किमी. दायरे में 2 महीने तक रात में लगा रहेगा

**नई दिल्ली।** मेघायल के ईस्ट खासी हिल्स जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास 1 किलोमीटर के दायरे में कर्फ्यू लगाया गया है। प्रशासन ने 8 अगस्त को हथियारबंद लोगों की घुसपैठ की घटना के बाद यह फैसला लिया है।डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट आर एम कुर्बाह ने इसको लेकर आदेश जारी किया है। इसके अनुसार, नोटिफाई जोन (अधिसूचित क्षेत्र) में रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक लोगों की आवाजाही प्रतिबंधित है। कर्फ्यू अगले 2 महीने तक लागू रहेगा।आदेश में यह भी कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने, पांच या उससे अधिक लोगों की भीड़ इकट्ठा करने, हथियार या किसी भी तरह के हथियार जैसी चीजें ले जाने पर रोक होगी।

## संसद का मानसून सत्र खत्म

**कुल 21 बैठकें** ऑपरेशन सिंदूर पर 16 घंटे चर्चा, बिहार एसआईआर पर हंगामा

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र आज (21 अगस्त) को समाप्त हुआ। यह सत्र 21 जुलाई से शुरू हुआ था। पूरे सत्र में कुल 21 बैठकें हुईं। लोकसभा में 120 घंटे चर्चा का समय निर्धारित था सिर्फ 37 घंटे ही चर्चा हो सकी। वहीं राज्यसभा में 41 घंटे चर्चा हुई। इस दौरान लोकसभा में 12 बिल और राज्यसभा में 15 बिल पास हुए। सबसे चर्चित बिल गिरफ्तार पीएम-सीएम और मंत्रियों को हटाने वाला संविधान संशोधन बिल रहा। इसे जेपीसी के पास भेजने का प्रस्ताव पारित हुआ।सत्र की शुरुआत राज्यसभा के उपसभापति जगदीप धनखड़ के बीच सत्र में इस्तीफे के साथ हुई। पूरे सत्र के दौरान विपक्ष ने बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिविजन पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा और विरोध प्रदर्शन किया, जिससे कार्यवाही नहीं हो सकी। 28 और 29 जुलाई को ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा हुई जिसका समापन पीएम मोदी के जवाब के साथ हुआ। 18 अगस्त को देश के सफल अंतरिक्ष कार्यक्रम की उपलब्धियों पर विशेष चर्चा शुरू हुई लेकिन बेनतीजा रही।लोकसभा में 419 प्रश्न एजेंडे में रखे गए थे लेकिन विपक्ष के हंगामे के कारण सिर्फ 55 प्रश्नों का ही उत्तर दिया जा सका। वहीं, राज्यसभा में 285 प्रश्न एजेंडे में रखे गए लेकिन 14 प्रश्न का जवाब दिया जा सके।लोकसभा में 29 जुलाई को ऑपरेशन सिंदूर पर 16 घंटे लंबी बहस हुई। पीएम मोदी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी इसमें हिस्सा लिया। राहुल गांधी ने 36 मिनट की स्पीच कहा, अगर दम है तो प्रधानमंत्री यहां सदन में यह बोल दें कि वह झूठ बोल रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में 16 घंटे से ज्यादा बहस चली।

पीएम मोदी ने एक घंटा 40 मिनट की स्पीच में ट्रम्प का नाम लिए बिना कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया में किसी भी देश ने भारत को अपनी सुरक्षा में कार्रवाई करने से रोका नहीं है।

### ऑनलाइन गेमिंग बिल राज्यसभा में भी पास

राज्यसभा में अमित शाह ने 3 बिल जेपीसी में भेजे जाने के लिए रखे। अश्विनी वैष्णव ने ऑनलाइन गेमिंग बिल चर्चा के लिए रखा। हालांकि विपक्ष लगातार नारेबाजी करता रहा। बाद में इसे राज्यसभा से भी पास कर दिया गया। इसके बाद राज्यसभा भी अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्षी सांसद बिहार एसआईआर पर चर्चा कराने की मांग करते रहे। उनके विरोध और हंगामे के कारण दोनों सदनों में आखिरी दिन भी कार्यवाही नहीं हो सकी।

## उपराष्ट्रपति चुनाव



खड़गे और सोनिया-राहुल समेत कई नेता मौजूद रहे

### आई.एन.डी.आई.ए. के उप राष्ट्रपति उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी ने नामांकन दाखिल किया

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन आई.एन.डी.आई.ए. के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार सुप्रीम कोर्ट से रिटायर्ड जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी ने गुरुवार को नामांकन भरा। रेड्डी ने चार सेट में नामांकन दाखिल किया। खड़गे समेत 20 नेता प्रस्तावक बने। नामांकन के समय लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सोनिया गांधी, एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार सहित कई बड़े नेता मौजूद रहे। रेड्डी ने नामांकन दाखिल करने से पहले संसद परिसर में प्रेरणा स्थल पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को होगा।

## मुलाकात...



गुरुवार को दिल्ली से जयपुर पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सिविल लाइंस स्थित विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से मिलने उनके सरकारी निवास पर पहुंचे. 1 सितंबर से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने देवनानी से कुछ मुख्य बिंदुओं पर चर्चा भी करी।

## सेना प्रमुख और एडब्ल्यूडब्ल्यूए अध्यक्ष ने एओआरटीए पहल को बढ़ावा देते हुए अंगदान का संकल्प लिया



**नई दिल्ली।** थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी और उनकी पत्नी तथा आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष सुनीता द्विवेदी ने 20 अगस्त, 2025 को आर्मी हॉस्पिटल (रिसर्च एंड रेफरल) में अपने अंगदान का संकल्प लिया। उनके इस संकल्प से सशस्त्र बल अंग पुनर्प्राप्ति एवं प्रत्यारोपण प्राधिकरण (एओआरटीए) को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला। इस पहल का उद्देश्य जागरूकता को बढ़ावा देना और सशस्त्र बल समुदाय को अंगदान में राष्ट्र का नेतृत्व करने के लिए प्रेरित करना है। सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा (डीजीएएफएमएस) की महानिदेशक सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन के नेतृत्व में एओआरटीए, अंग पुनर्प्राप्ति और प्रत्यारोपण प्रयासों में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बनकर उभरा है।

**राजस्थान में शिक्षा क्षेत्र के लिए अभूतपूर्व कदम** | **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों से केन्द्रीय शिक्षा मंत्री से मिली सहमति**

## शिक्षा के उन्नयन एवं विकास के लिए राजस्थान को मिलेंगे 3 हजार 200 करोड़ रुपये



### समग्र शिक्षा हेतु प्रदेश को केन्द्रीय अंश की प्रथम किश्त शीघ्र होगी जारी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश में हर बच्चे को सुलभ, आधुनिक और समावेशी शिक्षा उपलब्ध कराने तथा शिक्षा के उन्नयन, विकास एवं सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। इस क्रम में मुख्यमंत्री शर्मा के प्रयासों से केन्द्र सरकार ने समग्र शिक्षा, राजस्थान के लिए 3 हजार 200 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं।

शर्मा द्वारा हाल ही में नई दिल्ली में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से मुलाकात के दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 में समग्र शिक्षा, राजस्थान के लिए केन्द्रीय अंश की राशि शीघ्र जारी करने का अनुरोध किया गया था। इस संबंध में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 3 हजार 200 करोड़ रुपये राज्य को देने के लिए सहमति प्रदान की है। साथ ही, इस राशि की प्रथम किस्त शीघ्र जारी करने का आश्वासन भी दिया है। मुलाकात के दौरान शर्मा ने समग्र शिक्षा के तहत राज्य में शिक्षा विभाग की प्रगति, नीति एवं भविष्य में किये जाने वाले कार्य के सम्बन्ध में भी केन्द्रीय शिक्षा मंत्री को जानकारी दी।

केन्द्र से प्राप्त इस राशि से कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में विभिन्न कार्य, विद्यालयों में निर्माण एवं मरम्मत कार्य, व्यावसायिक शिक्षा, आईसीटी एवं डिजिटल लैब, निपुण भारत, सामुदायिक गतिशिलता, नवाचार, समग्र शिक्षा की मॉनिटरिंग से संबंधित विभिन्न कार्य कराए जाएंगे। इससे प्रदेश में शिक्षा के आधारभूत ढ़ांचे को और अधिक सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी।

## मुख्यमंत्री ने कुसुम 2.0 के तहत 5 हजार मेगावाट क्षमता के अतिरिक्त आवंटन का किया अनुरोध

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी से मंगलवार को नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान उन्होंने राजस्थान के किसानों के आर्थिक सशक्तीकरण एवं प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए पी. एम. कुसुम योजना 2.0 के तहत 5 हजार मेगावाट क्षमता का अतिरिक्त आवंटन स्वीकृत करने का अनुरोध किया। शर्मा ने जोशी को अवगत कराया कि प्रदेश में इस योजना के घटक-ए में अब तक 457 मेगावाट क्षमता के विकेन्द्रित सौर ऊर्जा संयत्र स्थापित किए जा चुके हैं तथा 3200 मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं स्थापित करने के लिए कार्यादेश जारी कर दिए गए हैं।

इस दौरान केन्द्रीय नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि राज्य सरकार के विगत डेढ़ वर्ष में किए गए प्रयासों से राजस्थान पी. एम. कुसुम योजना के घटक-ए के क्रियान्वयन में देश में अग्रणी बना है। साथ ही, घटक-सी में विकेन्द्रित सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की दिशा में तेजी से काम हुआ है, जो बेहद सराहनीय है। जोशी ने कुसुम 2.0 के तहत प्रदेश में सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने में केन्द्र सरकार की ओर से हर संभव सहयोग देने के लिए आश्वस्त किया।

उल्लेखनीय है कि पी. एम. कुसुम योजना के घटक-ए एवं सी के सफल क्रियान्वयन से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'अन्नदाता बनेगा ऊर्जादाता' संकल्प प्रदेश में साकार हो रहा है।

CMYK

### डेढ़ महीने से रोजाना हजारों लोग भुगत रहे परेशानी



**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** करीब डेढ़ महीने पहले एलिवेटेड रोड की सड़क धंसने के बाद से नसियां वाली भुजा आवागमन के लिए बंद होने से रोजाना हजारों शहरवासी परेशान हो रहे हैं। अजमेर शहर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष किशन गुप्ता, प्रवक्ता सीए विकास अग्रवाल व प्रवक्ता कमल गंगवाल ने जिला कलक्टर से मांग की है कि एलिवेटेड रोड की नसियां उतरने वाली भुजा को आवश्यक सुधार कर तत्काल सार्वजनिक उपयोग के लिए खोला जाए। गुप्ता ने कहा कि आरएसआरडीसी व प्रशासन को थर्ड पार्टी तकनीकी जांच शीघ्र पूर्ण करने में सहयोग कर उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक करनी चाहिए, ताकि वास्तविकता सामने आ सके। महावीर सर्किल, खाईलैंड, आगरा गेट, बाटा तिराहा जैसे इलाकों में वर्तमान में रोजाना जाम की स्थिति रहती है।

### जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर जिला स्तरीय जनसुनवाई

# जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई में 193 परिवादों की सुनवाई

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। इस जनसुनवाई में कुल 193 परिवाद दर्ज हुए जिनमें अतिक्रमण, स्वच्छता, पट्टा, विद्युत, पानी, कनेक्शन तथा कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए) कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं के अभाव जैसी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आई।राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक को भूखंड का आवंटन पत्र जारी करने के निर्देश जनसुनवाई में परिवादी शिवप्रसाद विजय ने बताया कि उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है तथा पुरुस्कृत शिक्षकों को आरक्षित दरों पर भूखंड आवंटित किए



जाते हैं। उन्हें भूखंड का आवंटन तो हुआ है, लेकिन आवंटन पत्र अब तक प्राप्त नहीं हुआ। इस पर जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने कोटा विकास प्राधिकरण आयुक्त को तुरंत आवंटन पत्र जारी करने के निर्देश दिए। जन्म प्रमाण पत्र विवाद का त्वरित निस्तारणपरिवादी पीयूष चौधरी के दो-दो जन्म प्रमाण पत्र होने से आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में समस्या उत्पन्न हो रही थी। इस पर कलक्टर पीयूष समारिया ने मौके पर ही आईटी एवं सांख्यिकी विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए परिवादी को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए।विशेष योग्यजन शिक्षक के मामले में त्वरित कार्यवाही के निर्देश शिक्षा विभाग से जुड़े परिवादी नवीन गहलोत ने जनसुनवाई में बताया कि उन्हें न्यायालय से यह आदेश प्राप्त है कि शारीरिक रूप से विशेष योग्यजन होने के नाते उन्हें उनके घर के पास के ही स्कूल में पदस्थापित किया जाए। इस पर जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि न्यायालय के आदेशों की त्वरित पालना सुनिश्चित की जाए और परिवादी को शीघ्र राहत प्रदान की जाए।ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की समस्याओं पर कार्रवाई ग्रामीण क्षेत्रों से आए परिवादियों ने रास्तों पर अतिक्रमण, पशु बांधने जैसी समस्याएं बताई तो वहीं शहरी क्षेत्र में कुछ इलाक़ों में कचरा नियमित न उठाने और स्ट्रीट लाइट खराब होने जैसी समस्याएं परिवादियों द्वारा बताई गईं। इस पर कलक्टर ने नगर निगम और कोटा विकास प्राधिकरण को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। दीगोद से आए परिवादी घनश्याम के मामले में कलक्टर ने उपखंड अधिकारी को आदेश की कॉपी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## जबरन मूर्ति स्थापना वाली भूमि पर प्रशासन का चला डंडा

**गंगापुर भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** सत्ता के नशे में चूर होकर सत्ताधारी नेताओं द्वारा पिछले कई महीनों से पंचायत समिति सहाड़ा की नांदशा ग्राम पंचायत की आबादी भूमि पर जबरन मूर्ति स्थापना विवाद मामले में प्रशासन ने डंडा चलाते हुए रिसीवरी आदेश जारी कर मौके पर नोटिस बोर्ड लगाने के बाद इस विवादित मामले का पूरी तरह से पटाक्षेप होता दिखाई पड़ रहा है। इस विवादित मामले में गंगापुर थाना अधिकारी को रिसीवर नियुक्त किया गया है।दरअसल पिछले 8-9 माह से नांदशा ग्राम पंचायत की गैर मुमकिनआबादी भूमि आराजी खसरा नंबर 4634 ,क्षेत्रफल 0.37 हेक्टयर पर अनाधिकृत रूप से कब्जा जमाने की कवायद चल रही थी जिसमें विवाद होने पर 3-4 बार पुलिस कार्रवाई भी हुई थी। सत्ताधारी नेताओं द्वारा प्रशासन पर इसी आबादी भूमि पर राठौड़ी में मूर्ति स्थापना को लेकर लंबे समय से दबाव बनाया जा रहा था। इसी के चलते विगत सप्ताह में सोशल मीडिया पर 17 अगस्त को उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी द्वारा मूर्ति स्थापना कार्यक्रम आयोजित होने का झूठा प्रचार भी फैलाया गया । इसके बाद प्रशासन द्वारा दोनों पक्षों की एक बैठक भी आयोजित हुई जो बेनतीजा रही। इस सारे घटनाक्रम को लेकर उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी के कार्यालय तक जानकारी पहुंचाने के बाद कार्यक्रम तो निरस्त हुआ ही बल्कि मुख्यमंत्री कार्यालय से सत्ताधारी नेता को अनाधिकृत रूप से कब्जा करने को लेकर कड़ी फटकार भी लगाई गई। इसके बाद प्रशासन ने कार्रवाई का डंडा चलाते हुए रिसीवरी आदेश जारी किया गया जो कि 21 अगस्त से प्रभावी माना जाएगा।

## गुरुवंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित

**मदनगंज किशनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** भारत विकास परिषद महाराणा प्रताप शाखा किशनगढ द्वारा नवोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विकी लड्ढा और नीरज राठी ने बालिकाओं को गुरुओं के प्रति निष्ठा और सम्मान का भाव रखने और मर्यादित आचरण हेतु प्रेरित किया। परिषद द्वारा विद्यार्थियों हेतु संस्कार कार्यक्रमों भारत को जानों और राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता की जानकारी प्रभारी नर्सिंग मालपानी द्वारा दी गई। परिषद द्वारा 10 गुरुओं का मंगल तिलक कर फल और



लेखनी भेंट कर वंदन और प्रतिभाशाली 8 बालको का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन परिषद के कन्हैया तोषनीवाल और राजेश बंसल ने किया। परिषद के सेवा समन्वयक कन्हैया तोषनीवाल, राजेशबंसल, अनूप केजरीवाल, अश्विनी लड्ढा, प्रमोद सोमानी और विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय संस्था प्रधान रामदयाल चौधरी द्वारा परिषद का आभार व्यक्त किया गया।

### आज मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

## बच्चों की शिक्षा व सेहत सुधार के लिए कृमि संक्रमण की रोकथाम जरूरी सीएमएचओ :डॉ0 संजीव शर्मा

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों और किशोर-किशोरियों को आंतों के कृमि संक्रमण से बचाने तथा उनके शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास को मजबूत बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 22 अगस्त (शुक्रवार) को आयोजित किया जाएगा। जो बच्चे इस दिन किसी कारणवश दवा नहीं ले पाएंगे, उन्हें 29 अगस्त (शुक्रवार) को मॉप-अप दिवस के तहत एलबेंडाजोल की खुराक दी जाएगी।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि मिट्टी जनित कृमि संक्रमण बच्चों के हीमोग्लोबिन स्तर, पोषण और सीखने की क्षमता पर गंभीर नकारात्मक असर डालता है तथा शारीरिक विकास को धीमा कर देता है। नियमित अंतराल पर कृमि नाशन से न केवल संक्रमण पर नियंत्रण पाया जा सकता है बल्कि बच्चों की सेहत, भूख, ऊर्जा, पढ़ाई में एकाग्रता और प्रतिरोधक क्षमता में भी उल्लेखनीय सुधार होता है। उन्होंने कहा कि कृमि संक्रमण को रोकना बच्चों की सेहत और भविष्य के लिए जरूरी है। इस अभियान में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और शिक्षा विभाग संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। प्रशिक्षित शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा सहयोगिनियां दवा का सुरक्षित वितरण सुनिश्चित करेंगी। साथ ही दवा देने से पूर्व हाथ धोना, स्वच्छ बर्तन का उपयोग व साफ पानी की उपलब्धता अनिवार्य की जाएगी। अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर ने बताया कि अभियान के तहत जिले के सरकारी-निजी विद्यालयों, उच्च व तकनीकी शिक्षण संस्थानों, मदरसों, आंगनबाड़ी केंद्रों सहित ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के पंजीकृत व अपंजीकृत सभी बच्चों को एलबेंडाजोल 400 एमजी की खुराक दी जाएगी।

### हस्तशिल्प एवं व्यापार उत्सव-2025 का आयोजन 22 से 25 अगस्त तक

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** जिला प्रशासन एवं जिला उद्योग के संयुक्त तत्वाधान में चार दिवसीय हस्तशिल्प एवं व्यापार उत्सव-2025 का आयोजन ग्रामीण हाट परिसर कला दीर्घा के सामने राजकीय संग्रहालय के पास नयापुरा में 22 से 25 अगस्त तक किया जाएगा जिसमें जिले तथा जिले के बाहर के हस्तशिल्पी, दस्तकार, आर्टीजन एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा हस्तनिर्मित आकर्षक उत्पादों की प्रदर्शनी व बिक्री की जाएगी। महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र हरिमोहन शर्मा ने बताया कि मेले का उद्घाटन शुक्रवार को सायं 4 बजे किया जाएगा।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मदनगंज किशनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** सड़क सुरक्षा समिति किशनगढ़ द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम गुरुवार को एमएसएस पब्लिक स्कूल में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित सदस्यों का परिचय दिया गया। समिति के सहसचिव सुमित लोढ़ा द्वारा सड़क सुरक्षा समिति का परिचय दिया गया।उन्होंने बताया कि परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के संरक्षत्व में समिति का गठन किया गया है, जो एक स्वयं सेवी संस्था के रूप में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए एवं आम जन में जागरुकता तथा शिक्षण संस्थानों में छात्र-छात्राओं को सुरक्षा के बारे में प्रशिक्षित करने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रो एसके बंसल ने ड्राइविंग करते समय ट्रैफिक नियमों के पालन करने एवं सीट बेल्ट बांधकर वाहन चलाने तथा हेलमेट की उपयोगिता समझाई। संरक्षक पवन कुमार जी अग्रवाल ने विभिन्न उदाहरण एवं लघु कथा के माध्यम से सड़क पर वाहन चलाने के नियमों की जानकारी दी । उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचने में मदद की जाए।

## महासाध्वी प्रवीणाजी म.सा. आदि ठाणा के सानिध्य में पर्युषण पर्व की आराधना

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** जीवन में कैसी भी परिस्थिति आए सत्य का साथ नहीं छोड़े। सत्य हमेशा सत्य ही रहेगा उसे बदला नहीं जा सकता। सत्य के कारण राजा हरीशचन्द्र की परीक्षा हुई थी पर जो सत्य पर अडिग रहता उसके सामने देवता भी झुक जाते है। इंसान की कथनी ओर करनी में एकरूपता रहनी चाहिए अन्यथा लोग उस पर विश्वास नहीं करेंगे। ये विचार युगदृष्टा आचार्य ज्ञानचंद्रजी म.सा. की आज्ञानुवर्ति परम विदुषी तप दीप्ति महाश्रमणी रत्ना महासाध्वी प्रवीणाजी म.सा. ने अरिहन्तमार्गी जैन महासंघ के तत्वावधान में भीलवाड़ा के प्राज्ञ स्वाध्याय भवन में गुरूवार को पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व की आठ दिवसीय आराधना के दूसरे दिन प्रवचन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हमारा पर्युषण पर्व मनाना सार्थक हो जाए इसके लिए हमे अहिंसा की साधना करने, सत्य व्रत की आराधना करने, चोरी करना पाप मानना जैसे संकल्प लेने है। कई बारे अनजाने में भी पाप कर्म का बंध हो जाता है तो भोगना ही पड़ता है। उन्होंने कहा कि जीवन में कर्मो के भंयकर दुष्परिणामों को समझकर इन संकल्पों को उत्कृष्ट योग के द्वारा जीवन में धारना करना है। हम इन संकल्पों को अपने जीवन में अंगीकार कर लेंगे तो हमारे कर्मो का क्षय होकर मुक्ति की राह भी खुल जाएगी। पाप कर्म से दूर हुए बिना पर्युषण पर्व की आराधना सार्थक नहीं हो सकती। धर्मसभा में साध्वी नम्रताजी म.सा. साध्वी जागृतिजी म.सा., साध्वी स्वर्णरेखाजी म.सा., अतुलप्रभाजी म.सा., निर्जराजी म.सा., निसर्गजी म.सा.,केवलीजी म.सा. का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। पर्युषण पर्व में महसाध्वी मण्डल की प्रेरणा से त्याग तपस्या का दौर निरन्तर गतिमान है। सुश्राविका रेखा भड़कत्या ने आठ उपवास के प्रत्याख्यान लिए। तेला तप की लड़ी में सुश्राविका सिमरन डांगी ने तेला तप के पच्चक्खान लिए। सुश्राविका मोनिका बाबेल के सिद्धी तप की साधना चल रही है। कई श्रावक-श्राविकाओं ने बेला,एकासन, आयम्बिल, उपवास आदि तप के पच्चक्खान भी लिए। साध्वी मण्डल ने सभी तपस्वियों के प्रति मंगलभावनाएं व्यक्त की। अरिहन्तमार्गी जैन महासंघ द्वारा अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। धर्म सभा का संचालन महावीर पोखरना ने किया। धर्मसभा में प्रभावना इन्द्रचंदजी ज्ञानचंदजी रांका परिवार भीलवाड़ा(जयनगर वाले) की तरफ से रही। धर्मसभा में विभिन्न क्षेत्रों से गुरूभक्त पधारे ओर दर्शन व धर्मलाभ प्राप्त किया।

## महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में रिक्त स्थानों पर प्रवेश की अंतिम तिथि 22 अगस्त

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में सत्र 2025-26 में रिक्त स्थानों पर प्रवेश की अंतिम तिथि 22 अगस्त है। संस्थान में संचालित त्रिवर्षीय डिप्लोमा नॉन इंजिनियरिंग पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में कॉमर्शियल आर्ट, टेक्साटाइल डिजाइन, इन्टीरियर डेकोरेशन, फैशन एवं टेक्साटाइल डिजाइन में प्रवेश के लिए व्यक्तिगत काउंसलिंग के लिए प्रार्थी स्वयं को सभी आवश्यक मूल दस्तावेज दसवीं एवं बाहरवीं उर्त्तीण की मूल अंकतालिका, राजस्थान का मूल निवास प्रमाण पत्र एवं आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी जाति प्रमाण पत्र आदि दतावेजों के साथ प्रथम किश्त 4 हजार 275 रूपये जमा करवाएं। प्रधानाचार्य राजकीय महिला पॅलिटेक्निक महाविद्यालय लीना बम्बानी ने बताया कि शुल्क एवं वांछित मूल दस्तावेज के अभाव में सीट आवंटन किया जाना संभव नहीं हो सकेगा। प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की माध्यमिक परीक्षा 10वीं पास अथवा समकक्ष परीक्षा में उर्त्तीण होना अनिवार्य है। इसमें प्रवेश के लिए कोई आयु सीमा नहीं है।

### खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने लिए अधिकारियों की बैठक

## खाद्य सुरक्षा सूची से 54 हजार से अधिक लोगों ने हटाया नाम, 1 लाख 23 हजार नए लाभार्थी योजना से जुड़े


**चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने गुरुवार को जिला परिषद के ग्रामीण विकास अधिकरण सभागार में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना एवं गिव अप अभियान की प्रगति की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर जिले के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने भाग लिया।बैठक में मंत्री गोदारा ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जरूरतमंद



परिवारों को सस्ती दरों पर खाद्यान्न उपलब्ध करवाने के लिए गिव अप अभियान महत्वपूर्ण कदम है। अभियान के तहत चित्तौड़गढ़ जिले में अब तक 54,272 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से योजना से नाम हटाकर उदाहरण प्रस्तुत किया है। इनकी पहल से जरूरतमंद और गरीब परिवारों को योजना का सीधा लाभ सुनिश्चित हुआ है।उन्होंने कहा कि गिव अप अभियान की सफलता का परिणाम है कि जिले में अब तक 1,23,000 नए पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ा गया है। यह कदम खाद्य सुरक्षा को मजबूत बनाने और पारदर्शिता लाने में मील का पत्थर साबित होगा।मंत्री गोदारा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नए लाभार्थियों को समय पर राशन कार्ड जारी कर योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि खाद्यान्न वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा शिकायतों के त्वरित निस्तारण को प्राथमिकता दी जाएगी।

# लायंस क्लब द्वारा नि:शुल्क दिव्यांग उपकरण वितरण चयन शिविर सम्पन्न

**मदनगंज किशनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** स्व रतनलाल पाटनी की पुण्य स्मृति में आरके फाउंडेशन ग्रुप के आर्थिक सहयोग से लायंस क्लब किशनगढ़ क्लासिक और महावीर विकलांग समिति के संयुक्त तत्वावधान में 10 सितंबर को आयोजित होने वाले नि:शुल्क दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर के लिए चयन शिविर का आयोजन आर के कम्युनिटी में किया गया। सचिव रमाकांत काबरा ने बताया कि चयन शिविर में विभिन्न स्थानों से कुल 245 दिव्यांग आए, जिसमें से 42 ट्राइसाइकिल, 33 व्हील चेयर, 29 जयपुर फूट, 56 कैलिपर, 31 बैसाखी, 6 कृत्रिम हाथ की आवश्यकता के लिए महावीर विकलांग समिति के वरिष्ठ चयनकर्ता अशोक शर्मा द्वारा चयन किया गया। शिविर संयोजक राजेश पाटनी, सुनील



केजरीवाल, निखिल सारडा ने बताया कि चयनित दिव्यांगों को उपकरण 10 सितंबर को वितरित किए जाएंगे और उपयुक्त जयपुर फुट, और कृत्रिम हाथ भी उसी दिन लगा दिए जाएंगे। आरके ग्रुप के अशोक पाटनी ने बाबा साहब के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके शिविर का शुभारंभ किया। दिव्यांगों से व्यक्तिगत मिलकर उनके हाल चाल पूछे, अपने उद्बोधन में हर संभव मदद का आश्वाशन दिया और काफी वर्षों बाद इस जनोपयोगी शिविर के पुन: संचालन के लिए लायंस क्लब की सराहना की। आरके ग्रुप के अशोक पाटनी, सीए सुभाष अग्रवाल, महावीर कोठारी के साथ लायंस क्लब के पूर्व प्रान्तपाल श्याम सुंदर मंत्री, संभागीय अध्यक्ष हरीश गर्ग, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष रामप्रकाश शर्मा, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन रमेश तापड़िया आदि अतिथियों ने शिविर का अवलोकन किया। क्लब अध्यक्ष अमित अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल, सचिव रमाकांत काबरा, संयोजक राजेश पाटनी, सुनील केजरीवाल, निखिल सारडा, मुकेश गोयल, नरेंद्र मेहता, मुकेश जैन, महेंद्र नाहर, संजय गोयल, पदम जैन, अविनाश पाटनी, अजय गंगवाल, राजीव लोढ़ा, पंकज बंसल, मनोज गोधा, पीयूष पाराशर, रोहित मेहता, सुशील बंसल, विनोद पाटनी, चंद्रकांत अजमेरा, जितेंद्र पहाड़िया, अनिल शर्मा, दिनेश गोधा, नितिन मैनावत, मुकेश झालानी, अजय जैन, अशोक गंगवाल, पिंकी पाटनी, आभा पाटनी, मानसी गोयल, ज्योति सारडा, सूर्यकांता बंसल, गजल अग्रवाल, आदि ने सहयोग किया।

### मेजर जनरल की पत्नी ने उड़ान स्कूल का किया दौरा बच्चों को किए उपहार भेंट

**नसीराबाद (हुक्मनामा समाचार)।** अजमेर छावनी परिषद के द्वारा कस्बे के हनुमान चौक पर विशेष योग्यजन बच्चों के लिए संचालित उड़ान स्कूल का गुरुवार को भारतीय सेना के मेजर जनरल अरविंद यादव की धर्मपत्नी सरिता यादव ने दौरा कर स्कूल के दिव्यांग बच्चों से मिलकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया उड़ान स्कूल के प्रिंसिपल फिजियोथैरेपिस्ट डॉ रवि पथरिया के साथ फिजियोथैरेपी स्पीच थेरेपी रूम व कॉमन क्लास रुम का निरीक्षण किया फिजियोथैरेपिस्ट डॉ रवि पथरिया ने बताया कि स्कूल में मुख बधिर बच्चों को बोलना व सुनना सिखाया जा रहा है व स्पीच थेरेपी दी जारी की जा रही है स्कूल में बच्चों के दी जा रही समस्त सुविधाओं की भी जानकारी ली व स्कूल में बच्चों को हंसते हुए खेलते हुए देख छावनी परिषद द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए बच्चों के साथ फोटो खिंचवाई व सेना के द्वारा उड़ान स्कूल की बनाई गई डॉक्युमेंट्री फिल्म भी देखी

## विकास अधिकारी ने किया पदभार ग्रहण



**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** पंचायत समिति भवानी मंडी में नवनियुक्त विकास अधिकारी मनवीर सिंह बेनीवाल ने किया पदभार ग्रहण, पंचायत समिति कर्मचारियों ने माल्यार्पण कर किया स्वागत, बेनीवाल कोटड़ा उदयपुर विकास अधिकारी पद पर थे कार्यरत, बीडीओ ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाना व आम जनता के कार्य को शीघ्रता से करना मेरी प्रथम प्राथमिकता रहेगी


स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढा द्वारा एफ बी 3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर 4, जयपुर से मुद्रित एवं पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर से प्रकाशित। फोन 2623396, संपादक - प्रदीप लोढा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जयपुर कार्यालय- जी 1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, ई मेल hukmnama.ajmer@gmail.com

जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं सतर्कता समिति की बैठक आयोजित

# जिला कलक्टर ने 85 प्रकरणों की की सुनवाई अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश

**अजमेर, ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं सतर्कता समिति की बैठक का आयोजन गुरुवार को जिला कलक्टर लोक बन्धु की अध्यक्षता में किया गया। जिला स्तरीय जनसुनवाई की मुख्य सचिव सुधांश पंत द्वारा मॉनिटरिंग की गई। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रात्रि चौपाल, स्थलीय निरीक्षण एवं ई-फाइल निस्तारण की नियमित समीक्षा कर सेवा प्रदायगी की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। उन्होंने जनता से अच्छे आचरण, महिला कार्मिकों से सम्मानजनक व्यवहार एवं स्वयं के स्वास्थ्य के लिए शारीरिक गतिविधि करने को कहा। वित्तीय समावेशन शिविरों में अधिक लोगों को जोड़ने, फसल बीमा योजना में संतृप्ति स्तर तक प्रत्येक किसान क्रेडिट कार्ड धारक किसानों का बीमा कराने, डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने एवं फॉर्मर रजिस्ट्री शत प्रतिशत कराने के निर्देश दिए। साथ ही संपर्क एवं सीपीग्राम पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण, छह माह से अधिक पुराने मामलों को प्राथमिकता से निस्तारण तथा शिकायतों के समाधान की गुणवत्ता एवं संतुष्टि प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन गुरूवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित डीओआईटी वीसी रूम में हुआ। इसमें जिला कलक्टर लोक बन्धु ने 85 प्रार्थियों के अभाव अभियोग सुने। जन सुनवाई में सड़कों की मरम्मत, खातेदारी भूमि से अतिक्रमण हटाने, आम रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराने, पाइपलाइन डालने से क्षतिग्रस्त हुई सड़क की मरम्मत कराने, बांदरसिंदरी बस स्टैंड के समीप रोड़ की चौड़ाई बढ़ाने, राशन की केवाईसी, राशन में परिवार के सदस्यों का विवरण अपडेट करने, पेयजल की पाइपलाइन, चरागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने, ग्राम लीडी में पेयजल आपूर्ति समय पर कराने, अवैध पट्टा निरस्त कराने, किशनगढ़ के न्यू हाउसिंग बोर्ड एक्सटेंशन क्षेत्र में नालियों की सफाई कराने, पत्थरगढ़ी कराने, रास्ता खुलवाने, पेंशन, जनआधार अपडेट कराने, वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत कराने, नाले एवं नालियों की सफाई के सम्बन्ध में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। जनसुनवाई की राज्य स्तर से वीसी के माध्यम से मॉनिटरिंग की गई। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने कहा कि सरकार द्वारा जनसुनवाई के लिए त्रिस्तरीय व्यवस्था लागू की गई है। इसके अन्तर्गत माह के प्रथम गुरूवार को ग्राम पंचायत, द्वितीय गुरूवार को उपखण्ड तथा तृतीय गुरूवार को जिला स्तर पर जनसुनवाई होती है। जून माह के तृतीय गुरूवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई। अजमेर जिले की जनसुनवाई कलेक्ट्रेट स्थित डीओआईटी वीसी रूम में हुई। इसमें 85 प्रकरण प्राप्त हुए। इन प्रकरणों को निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभागों को अग्रेसित किया गया। उन्होंने जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों में की गई कार्यवाही के सम्बन्ध में साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अवगत कराने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीपी ग्राम एवं संपर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और 6 माह से अधिक लंबित मामले शीघ्र निपटाया जाए। इससे एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार आएगा। जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में 10 प्रकरणों की सुनवाई की गई। सतर्कता समिति में विचार विमर्श किए गए प्रकरणों में नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में एक प्रकरण का निस्तारण कर आमजन का राहत प्रदान की गई। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त श्रीमती दीप्ति शर्मा, अजमेर विकास प्राधिकरण आयुक्त श्रीमती नित्या के., नगर निगम आयुक्त देशल दान, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राम प्रकाश, अतिरिक्त जिला कलक्टर गजेंद्र सिंह राठौड़ एवं ज्योति ककवानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. दीपक कुमार, उपखंड अधिकारी गरिमा नरूला सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## साइबर क्राइम पुलिस की संयुक्त टीमों की कार्रवाई दूसरे दिन व रात तक जारी रही



**ब्यावर, ( हुक्मनामा समाचार )।** उत्तर प्रदेश आयकर विभाग और साइबर क्राइम पुलिस की संयुक्त टीमों की कार्रवाई दूसरे दिन भी रात तक जारी रही। जहां जांच का दायरा तीन घरों से सिमटकर एक घर तक ही केंद्रित हो गया। टीम में शामिल अधिकारियों ने संबंधित के बयान दर्ज करने के साथ ही आस-पास रहने वाले पड़ोसियों को दो-दो गवाह के रूप में शामिल किया। बताते हैं कि इस जांच के आधार पर ही दूसरे दिन मुंबई में भी बड़ी कार्रवाई करते हुए इसके मास्टर माइंड या उसके गुर्गे को पकड़ने की चर्चा है। मालूम हो कि मंगलवार तड़के एक साथ जटिया कॉलोनी में तीन घरों में छापेमारी शुरू हुई। मामला करोड़ों के सीएसआर (कॉरपोरेट सोश्यल रेस्पोंसिबिलिटी) फंड से जुड़ा है।

## वित्तीय समावेशन योजनाओं के संबंधित अभियान के शिविर होंगे आयोजित

**अजमेर।** जिले में वित्तीय समावेशन से संबंधित योजनाओं से संबंधित अभियान आगामी 30 सितम्बर तक संचालित होंगे। इसमें ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित कर जन-धन खातों, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से लाभांवित किया जाएगा। अग्रणी जिला प्रबंधक संजय कुमार सिंह ने बताया कि शिविरों में प्रधानमंत्री जन-धन योजना के पुराने खातों की केवाईसी करने के साथ ही नए जन-धन खाते हाल ही में व्यस्क हुए व्यक्तियों के खोले जाएंगे। शुक्रवार, 22 अगस्त को अजमेर ग्रामीण की रसूलपुरा, अरांई की मनोहरपुरा, किशनगढ़ की रूपनगढ़, केकड़ी की खवास में शिविर आयोजित होंगे।

## भगवान झूलेलाल लाल के 26 वे वंशज ठकुर मनीष लाल साई 26 को अजमेर जिले में आयेंगे

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** भगवान झूलेलाल सांई के 26 वें वंशज ठकुर मनीष लाल साईं का 26 अगस्त को अजमेर जिले में आगमन और विभिन्न शहरो में निरन्तर कार्यक्रमो और झूलेलाल साहिब के चालीहा महोत्सव के समापन्न के अवसर पर सिंधु सेवा समिति के तत्वधान मे चालीहा महोत्सव के समापन कार्यक्रम भगवान झूलेलाल के वंशज मनीष लाल साईं 26 अगस्त मंगलवार को बाला जी की बगीची प्रांगण मे उनका पधारपण और दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा ।जहा चालिहो महोत्सव मे झूलेलाल साहिब के बहराने का आयोजन भी किया जायेगा। आम संगत के लिए भंडारा सेवा एवं अन्य आयोजन किये जायेंगे।



सिंधु सेवा समिति के पदाधिकारियो के तत्वावधान में विभिन्न कमेटीयो का गठन करके उनको जिम्मेदारिया प्रदान की गई है। चालिहो महोत्सव समापन के दौरान ठकुर मनीष लाल जी साईं आयगे यह समस्त श्रद्धालुओ के लिए प्रसन्नता का अवसर है ।गिरधारी अमरवानी ने जानकारी प्रदान करते हुए पूज्य सिन्धी पंचायत अजमेर के महासचिव रमेश लालवानी को सोशल मीडिया के माध्यम से बताया कि अजमेर जिले के वासिया के लिए यह परम सौभाग्य का अवसर है कि उनके दर्शन करने का और उनके प्रवचन सुनने का अवसर मिल रहा है ।उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष उनका आगमन होता है,सिंधी समाज मे उनके आने से उत्साह का माहौल है ।दिनांक 26अगस्त मंगलवार समय साय 6 बजे मनीष लाल साईं का स्वागत आतिशबाजी पुष्पवर्षा कर सिंधी समाज द्वारा स्वागत किया जायेगा मनीष लाल साई जी द्वारा लाल साईं की ज्योत प्रज्जवलित की जायेगी और अखो आराधनी की जायेगी ।साय 6.15 घनश्याम भगत द्वारा बहराने की सवारी रात्रि 8.30 महाआरती अरदास पल्लव मनीष लाल जी साई द्वारा रात्रि 8.30 से 10 तक प्रसाद सेवा (भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

## लापता बालिका के परिजनो ने पुलिस पर लगाया दुर्व्यवहार का आरोप

### बालिका की तलाश में तेजी लाने और साकेत नगर थानाधिकारी का ट्रांसफर करने की मांग

**ब्यावर, ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर के साकेत नगर थाना क्षेत्र से एक नाबालिग बालिका दो माह से लापता है। परिजनों ने साकेत नगर थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट नंबर 248/2025 दर्ज करवाई थी। पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने पर लोकाशाह जैन नवयुवक मंडल, ओसवाल जैन संघ संस्थान और आम आदमी पार्टी ने जिला कलेक्टर को अलग-अलग ज्ञापन सौंपे हैं। संगठनों ने बालिका की तलाश में तेजी लाने और साकेत नगर थानाधिकारी का ट्रांसफर करने की मांग की है। एडवोकेट महेन्द्र बोहरा ने थानों में परिवादियों के साथ किए जाने वाले दुर्व्यवहार का मुद्दा उठाया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि बालिका को जल्द नहीं ढूंढा गया तो जैन समाज आंदोलन करेगा। परिजनों का आरोप है कि पुलिस को सभी



जानकारी होने के बावजूद बच्ची की तलाश में कोई गंभीर प्रयास नहीं किए गए हैं। यह पुलिस की लापरवाही का स्पष्ट उदाहरण है। इस दौरान आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण सहित लोकाशाह जैन नवयुवक मंडल, ओसवाल जैन संघ संस्थान के पदाधिकारी आदि मौजुद रहें। इसके पश्चात दोपहर 4 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय जाकर शिष्टमण्डल ने मुलाकात की जिस पर पुलिस अधीक्षक ने जल्द की बच्ची को ढुंढ लाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के एडवोकेट नीलेश बुरड़, खींयाराम सिंगारिया, शौकीन काठात, शंकर प्रजापति, राधावल्लभ माहेश्वरी, कन्हैयालाल खत्री, बाबूलाल सैन, कैलाश सामरिया, लीलाधर दाधीच, नारायण जनागल, धमेन्द्र कुमावत, एडवोकेट बाबूलाल भाटी, धीरज जैन, राजूसिंह, एडवोकेट महेश बारूपाल सहित सैकडौ कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## रामदेवरा श्रद्धालुओं के वाहनों व बैगों पर रेडियम पट्टी लगाई

**ब्यावर।** ब्यावर शहर में तैनात ट्रैफिक पुलिस मंगलसिंह, सुरेन्द्रसिंह सहित अन्य जवानो ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए एक अनूठी पहल शुरू की है। वे रामदेवरा जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों और बैगों पर रेडियम पट्टी लगा रहे हैं। मंगलसिंह अपनी नियमित ट्रैफिक ड्यूटी के साथ-साथ यह सेवा कार्य कर रहे हैं। उनका मानना है कि रात में वाहन चालकों को दूर से स्पष्ट दिखाई नहीं देता। रेडियम पट्टी की चमक से श्रद्धालु और उनके वाहन दूर से ही दिखाई दे जाते हैं। इससे सडक़ दुर्घटनाओं का खतरा कम हो जाता है। श्रद्धालुओं ने इस पहल की सराहना की है। उनका कहना है कि यह कार्य उनकी सुरक्षा के लिए बहुत उपयोगी है। ब्यावर शहर में तैनात ट्रैफिक पुलिस के जवानो की इस सेवा भावना ने उन्हें लोगों की प्रशंसा और दुआएं दिलाई हैं।

### राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

## शिक्षकों ने सीखा व्यावहारिक अभ्यास से दक्षता वृद्धि एनसीईआरटी कार्यशाला का चौथा दिन

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में जारी एनसीईआरटी कार्यशाला के तहत गुरूवार को शिक्षकों ने व्यावहारिक अभ्यास से दक्षता वृद्धि की तकनीकों की सीख ली। उन्होंने संतुलित प्रश्न-पत्र निर्माण की बारीकियों के बारे में भी जाना। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत आयोजित कार्यशाला के चौथे दिन संतुलित प्रश्न पत्र निर्माण की बारीकियां तथा व्यावहारिक अभ्यास द्वारा शिक्षकों की दक्षता में वृद्धि के बारे में जानकारी दी गई। प्रथम सत्र में परख के विशेषज्ञों ने संतुलित प्रश्न पत्र निर्माण की आधारशिला पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इसमें प्रश्न पत्र निर्माण की प्रक्रिया, मूल्यांकन की रूपरेखा, ब्लूप्रिंट तैयार करना, प्रश्नों का चयन, संयोजन, अंक निर्धारण योजना तथा प्रश्न पत्र के विश्लेषण एवं मॉडरेशन की प्रक्रिया सम्मिलित रही। द्वितीय सत्र में सहभागियों ने हाथों-हाथ गतिविधि के माध्यम से आकलन डिज़ाइन निर्माण की व्यावहारिक समझ विकसित की। विशेषज्ञों ने बताया कि किस प्रकार विभिन्न स्तरों के प्रश्नों को संतुलित ढंग से सम्मिलित किया जाए ताकि मूल्यांकन में सभी अधिगम लक्ष्यों को समाहित कर सके। तीसरे सत्र में शिक्षकों को संतुलित प्रश्न पत्र के ब्लूप्रिंट निर्माण की प्रक्रिया पर गहन अभ्यास कराया गया। उन्होंने विषयानुसार ब्लूप्रिंट तैयार किया और प्रश्न पत्र के समुचित ढांचे को समझा। अंतिम सत्र में प्रतिभागियों ने उच्च गुणवत्ता वाले प्रश्नों का निर्माण किया।

## जन सुनवाई में 67 प्रकरणों पर तत्काल संज्ञान कलेक्टर ने दिए त्वरित समाधान के निर्देश



**ब्यावर, ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं सतर्कता समिति की बैठक में आमजन की 67 शिकायतें सुनी गईं, जिन पर जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ई-गवर्नेंस पर विशेष ध्यान दिया गया तथा राजकीय योजनाओं के प्रभावी नियोजन पर विस्तृत चर्चा हुई। परिवादियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न समस्याओं—मुआवजा, विद्युत कनेक्शन, पानी की आपूर्ति, अतिक्रमण सीमांकन, हाई एक्सटेंशन लाइन, भरण-पोषण भत्ता, बीमा आदि—पर प्रशासन ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर मीना ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिवादियों की आवश्यकताओं को संवेदनशीलता से लेते हुए उचित मार्गदर्शन किया जाए। साथ ही स्पष्ट किया कि विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन विषयों का समाधान न्यायालय आदेशानुसार ही किया जाएगा। मीना ने यह भी निर्देश दिए कि समस्त माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण अनिवार्य रूप से किया जाए।

## अजमेर में 24 अगस्त को होगा श्वेत क्रांति सहकार महाकुंभ : रामचंद्र चौधरी ने सरकार पर बोला हमला

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** अजमेर डेयरी अध्यक्ष एवं अजमेर लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राज्य सरकार की नीतियों को आड़े हाथों लेते हुए घोषणा की कि आगामी 24 अगस्त 2025 को अजमेर में विशाल श्वेत क्रांति सहकार महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों, पशुपालकों, विद्यार्थियों और सहकारी समितियों से जुड़े सवालों को लेकर यह महासभा एकजुटता का ऐतिहासिक मंच बनेगी। चौधरी ने स्पष्ट किया कि वर्तमान सरकार किसानों और सहकारिता क्षेत्र की समस्याओं के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील है और इसी कारण यह महासभा चेतावनी का कार्य करेगी। चौधरी ने बताया कि कच्छावा गार्डन, पशु आहार केंद्र, तबीजी में दोपहर



सवा बारह बजे से होने वाले इस महाकुंभ में प्रदेशभर से किसान, दुग्ध उत्पादक और सहकारी क्षेत्र से जुड़े कार्यकर्ता भारी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, राजस्थान प्रभारी सुखदेव सिंह रंधावा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, अलका लांबा सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह सभा न केवल किसानों और विद्यार्थियों की आवाज बनेगी, बल्कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एक ऐतिहासिक आंदोलन की शुरुआत भी करेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व विधायक डॉ श्रीगोपाल बाहेती, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन और नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सुद्रोपदी कोली भी मौजूद रहीं और दोनों नेताओं ने इस महासभा को सफल बनाने के लिए संकल्प व्यक्त किया। रामचंद्र चौधरी ने दुग्ध उत्पादन के संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्थान कभी देश का अग्रणी दुग्ध उत्पादक राज्य रहा है। वर्ष 2022-23 में यह पूरे देश में पहले स्थान पर था, लेकिन आज सरकार की नीतियों ने इसे पीछे धकेल दिया है। भुगतान में देरी, राहत योजनाओं के अभाव और चारे की किल्लत के कारण पशुपालक गहरी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। अजमेर सहकार डेयरी का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि जहाँ कभी उत्पादन ऊँचाई पर था, वहीं आज घटकर केवल एक लाख लीटर प्रतिदिन पर सिमट गया है। यह स्थिति न केवल पशुपालकों के जीवनयापन को संकट में डाल रही है बल्कि पूरे सहकारिता तंत्र की नींव हिला रही है।

## गीता पढे, जीवन को सार्थक बनाएं : देवनानी



**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि गीता पढें और निराशा व कुण्ठा को समाप्त कर जीवन को सार्थक बनाएं। उन्होंने कहा कि रामायण व गीता जीवन जीने के लिए कर्म प्रधान ग्रंथ है। देवनानी ने अभिभावकों का आव्हान किया कि वे इन दोनों ग्रंथों को घर में रखें। अपने बच्चों को इनका अध्ययन कराएं। इससे निराशा व कुण्डा समाप्त होगी और जीवन जीने की प्रेरणा मिलेगी। देवनानी गुरूवार को यहां कॉन्स्टिटयूशन क्लब ऑफ राजस्थान में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानान्द के दिव्य गीता सत्संग समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। देवनानी ने स्वामी ज्ञानान्द का शॉल ओढाकर अभिवादन किया। समारोह में आनन्द पोद्धार ने देवनानी का पुष्प गुच्छ भेंट कर और शॉल ओढाकर अभिनन्दन किया। देवनानी ने कहा कि सनातन संस्कृति का वातावरण राष्ट्र को अनुकूल बना रहा है। राष्ट्र नेतृत्व भारत को सनातन संस्कृति के साथ प्रगति की ओर बढा रहा है। भारत शीघ्र ही विश्व गुरू बन जाएगा। देवनानी ने बताया कि उन्होंने अपने शिक्षा मंत्री के कार्यकाल में विद्यालयों में गीता ग्रंथ भिजवाये थे। देवनानी ने नैतिकता की शिक्षा की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए कहा कि नैतिक शिक्षा के लिए गीता अध्ययन जरूरी है। इस अवसर पर जसवीर सिंह, योगी मनीष, हेमन्त सेठीया सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## विधानसभा अध्यक्ष देवनानी से मुख्यमंत्री शर्मा की मुलाकात

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से गुरुवार को यहां सिविल लाइन स्थित उनके राजकीय निवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुलाकात की। देवनानी और शर्मा की यह मुलाकात लगभग 1 घंटे 10 मिनट की रही। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोलहवीं विधानसभा के चतुर्थ सत्र से संबंधित विभिन्न विधायी कार्यों और राज्य से संबंधित विकास योजनाओं के बारे में चर्चा की। यह मुलाकात सत्र से पहले परंपरा अनुसार शिष्टाचार भेंट थी। मुख्यमंत्री शर्मा ने देवनानी को दुपट्टा पहनाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिवादन किया। देवनानी ने भी मुख्यमंत्री शर्मा का दुपट्टा पहनाकर, पुष्प गुच्छ और भारत के चक्रवर्ती सम्राट पुस्तक भेंट कर अभिनन्दन किया। देवनानी ने शर्मा को अयोध्या के राम मंदिर का प्रसाद भी ग्रहण कराया।

## हरा भरा अजमेर : कांग्रेसियों ने किया पाच सो पौधों का वितरण

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य एवं अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी महेंद्र सिंह रलावता ने कहा कि स्वस्थ मानव जीवन के लिए हर व्यक्ति को अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए एवं उसकी देखभाल करनी चाहिए । कांग्रेसी नेता रलावता ने आज कांग्रेस ओबीसी विभाग द्वारा हरा-भरा अजमेर मुहिम के अंतर्गत पौधा वितरण कार्यक्रम में औपचारिक बातचीत कर रहे थे । उन्होंने कहा कि बिगड़ते पर्यावरण संतुलन एवं प्रदूषण की रोकथाम के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के सयोजक राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के प्रदेश महासचिव मामराज सेन एवं शहर जिला अध्यक्ष सतीश वर्मा बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी महेंद्र सिंह सलावता के नेतृत्व में हरा भरा अजमेर कार्यक्रम के अंतर्गत आज आमजन को 500 छायादार एवं फलदार पौधों का वितरण किया गया। कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने वृक्षारोपण कर पेड़ की देखभाल की जिम्मेदारी ली । इस अवसर पर टीम महेंद्र सिंह रलावता द्वारा अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव शिवकुमार बंसल के जन्मदिन के अवसर पर 51 किलो की माला पहना कर एवं केक काटकर अभिनंदन किया ! इस अवसर पर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव शिव कुमार बंसल महेश चौहान पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता नरेंद्र तुनवाल मनीष अग्रवाल शक्ति सिंह रलावता हिमांशु राजन भारद्वाज विकेश जैन भंवर कंवर विजय लक्ष्मी पारीक ज्योति शर्मा शंकर गुर्जर महेंद्र कटारिया मुकेश सिंह राठौड़ अहमद हुसैन ऋषि घारू योगेश जाटोलिया चंद्र प्रकाश शर्मा हेमेंद्र सिंह महू सूरज हरियाला दिलशाद खान पंकज बेरवा विशाल टाटीवाल हेमराज सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## देवनानी ने 60वें त्रिदिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव पोस्टर का किया विमोचन

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को यहां विधानसभा में 60वें त्रिदिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया। यह महोत्सव अनंत चिंता हरण गणेश मंदिर, गणेश कॉलोनी, शिवाड़ एरिया, आमेर रोड, जयपुर में आयोजित होगा। कार्यक्रम संयोजक पंडित सौरभ शर्मा (अभिनव) ने विधानसभा अध्यक्ष देवनानी को महोत्सव में आमंत्रित करते हुए बताया कि यह आयोजन परंपरा, श्रद्धा और संस्कृति का संगम होगा। इस महोत्सव के तहत विविध आध्यात्मिक अनुष्ठान, भजन संध्या तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागी होंगे।

## राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय में कैप्शन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय के संस्कृति एवं मीडिया अध्ययन विभाग द्वारा विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर कैप्शन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद भालेराव के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य फोटोग्राफी की कला का सम्मान और विद्यार्थियों की रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देना था। कैप्शन लिखने हेतु प्रतिभागियों को जलवायु परिवर्तन, आर्थिक समानता, प्रकृति, जीवन इत्यादि विषयों पर एक-एक कर तस्वीरें दिखाई गईं जिस पर विद्यार्थियों ने हिंदी या अंग्रेज़ी में कैप्शन लिखा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्हें तस्वीरों के प्रति संवेदनशीलता और भाषाई रचनात्मकता को निखारने का अवसर प्राप्त हुआ । निर्णायक मंडल द्वारा सभी कैप्शन लेखों के मूल्यांकन के पश्चात् विजेताओं को प्रशस्तिपत्र एवं पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संस्कृति एवं मीडिया अध्ययन विभाग के अध्यक्ष प्रो. अमिताभ श्रीवास्तव ने कहा कि एक अच्छा कैप्शन केवल तस्वीर का पूरक ही नहीं बल्कि वह विचारोत्तेजक भी होना चाहिए । उन्होंने कहा कि विश्व फोटोग्राफी दिवस हमें याद दिलाता है कि तस्वीरें सिर्फ़ यादें नहीं, बल्कि इतिहास और भावनाओं को समझने का माध्यम भी हैं। इसके साथ ही उन्होंने फोटोग्राफी एवं फोटो पत्रकारिता में कैप्शन लेखन की कला पर विद्यार्थियों को उपयोगी जानकारी दी। कार्यक्रम में विभाग के प्राध्यापक डॉ. निकोलस लकड़ा, डॉ. नीरू प्रसाद और डॉ. प्रांत प्रतीक पटनायक एवं शोध छात्र उपस्थित रहे । इस प्रतियोगिता का संचालन विभाग के विद्यार्थी मोहित कुमार मौर्य, रोहित कुमार यादव और विदुषी द्वारा किया गया।

## राधाकृष्णन संघ भिनाय की बैठक सम्पन्न



**भिनाय (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन उपशाखा भिनाय की बैठक सम्पन्न हुई। उपशाखा मंत्री राधेश्याम जांगिड़ ने बताया कि बैठक में प्रदेशाध्यक्ष विजय सोनी ने शिक्षक समुदाय की ज्वलंत ओर तात्कालिक समस्याओं को सरकार के समक्ष पुरजोर तरीके से रखने की बात कहते हुए शीघ्र समाधान का विश्वास जताया। उन्होंने सरकार से एक बार पुनः शिक्षा विभागीय कार्यो में पारदर्शिता लाने और न्यायसंगत कार्यशैली के लिए शीघ्र स्थानांतरण पॉलिसी लागू करने की बात कही। जिलाध्यक्ष मदन सिंह रावत ने सरकार को घोषणा पत्र में उल्लेखित स्थानांतरण पॉलिसी की याद दिलाते हुए बिना स्थानांतरण पॉलिसी किये जाने वाले स्थानांतरणों का विरोध किया। बैठक को महेंद्र बुन्देल, अजय सिंह शेखावत ओर जिला मंत्री रघुवीर सिंह कच्छावा ने भी संबोधित किया।

उपशाखा अध्यक्ष ओम प्रकाश ओझा ने बताया कि बैठक में अमिताभ सनाढय, जीवन राम बैरवा, आबिद अली, भरत, शंकर पारीक, विजय सिंह रासलोत, भरत वीर दमामी, जिला संयोजिका मंजू झांकल, हेमेंद्र टेलर, केकड़ी जिलाध्यक्ष शिव प्रकाश पुरोहित, जिला मंत्री चंद्रप्रकाश सुराणा सहित सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में आगामी माह में आयोजित होने वाले जिला सम्मेलन की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए अधिक से अधिक संख्या में शिक्षको की सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही गयी।

## महिलाओं को स्वच्छता व एफएसटीपी के फायदों की दी जानकारी

**गंगापुर भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना आरयूआईडीपी की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई के जागरूकता कार्यक्रम के तहत परियोजना कार्यो की जानकारी मस्जिद मोहल्ला आगनबाडी केन्द के वार्ड नं 15 मे महिलाओ को साफ सफाई स्वछता का पुरा ध्यान रखने को बताया व स्वछता से हि जीवन स्वछ रहेगा, महिलाओ को बतया अपने घर की नालियों मे कचरा न भरा रहने देवे ओर घर के बाह साफ सफाई रखे साथ हि बताया की घर के बाहर से पेरो के गंदगी नही लगेगी ओर इंफेक्शन से बचा जा सकेगा, जिससे कई बड़ी बीमारियों से बचाव हो सके, साथ हि महिलाओं को बताया की घर मे जो खाना बनता है उसे कभी खुला न र रखे जिस्से मच्छर, मक्खी के बेक्टिरिया न लगे ओर बड़ी बीमारियों जैसे मलेरिया, डायरिया, नमुनिया, से बचाव हो जाये अतः मौसमी बीमारियों जो होती है उससे बचा जा सकेगा, समूह चर्चा कर महिलाओं को दी गयी। कार्यक्रम में सहायक सामाजिक विकास एवं जेंडर सपोर्ट रेखा खटीक ने उपस्थित महिलाओ को बताया कि आपके घरों के सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले मल जल को टैंकों में भरकर रायपुर रोड़ नेहरु नगर में बन रहे एफएसटीपी में ले जाया जाएगा, वहां इसको ट्रीट कर खाद बनाया जाएगा और खेती में उपयोग लिया जाएगा। इससे जो गंदगी होती थी उससे निजात मिलेगी व वातावरण स्वच्छ रहेगा इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वंदना जीनगर, सहायिका इंद्रा जीनगर, भारती,कंचन, रईसा बेगम, मोबीना बानू, का सहयोग रहा।

## मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम



**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान ने केसरपुरा, भांवता और डुमाडा गांवों में ग्रामीण महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में संस्था प्रतिनिधि चंदू गिरी ने एप्रन और फ्लिप चार्ट की मदद से मासिक धर्म से पहले होने वाले तनाव को कम करने हेतु प्राणायाम, अधिक या कम रक्तस्राव को नियंत्रित करने के लिए योगासन तथा स्वस्थ पीरियड के लिए संतुलित आहार लेने जैसी आवश्यक जानकारियां दीं। इस जागरूकता कार्यक्रम में 150 से अधिक महिलाएं व बालिकाएं शामिल हुईं। कोऑर्डिनेटर चंदू गिरी गोस्वामी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता, सुरक्षा और उचित प्रबंधन के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे घर, स्कूल और समुदाय में आत्मविश्वास से अपनी देखभाल कर सकें। इस अवसर पर संस्था की ओर से मंजू मेघवंशी, सुरभि कालोसिया और सुमन मेघवंशी ने विशेष योगदान दिया।

# आमजन की समस्याओ को प्राथमिकता से निपटाए अधिकारी व कर्मचारी- ज़िला कलक्टर




**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में जारी दिशा निर्देश के अनुसार अगस्त माह के तृतीय गुरुवार को ज़िला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में ज़िला कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान लगभग 100 प्रकरणों पर सुनवाई हुई। जनसुनवाई में प्रमुख रूप से अतिक्रमण, रास्ते के प्रकरण, पानी भराव की समस्या, गंदगी, जल निकासी, पानी का कनेक्शन, राशन कार्ड चालू करवाने, तथा पुलिस संबंधी प्रकरण प्राप्त हुए, जिनको जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर त्वरित तथा संतुष्टि पूर्ण समाधान के लिए निर्देशित किया। जिला कलक्टर संधू ने मौके पर मौजूद लोगो की समस्याओं एवं सार्वजनिक समस्याओ के प्रार्थना पत्रो पर संबंधित अधिकारी व कार्मिकों को निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा की समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होंने कहा की आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से निपटाने का कार्य किया जाये। अधिकारी व कर्मचारी किसी भी कार्य में खानापूर्ति ना करे। जनसुनवाई के दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत भी वीसी के माध्यम से विभिन्न जिलो में चल रही जनसुनवाई से जुड़े तथा सभी जिलो का कुशल सुशासन सुनिश्चित करने के लिए मार्गदर्शन किया। ज़िला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक आयोजित इसके पश्चात जिला जनअभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति की बैठक आयोजित हुई जिसमे 4 प्रकरणों पर सुनवाई की गई व प्रकरणों को अग्रिम कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को आदेशित किया गया। बैठक में लम्बित प्रकरणों को जल्द निस्तारित करने के निर्देश देते हुए जिला कलक्टर संधू ने कहा कि जनसुनवाई में आने वाले सभी प्रकरणों को निश्चित समयावधि में निस्तारित किया जाये। जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते लम्बित प्रकरणों के जल्द निस्तारण के लिये संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने सभी प्रकरणों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन को राहत दी जाये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र यादव, अतिरिक्त जिला कलक्टर ओपी मेहरा सहित विभिन्न विभाग अधिकारी व कार्मिक आदि मौजूद रहे।

## आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण हमारी प्राथमिकता- जिला कलक्टर

**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवम समाधान हेतु राज्य सरकार के त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत गुरुवार को जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र के वीसी कक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि बंद होने की समस्या पर नगर पालिका झालरापाटन क्षेत्र निवासी अफ़ज़ल खान के आधार कार्ड में आयु गलत दर्ज होने पर आधार में संशोधन करते हुए परिवादी की पेंशन पुनः शुरू करवाने के निर्देश पालिका अधिकारी को दिए। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटवाने, दिव्यांगता पेंशन शुरू करवाने, पिपलोदी गांव से बिसलाई तक सड़क निर्माण कार्य सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 25 प्रकरण प्राप्त हुए जिनमें से अधिकतम प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण करते हुए शेष प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

## श्वेताम्बर जैन मंदिर में पजुषण पर्व पर ओसाधर्म का अभिषेक



**धरियावद (हुक्मनामा समाचार)।** स्थानीय श्वेताम्बर जैन मंदिर परिसर में चल रहे पवित्र पजुषण पर्व के अवसर पर बुधवार को भगवान पार्श्वनाथ का ओसाधर्म अभिषेक किया गया। इस मौके पर समाजजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सुबह मंगल प्रभात फेरी के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात मंदिर प्रांगण में धार्मिक विधि-विधान के साथ भगवान का ओसाधर्म से अभिषेक कर आराधना की गई। भक्ति गीतों के साथ वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस दौरान जैन धर्माचार्यों ने पजुषण पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व आत्मशुद्धि, संयम और अहिंसा की साधना का पर्व है। समाज के वरिष्ठ जनों ने युवाओं को धर्ममार्ग पर चलने और अहिंसा, सत्य एवं तपस्या को जीवन में उतारने का संदेश दिया। अभिषेक उपरांत सामूहिक स्वाध्याय एवं आर्ति का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पजुषण पर्व आगामी दिनों में भी प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठानों, प्रवचनों और स्वाध्याय के साथ मनाया जा रहा है वही प्राप्त जानकारी अनुसार पूज्य जैनाचार्य अजित शेखर सूरीजी महाराज साहेब जी की प्रेरणा से पर्युषण महापर्व की आराधना कराने के लिए 3 अर्हम वीर पधारे हे। प्रवचन में उन्होंने पर्युषण महापर्व के कर्तव्यो को समझाया। वो पाँच कर्तव्य इस प्रकार है। 1. अट्ठम् तप 2. साधर्मिक भक्ति 3. क्षमापना 4. अमारि प्रवर्तन 5. चैत्य परिपाठी इसमें मुख्य क्षमापना जो की सभी जीवों से की जाती है किसी भी व्यक्ति को हमारे द्वारा पूरे वर्ष के दौरान बुरा लगा हो तो इस पर्युषण महापर्व में उनसे क्षमा मांगी जाती है। आजकल पूरे विश्व में लोग एक दूसरे को मिच्छामी दुक्कडम कह कर क्षमा मांग सकते जिसे एक दूसरे को माफ़ करना ही बड़ा कार्य हे जिसे मानव जीवन में अंहकार नही रखना चाहिए आपसी मिल्न से रहना चाहिए सहित की जानकारी भी दी गई इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष नेमीचन्द पामेचा मंत्री कन्हैयालालमेहता समाज सेवी प्रताप मेहता इंद्र मल गांधी सहित महिला मंडल बचे बचिया सहित के साथ अबतक बंटी भाई कोठारी पत्रकार सहित उपस्थित रहे और आनन्द पूर्वक कार्यक्रम को मनाया गया वही आज के धार्मिक कार्यक्रम भगवान पार्श्वनाथ जी के अभिषेक के पुरे कार्यक्रम का लाभ मेहता परीवार से कन्हैया लाल मेहता सज्जन लाल मेहता प्रताप मेहता बंटी मेहता राजेश मेहता मनीष मेहता हनी मेहता मेडिकल परिवार ने लिया।

## ऑनलाईन सुविधाओं के साथ-साथ साइबर खतरे भी बढ़ते जा रहे- प्राचार्य कमल गुर्जर



**कुचेरा (हुक्मनामा समाचार)।** कुचेरा जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय नागौर एवं राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय मेड़ता सिटी (कैम्प नागौर) में बुधवार को बैंकिंग फाइनेंस और साइबर सिक्योरिटी विषय पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। सेबी के प्रतिनिधि पियूष गहलोत ने विद्यार्थियों को बैंकिंग, वर्तमान समय में फाइनेंस, पैसों की बचत एवं निवेश संबंधी विशेष जानकारी दी तथा ऑनलाईन फ्रॉड से बचने के विभिन्न उपाय बताते हुए ऑनलाईन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध रोजगार के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी। गहलोत ने वर्तमान समय में साइबर सिक्योरिटी को समझकर भविष्य में होने वाले नुकसानों के प्रति कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। प्राचार्य कमल गुर्जर ने बताया कि वर्तमान समय में ऑनलाईन सुविधाओं के विस्तार साथ-साथ साइबर खतरे भी बढ़ते जा रहे है। ऐसे में सुविधाओं के उपयोग के साथ ऑनलाईन फोड की जानकारी एवं सावधानियां अपनाने की महत्ती आवश्यकता है। कार्यक्रम में मंच संचालन रवि सांगवा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रवक्ता पवन जाखड़, स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## 20 दिन के अंतराल से सप्लाई पर भड़के ग्रामीण, लामाना में रात्रि चौपाल में सुनी समस्याएं



**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** लामाना में बीती रात्रि पीसांगन उपखंड अधिकारी राजीव बडगूजर तथा अतिरिक्त विकास अधिकारी महेंद्र मालाकार की अगवाई में रात्रि चौपाल कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। आयोजित चौपाल कार्यक्रम में लामाना ग्राम पंचायत क्षेत्र में 20 दिन के अंतराल से पेयजल की सप्लाई से ग्रामीण आक्रोशित हो गए। उन्होंने 7 दिन के अंतराल से सप्लाई देने की मांग की। जिस पर जलदाय विभाग में शीघ्र व्यवस्था में सुधार का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने मौके पर ही पेयजल सप्लाई सुचारू नहीं किए जाने पर वाटर बॉक्स की तालाबंदी करने की चेतावनी दी। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने हाईवे के दोनों और सर्विस रोड बनाने, चिकित्सालय में एक और एएनएम लगाने की मांग की। जिस पर प्रस्ताव भिजवाने का निर्णय लिया। जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीणों ने लामाना अमरगढ़ के शेष उपभोक्ताओं को कनेक्शन देने तथा लाइन बिछाने के दौरान की गई खुदाई की मरम्मत किए जाने की मांग की। ग्रामीण ने यहां संचालित फैक्ट्री में कार्य की अवधि 12 घंटा के बजाय 8 घंटे करवाने की मांग रखी। चौपाल कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि पुखराज मंडरावलियां, सीआर गजेंद्र सिरोया, कनिष्ठ सहायक ममता सेन, वार्ड पंच तेजू राम, प्रताप सिंह, उप सरपंच बाबू सिंह, प्रधानाचार्य अंजू सरावता, गिरदावर गिरवर सिंह, पटवारी सुमन कंवर अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# लालसोट तहसील कार्यालय पर अधिवक्ताओं के उग्र समूह द्वारा किए गए हमले के संदर्भ में त्वरित एवं कठोर कारवाई की मांग



**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान राजस्व सेवा परिषद के द्वारा एक ज्ञापन लालसोट की घटना को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को सौपा है,जिसमे मांग कर बताया कि अधिवक्ताओं द्वारा 19 अगस्त को विधि विरुद्ध एकत्रित होकर तहसील कार्यालय भवन तहसील लालसोट में जबरन प्रवेश कर राजकाज में बाधा डालते हुए तहसीलदार लालसोट अमितेश मीणा एवं कार्यालय स्टाफ के साथ उनके चेम्बर में सामूहिक रूप से दुर्व्यवहार एवं मारपीट की घटना घटित की गई। इस दौरान उनके ऑफिस में मारपीट, धक्का-मुक्की, अनर्गल नारेबाज़ी एवं अभद्र भाषा का प्रयोग, मोबाइल छीनना, अशोभनीय व्यवहार, तोड़ फोड़, मेज पर रखे हुए सरकारी दस्तावेजों को खुर्द-बुर्द किया गया जो गंभीर दुराचरण और कानून की अवहेलना है। कार्यालय के विधिक प्राधिकार पर किंचित कथित सभ्य विधिवेत्ताओं की अनियंत्रित भीड़ द्वारा इस प्रकार सुनियोजित आक्रमण कर आतंक एवं दबाव का अनुचित प्रयास लोक कर्मचारी को अपने कर्तव्य निर्वहन में हतोत्साहित करता है।राज्य द्वारा अधिकारी को प्रदान किए जा रहे सुरक्षा उपायों पर भी प्रश्न-चिह्न लगाता है। राजस्थान पटवार कानूनगो संघ उक्त कृत्य की कड़े शब्दों में भरसक निंदा करते हैं।वर्तमान में फील्ड कार्यस्थल पर दुराचरण मारपीट की इस प्रकार की घटनाएं आम बात हो गई हैं परंतु अव ती राजकीय कार्यालय भी सुरक्षित नहीं है। तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट जैसे महत्वपूर्ण और आमजन तक सरकारी योजनाओं की सर्वसुलभता के लिए काम करने वाले पद के साथ राजकाज के दौरान होने वाले ऐसे मामले कहीं न कहीं लोक सेवक की सुरक्षा को लेकर सरकार की उपेक्षा की ओर ध्यान आकृष्ट करते हैं। ध्यान रहे तहसीलदार केवल राजस्व अधिकारी ही नहीं बल्कि कार्यपालक मजिस्ट्रेट भी होते हैं, जिन पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने, भारतीय नागरिक सुरक्षा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 126/135 आदि के आदेश पारित करने और जनसाधारण की शांति बनाए रखने का संवैधानिक दायित्व है। इस प्रकार तहसीलदार की भूमिका में न्यायिक एवं कार्यकारी दोनों प्रकार की शक्तियों निहित हैं, उन पर हमला लोकतंत्र की प्रशासनिक रीढ़ पर हमला है।इस क्रम में राजस्थान पटवार कानूनगो संघ की प्रमुख मांगे हैं कि इस प्रकरण में शामिल सभी नामजदों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए। एफआईआर दर्ज करने में 7 घंटे की देरी के लिए जिम्मेदार थानाधिकारी को तुरंत प्रभाव से ससपेंड किया जाये और अन्य दोषी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय जाँच व कार्यवाही की जाए।

# न्यूज विंडो

## शहर में कपड़ा चोरनी ने शहरवासियों की उड़ा रखी नींद, जगह जगह वारदात को दे रही अंजाम, सीसीटीवी में कैद



**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** चित्तौड़गढ़ शहर में कपड़ा चुराने वाली एक महिला ने सभी कि नींद उड़ा रखी है, लगातार कभी किसी के तो कभी किसी के घरों से कपड़े चोरी हो रहे, इससे शहरवासियों की नींद उड़ी हुई है, कही जगहों पर ऐसी वारदात को अंजाम देने वाली यह चोरनी अभी भी पुलिस गिरफ्त से दूर है। बता दे कि हाल ही में पंचवटी ओर नगरपालिका के बाद प्रतापनगर क्षेत्र में वार्ड 19 के पूर्व पार्षद के घर पर सुख रहे कपड़े चोरी की वारदात करने वाली महिला की एक ओर वीडियो सामने आई। सौरभ नागोरी ने बताया कि हमारे गली नम्बर 11 बापू नगर सेन्थी स्थित मकान पर वाइफ प्रिया नागौरी के कपड़े सुख रहे थे जिसको एक महिला स्कूटी लेकर आई और कपड़े चुराकर ले गई। महिला की गाड़ी पर आगे एक बच्चा बैठा दिखा दे रहा है, पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसमे गाड़ी नम्बर साफ दिखाई दे रहे हैं जो कि एक्टिवा भीलवाड़ा पार्सिंग है जिसके नम्बर ओर ऑनर के नाम के साथ थाने में रिपोर्ट दी है, ताकि पुलिस कार्यवाही करे और अन्य के साथ ऐसी वारदात ना हो। बहरहाल यह कपड़ा चोरनी अभी पुलिस गिरफ्त से दूर है और सभी कि नींदे उड़ा रखी है, आखिर इसके पीछे ओर कोन है या क्या इरादे है यह तो पुलिस के पकड़ने ओर जांच में ही सामने आएगा।

## ऑन लाईन कार्य के बहिष्कार को लेकर कृषि पर्यवेक्षकों ने उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** कृषि पर्यवेक्षक संयुक्त समन्वय समिति राजस्थान के आंदोलन नोटिस के संदर्भ में गुरुवार को निंबाहेड़ा के कृषि पर्यवेक्षकों ने ऑनलाइन कार्य का बहिष्कार हेतु उपखंड अधिकारी विकास पंचोली को ज्ञापन सौंपा। सहायक कृषि अधिकारी प्रियंका कटारा यह बताएं अनुसार ज्ञापन के मार्फत उपखंड अधिकारी पंचोली को अवगत कराया की सम्पूर्ण राजस्थान में 30 जून 2025 से राजस्थान के सभी कृषि पर्यवेक्षक, वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक व सहायक कृषि अधिकारी अपने मांग पत्र पर उचित कार्यवाही करवाने के लिए आंदोलनरत हैं। आंदोलन के पांचवे चरण में सभी प्रकार के ऑन लाईन कार्य का 18 अगस्त 2025 से बहिष्कार किया जा रहा है जिसके तहत फ़सल कटाई प्रयोग हेतु आयोजित ऑन लाईन प्रशिक्षण का भी बहिष्कार है।इस संदर्भ में 21 जुलाई 2025 को कृषि पर्यवेक्षक संयुक्त समन्वय समिति द्वारा जिला कलक्टर को भी ज्ञापन देकर अवगत करवाया जा चुका है। यदि विभाग द्वारा समय रहते मांग पत्र पर उचित कार्यवाही नहीं की जाती है तो कृषि विभाग के कार्मिकों को आंवटित समस्त फ़सल कटाई प्रयोग ऑन लाईन सम्पादित नहीं करके ऑफ लाईन ही सम्पादित किये जावेंगे। इस दौरान कृषि पर्यवेक्षक रमेंश चन्द्र जाट, रामचंद्र धाकड़, नवजीत मेघवाल, कमलेश नागर, सुनील धाकड़, लक्ष्मण योगी, धर्मेन्द्र मेघवाल आदि उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में आमजन के परिवादों का किया निस्तारण

**बारा (हुक्मनामा समाचार)।** जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरुवार को आयोजित हुई। डीओआईटी वीसी रूम में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में अतिक्रमण हटाने,रास्ता दिलाने, राजस्व रिकॉर्ड में शुद्धिकरण करने, सीमाज्ञान कराने,दर्ज शिकायतों की जांच कराने, फसल बीमा का क्लेम दिलाने एवं राजस्व कार्यों से जुड़े प्रकरणों सहित विभिन्न जनसमस्याओं से संबंधित परिवाद प्राप्त हुए, जिनकी सुनवाई कर अतिरिक्त जिला कलक्टर दिवांशु शर्मा ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंद व्यक्ति की समस्या का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता से करने एवं समस्याओं की तस्सली से सुनवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर दर्ज एवं निस्तारित प्रकरणों की समीक्षा की। निस्तारित प्रकरणों के समय और संतुष्टि प्रतिशत के बारे में जाना। जनसुनवाई के दौरान एडीएम ने कहा कि जिला स्तरीय जनसुनवाई में अधिकारी उनके विभाग के लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। इस दौरान विभिन्न उपखण्ड क्षेत्रों से अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े रहे। जिला मुख्यालय से एसीईओ हरीशचन्द मीणा, सीएमएचओ संजीव सक्सेना, रसद अधिकारी अनिल चौधरी, सहायक निदेशक दुर्गाशंकर मीणा, महिला अधिकारिता सहायक निदेशक सतीश परिहार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्रीन आतिशबाजी विक्रय अनुज्ञा पत्र के लिए करें 8 सितम्बर तक आवेदन

**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** दीपावली पर्व के अवसर पर ग्रीन आतिशबाजी विक्रय हेतु विस्फोटक नियम, 2008 एवं संशोधित नियम, 2019 के अनुसार अस्थायी आतिशबाजी अनुज्ञापत्र जारी किये जाने हेतु निर्धारित आवेदन पत्र एई-5 के प्रारूप में आमंत्रित किए गए हैं। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि इच्छुक आवेदक अस्थायी आतिशबाजी अनुज्ञापत्र हेतु फार्म ए ई-5 के प्रारूप में अंकित सभी विशिष्ठिया पूर्ण रूप से पूर्ति कर 8 सितम्ब 2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ यह दस्तावेज करें सलंग्न दो नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो। निवास संबधी प्रमाण हेतु आधार कार्ड की फोटो प्रति। सादा कागज पर स्वयं द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र जिसमे राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर आतिशबाजी के संबध में जारी दिशा निर्देशों की पालना किये जाने के संबध मे वचनबद्ध हो। आवेदक को ग्रीन आतिशबाजी के अस्थायी अनुज्ञापत्र हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**राजस्थान पुलिस का महिला सुरक्षा महाअभियान : सशक्तिकरण और जागरूकता की नई लहर**

# जयपुर पुलिस ने सीतापुरा और पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में आयोजित किए विशेष सत्र, सिखाए आत्मरक्षा के गुर



**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर पुलिस आयुक्तालय जयपुर और सीतापुरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में दो महत्वपूर्ण सत्रों का आयोजन किया। ये सत्र महिलाओं को आत्मरक्षा, डिजिटल सुरक्षा और कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक बनाने के लिए थे। जिनका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। दोनों कार्यक्रमों में भाग लेने वाली महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सीतापुरा इंडस्ट्रीज और पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में जागरूकता सत्र पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ की पहल पर प्रारंभ हुए सशक्त नारी, जिम्मेदारी हमारी अभियान में तत्वावधान में पहला सत्र बुधवार को अगस्तसीतापुरा इंडस्ट्रीज में आयोजित हुआ। इसमें विभिन्न कंपनियों की महिला कर्मचारियों और उद्यमियों ने हिस्सा लिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुनीता मीना ने महिलाओं को राज कॉप जैसे सुरक्षा ऐप्स के इस्तेमाल के बारे में विस्तार से बताया। प्रशिक्षकों ने आत्मरक्षा का लाइव प्रदर्शन कर यह सिखाया कि मुश्किल परिस्थितियों में खुद का बचाव कैसे करें। इस दौरान महिलाओं को सेफ्टी वॉरियर का बैज भी दिया गया और उन्हें सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इसी तरह राजस्थान पुलिस के निर्भया दस्ते ने पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में भी एक प्रभावी सत्र आयोजित किया। यूनिवर्सिटी की वूमेन विंग तथा स्टूडेंट काउंसलिंग के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुसुनीता मीना ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मविश्वास और जागरूकता ही महिला सशक्तिकरण की कुंजी है। आत्मरक्षा से डिजिटल सुरक्षा तक सत्र का मुख्य आकर्षण आत्मरक्षा तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन था, जहाँ निर्भया दस्ते के सदस्यों ने छात्राओं को वास्तविक जीवन में उपयोगी सुरक्षा रणनीतियाँ सिखाईं। सुमीना ने महिला सशक्तिकरण की महत्ता पर जोर देते हुए बताया कि आत्मनिर्भरता ही प्रगति का मार्ग है। उन्होंने डिजिटल युग की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए साइबर सुरक्षा पर भी गहन चर्चा की। उन्होंने छात्राओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने और अपने निजी डेटा को सुरक्षित रखने के महत्व के बारे में जागरूक किया। यह कार्यक्रम अत्यधिक संवादात्मक रहा, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सुमीणा और निर्भया दस्ते के सदस्यों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। मेजबान पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के फैकल्टी मेंबर्स ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के सत्र कैंपस में एक सुरक्षित और सहायक शिक्षण वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पूर्णिमा यूनिवर्सिटी की यह पहल न केवल शैक्षणिक रूप से मजबूत, बल्कि सामाजिक रूप से जिम्मेदार और सशक्त युवतियां तैयार करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है, जो आत्मविश्वास के साथ आधुनिक दुनिया की चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

## भरतपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई डमी अभ्यर्थी गिरफ्तार

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** भरतपुर पुलिस ने प्रीडीएलएड परीक्षा में एक बड़ी धांधली का पर्दाफाश करते हुए एक डमी अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद के निर्देश पर की गई, जिसके बाद आरोपी को धौलपुर से पकड़ा गया। एसपी दिगंत आनंद ने बताया कि यह घटना 1 जून 2025 को हुई थी। भरतपुर के रंजीत नगर में स्थित आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रही प्रीडीएलएड परीक्षा के दौरान पार्थ नामक मूल अभ्यर्थी के स्थान पर अनिल कुमार नामक एक डमी अभ्यर्थी परीक्षा देते हुए पाया गया। इस धांधली का पता चलने पर धौलपुर जिले के निहालगंज थाने में एक जीरो नंबरी एफआईआर दर्ज की गई, जिसे बाद में भरतपुर के कोतवाली थाने में ट्रांसफर कर दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतीश यादव के सुपरविजन में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने गहनता से जांच और पूछताछ की। आरोपी अनिल कुमार ने पूछताछ में कबूल किया कि उसने पार्थ पुत्र लखपत सिंह के स्थान पर परीक्षा दी थी। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अनिल कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी अनिल कुमार पुत्र बनवारी लाल (26) निवासी अतरौली धौलपुर को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मूल अभ्यर्थी पार्थ की तलाश अभी भी जारी है। पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों और इस तरह के फर्जीवाड़े में शामिल लोगों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। इस सफल ऑपरेशन को अंजाम देने वाली टीम में थानाधिकारी विनोद कुमार, कांस्टेबल विवेन्द्र सिंह, कांस्टेबल जगदी सिंह और कांस्टेबल प्रकाश चंद शामिल थे।

## भिवाड़ी पुलिस की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई, 50 लाख की स्मैक जब्त

**चौपानकी पुलिस ने दिल्ली के दो तस्करों को 259 ग्राम स्मैक के साथ दबोचा**

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** भिवाड़ी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अपनी सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस थाना चौपानकी और भिवाड़ी की डिस्ट्रिक्ट स्पेशल टीम (ष्ठस्ञ्ज) ने एक संयुक्त अभियान में दो तस्करों को 259 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में इस स्मैक की कीमत 50 लाख रुपये से ज़्यादा बताई जा रही है। एसपी प्रशांत किरण ने बताया कि पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चौपानकी थानाधिकारी नाथूलाल और डीएसटी प्रभारी सचिन शर्मा की टीम ने अजमेरी गेट पर नाकाबंदी की। रात करीब 8ः20 बजे, दिल्ली नंबर की एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों को रोका गया। पुलिस को देखकर घबराए युवकों ने भागने की कोशिश की, लेकिन सतर्क पुलिस टीम ने उन्हें धर दबोचा। तलाशी लेने पर, उनके पास से 259 ग्राम स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान दिल्ली के बुराड़ी निवासी कमल पुत्र ठाकुरचंद (23) और कुलदीप पुत्र ओमप्रकाश (20) के रूप में हुई है। पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ-साथ तस्करी में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी ज़ब्त कर ली है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस सफल अभियान को अंजाम देने वाली टीम में एसएचओ नाथूलाल, डीएसटी प्रभारी उप-निरीक्षक सचिन शर्मा, कांस्टेबल राजेंद्र प्रसाद, कांस्टेबल देवेंद्र कुमार, रामनरेश, चालक कांस्टेबल सुमेर सिंह (थाना चौपनकी) कांस्टेबल जसपाल, मान सिंह, गोपीचंद, वीरेंद्र कुमार और रजत (डीएसटी) शामिल थे। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक प्रशांत किरण के निर्देशों पर की गई।

## सिविल सेवा बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता हेतु ट्रायल का आयोजन

**चित्तौड़गढ़।** 10वीं राजस्थान राज्य अंतरजिला सिविल सेवा बास्केटबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता एवं 9वीं राजस्थान राज्य अंतरजिला सिविल सेवा वॉलीबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता वर्ष 2025-26 का आयोजन आगामी 13 से 15 सितम्बर, 2025 तक पाली जिले में प्रस्तावित है। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार चित्तौड़गढ़ जिले की टीम के गठन हेतु इच्छुक कार्मिक-खिलाड़ियों के लिए ट्रायल/चयन प्रतियोगिता का आयोजन 22 अगस्त, 2025 को सायं 4.30 बजे जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र, इंदिरा गांधी स्टेडियम, चित्तौड़गढ़ के खेल मैदान में किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक कार्मिक-खिलाड़ी निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

## चूरू पुलिस की बड़ी कार्रवाई : हार्डकोर अपराधी पहलवान गिरफ्तार

**सालासर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर समेत दो आरोपियों को दबोचा, मारपीट और रंगदारी के मामले में थे वांछित**

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** चूरू पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए हार्डकोर और हिस्ट्रीशीटर अपराधी बहादुर सिंह उर्फ पहलवान और उसके साथी भरत सिंह को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को सालासर थाने में दर्ज एक गंभीर मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया कि 17 अगस्त को सालासर थाने में हिस्ट्रीशीटर अरविंद सिंह उर्फ अरबी ने एक मामला दर्ज कराया था। पीड़ित के अनुसार 15 अगस्त की शाम को वह शोभासर स्थित एक शराब ठेके पर बैठा था, तभी एक स्विफ्ट गाड़ी में सवार होकर बहादुर सिंह उर्फ पहलवान और प्रदीप सिंह आए। उन्होंने अरविंद को जबरन गाड़ी में डाला। गाड़ी में पहले से ही मौजूद भरत सिंह ने अरविंद को पकड़ रखा था। आरोपियों ने अरविंद को सुनसान खेत में ले जाकर लाठियों से बेरहमी से पीटा। उन्होंने अरविंद से उसकी कमाई का आधा हिस्सा मांगा और उसकी जेब से ओप्पो कंपनी का मोबाइल और 15,000 छीन लिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार और वृताधिकारी दरजाराम बोस के सुपरविजन में एक टीम गठित की गई। इस टीम का नेतृत्व थानाधिकारी सत्यनारायण ने किया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वांछित अपराधी बहादुर सिंह उर्फ पहलवान पुत्र रणजीत सिंह (55) और उसके साथी भरत सिंह पुत्र पप्पू सिंह उर्फ अमर सिंह (21) निवासी खारिया कनीराम सालासर को गिरफ्तार कर लिया। एसपी यादव ने बताया कि हार्डकोर अपराधी बहादुर सिंह के खिलाफ राजस्थान के विभिन्न थानों में 31 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से कई मामले अभी भी कोर्ट में लंबित हैं। उसके साथी भरत सिंह के खिलाफ भी एक मामला दर्ज है। उच्च न्यायालय जोधपुर से जमानत पर चल रहा था और जमानत पर रहते हुए उसने इस अपराध को अंजाम दिया है। इस सफल ऑपरेशन को अंजाम देने वाली टीम में थानाधिकारी सत्यनारायण, हेड कांस्टेबल नीर कुमार और कांस्टेबल ओमप्रकाश, नरेंद्र, आनंद सिंह शामिल थे।

## स्वाध्याय आत्मदीपक है, मस्तिष्क का अमृत रसायन है : साध्वी उर्मिला



**भीलवाड़ा,( हुक्मनामा समाचार )।** पर्युषण महापर्व का दूसरा दिवस तेरापंथ नगर में स्वाध्याय दिवस के रूप में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। साध्वी उर्मिला कुमारी जी ने अपने मंगल प्रवचन में कहा जहां संघ होता है, वहां मर्यादा लक्ष्मण रेखा के समान अनिवार्य हो जाती है। मनुष्य का जीवन एक अनमोल निधि है।

सौ शास्त्र मिलकर भी एक मस्तिष्क का निर्माण नहीं कर सकते, किंतु एक सजग मस्तिष्क सौ शास्त्रों का सृजन कर सकता है। जिसने अपने मस्तिष्क का सार्थक सदुपयोग किया, वही आइंस्टीन बना, वही भिक्षु बना, वही आचार्य तुलसी बना। जिस संघ में,जिस परिवार में मर्यादा नहीं, वह न तो परिवार चल सकता है और न ही संघ चल सकता है संघ की आधार-शिला को सुदृढ़ करने हेतु मर्यादा और समर्पण की ध्वजा अनिवार्य है। साध्वी मृदुल यशा जी ने स्वाध्याय की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा—स्वाध्याय आत्मदीपक है। यह मस्तिष्क का अमृत-रस है। इससे मस्तिष्क को पोषण मिलता है और मन के विकार क्षीण होते हैं। साध्वी ऋतु यशा जी एवं साध्वी ज्ञान यशा जी ने भी अपने उद्बोधनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रेरणा का संचार किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला मंडल की बहनों के मधुर मंगलाचरण गीत से हुआ। रात्रिकालीन आयोजन में अभिनव अंताक्षरी का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न टीमों ने आध्यात्मिक गीतों के माध्यम से वातावरण को भक्तिरस में अभिषिक्त कर दिया। सभाध्यक्ष जसराज चोरड़िया ने सभी का स्वागत करते हुए समाज की आगामी योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत की। प्रकाश सुतरिया ने अपने विचार रखे। सभा मंत्री योगेश चंडालिया एवं महिला मंडल मंत्री सुमन लोढ़ा ने पर्युषण के दौरान होने वाले विविध कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में तेरापंथ समाज के श्रद्धालु उपस्थिति थे।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं सतर्कता समिति की बैठक

**उदयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** प्रदेश में सुशासन की परिकल्पना को साकार करने के लिए राज्य सरकार की ओर से प्रारंभ की गई त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत गुरूवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट मिनी सभागार में हुई। जनसुनवाई में संभागीय आयुक्त सुप्रज्ञा केवलरमानी भी शामिल हुई। वहीं मुख्य सचिव सुंधाश पंत भी वीसी के माध्यम से जुड़े और प्रकरणों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की समीक्षा की। त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत परिवादियों की सुविधा के लिए इस बार भी जनसुनवाई दो भागों में हुई। जिला कलक्टर स्वयं कलक्ट्रेट मिनी सभागार में मौजूद रहे। वहीं अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने डीओआईटी सभागार में जनसुनवाई की। अधिकारियों ने परिवेदनाओं को पूर्ण संवेदनशीलता के साथ सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के लिए निर्देशित किया। वीसी के माध्यम से जुड़े उपखण्ड अधिकारियों और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से भी संबंधित प्रकरणों की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT, CITY DIVISON I, NAL GODAM, AJMER**

NO.: EE/P.H.E.D./CITY-DN.1/AJMER/TA/2025-26/2144 DATED: 12/08/2025

**Notice Inviting Bid-33/2025-26**

Bids for Work of Shifting of Pipeline Due to Nala (Drain) Widening at Various Locations i.e. (Foysagar Road Near Main Road of Boraj Village, Opposite Aryabhatta College and Nala Opposite to T.B Hospital etc.,) Under City Division-1 Ajmer of Subject matter of procurement are invited from interested bidders upto 06:00 PM on 22.08.2025 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state website.

UBN-PHE2526WSOB05345 NIT NO. 33/2025-26

DIPR/C/11922/2025

(Sunil Kumar Bakliwal)
Executive Engineer
Public Health Engineering Department
City Division 1 Ajmer



**राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर**
**Rajasthan Public Service Commission, Ajmer**

Tel : 0145-2635200 E-mail : rpsc@rajasthan.gov.in

एफ.3( 38 ) स्टोर/नीलामी/रालोसेआ/10-11/16 दिनांक : 18.08.2025

**नीलामी सूचना**

आयोग कार्यालय में स्थित विविध अनुपयोगी सामग्री की खुली नीलामी दिनांक 03.09.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे से की जानी है। सामग्री का पुस्तक मूल्य लगभग राशि रू 3.64 लाख एवं न्यूनतम बिक्री मूल्य (आरंभिक बोली मूल्य) 40000 /- निर्धारित किया गया है। बोली लगाने से से पूर्व राशि 7300/-रू. नगद/ड्राफ्ट आयोग कार्यालय में जमा कराना आवश्यक है। सामग्री का अवलोकन आयोग कार्यालय में उपस्थित होकर नीलामी के समय या पूर्व में किया जा सकता है। सामग्री की बिक्री एकमुश्त की जायेगी। नियमानुसार जी.एस.टी. व आयकर सफल बोलीदाता द्वारा पृथक से स्वयं जमा करवाया जायेगा। अधिकतम बोली स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सचिव राजस्थान लोक सेवा आयोग का होगा। नीलामी की शर्तें आयोग की वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

DIPR/C/11890/2025

उप सचिव


## पीआईबी का क्षेत्रीय मीडिया सम्मेलन 'वार्तालाप' आज

**उदयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से उदयपुर में शुक्रवार को एक दिवसीय क्षेत्रीय मीडिया सम्मेलन वार्तालाप का आयोजन किया जाएगा। अपर महानिदेशक, पीआईबी, जयपुर श्रीमती ऋतु शुक्ला ने बताया कि कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत मीडियाकर्मियों के साथ संवाद स्थापित कर केंद्र और राज्य सरकार की विकास योजनाओं के प्रचार प्रसार और क्षेत्रीय मीडियाकर्मियों के बीच बेहतर समझ और समन्वय के उद्देश्य से सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी होंगे, जबकि उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा विशिष्ट अतिथि होंगे। उदयपुर के सविना स्थित जस्टा सत्व रिजॉर्ट में शुक्रवार सुबह 10 बजे से सम्मेलन शुरू होगा। मीडियाकर्मियों का पंजीकरण सुबह 9.30 बजे से प्रारंभ होगा।

## जलापूर्ति प्रभावित रहेगी

**उदयपुर।** शहरी जल योजना नगर उपखण्ड पंचम उदयपुर में गुरूवार को फतहसागर झील में लाईन लिकेज के मरम्मत कार्य होने से शुक्रवार को अम्बावगढ़ टंकी से होने वाली जलापूर्ति से अम्बामाता कच्ची बस्ती लोहा बाजार, चेतक, हाथीपोल, मधुबन, ट्रेंच कॉलोनी, हजारेश्वर कॉलोनी, अश्विनी बाजार आदि क्षेत्र प्रभावितहोंगे। यह जानकारी सहायक अभियंता राजसिंह मनात ने दी।

## डीजीपी ने जताया गर्व - जैसलमेर के कांस्टेबल खीम सिंह का साहस पुलिस बल के लिए मिसाल

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** महानिदेशक पुलिस राजस्थान राजीव शर्मा ने जैसलमेर पुलिस के कांस्टेबल खीम सिंह की बहादुरी की सराहना करते हुए कहा कि उनकी निस्वार्थ सेवा और अदम्य साहस पूरे पुलिस संगठन के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि खीम सिंह ने खतरे की परवाह किए बिना एक युवक की जान बचाई और स्वयं तेजाब से झुलसने के बावजूद हार नहीं मानी। युवक को अस्पताल पहुँचाकर उसका जीवन सुरक्षित करना उनकी कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय संवेदना का अनूठा उदाहरण है। डीजीपी शर्मा ने आगे कहा कि ऐसे जांबाज पुलिसकर्मी ही राजस्थान पुलिस की असली ताकत हैं, जिन पर संगठन और समाज गर्व करता है। गर्व हुआ, उन्होंने हार नहीं मानी राजीव कुमार शर्मा ने कांस्टेबल खीम सिंह के साहस की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिला पुलिस जैसलमेर के कांस्टेबल खीम सिंह की निस्वार्थ बहादुरी के बारे में जानकर गर्व हुआ। उन्होंने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए एक युवक की जान बचाई और उस दौरान वे भी तेजाब से झुलस गए। उन्होंने हार नहीं मानी तथा युवक को अस्पताल पहुँचाकर उसका जीवन सुरक्षित किया। यह घटना राजस्थान पुलिस के उस आदर्श को दर्शाती है, जहाँ हमारे पुलिसकर्मी न केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बल्कि आमजन की सुरक्षा के लिए भी हर चुनौती का सामना करने को तैयार रहते हैं।


**कार्यालय नगर परिषद, बून्दी (राज.)**

कुंभा स्टेडियम के पास, छत्रपुरा रोड बून्दी (राज0)

E-Mail-bundipalika@gmail.com PH-0747-2443903

क्रमांक:- 6352 दिनांक:- 20.08.2025

**-:: सार्वजनिक विज्ञप्ति ::-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती हसीना बानो पत्नी श्री अब्दुल गफ्फार के नाम नगर परिषद द्वारा कच्ची बस्ती नियमन के अन्तर्गत पट्टा संख्या 179 दिनांक 02.05.2002 वाके जवाहर कॉलोनी बून्दी स्थित मकान माप 205.68 वर्ग गज का जारी किया गया था, जो पंजीयन हो चुका है।

श्रीमती हसीना बानो पत्नी श्री अब्दुल गफ्फार द्वारा उक्त मकान माप 205. 68 वर्ग गज या 1851.12 वर्ग फीट को जयें रजिस्टर्ड विक्रय विलेख दिनांक 16.07.2025 से श्री रियाजुद्दीन पुत्र श्री नसरूद्दीन को विक्रय कर दिया गया है।

इसी आधार पर प्रार्थी श्री श्री रियाजुद्दीन पुत्र श्री नसरूद्दीन द्वारा ऑनलाईन आवेदन कर उपरोक्त पट्टशुदा मकान माप 205.68 वर्ग गज या 1851.12 वर्ग फीट परिषद रिकोर्ड में स्वयं के नाम, नाम परिवर्तन करवाने हेतु ऑनलाईन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है।

जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन पर कोई आपत्ति हो तो सार्वजनीक सूचना जारी होने के सात दिवस में अपनी आपत्ति लिखित रूप से नगर परिषद मे प्रस्तुत कर देवे अन्यथा बाद मियाद गुजरने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी तथा नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

सूचित हो

आयुक्त
नगर परिषद, बून्दी


## नि:शुल्क पंचकर्म शिविर में 152 रोगियों की जांच एवं उपचार

**उदयपुर।** वैद्य भवानी शंकर राजकीय आयुर्वेद औषधालय सुंदरवास, उदयपुर में सवाई रेखा मोगरा जनसेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में पंचकर्म चिकित्सा शिविर में आज तक 152 रोगियों ने नि:शुल्क पंचकर्म चिकित्सा का लाभ प्राप्त किया है। शिविर में वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. निर्मला गमेती और वरिष्ठ कम्पाउडर प्रदीप व्यास, पंचकर्म थेरेपिस्ट चन्द्रेश परमार, वंदना शक्तावत, पुष्पा चाष्टा नर्स चन्द्रकला आर्य जन सेवा ट्रस्टी सवाई रेखा मोगरा एवं का हेमन्त गोरखा ने अपनी सेवाएं दी ।

## जैसलमेर पुलिस का जाली नोटों पर दूसरा बड़ा प्रहार

**रामदेवरा पुलिस ने 500-500 के 84 जाली नोटों के साथ दो आरोपियों को दबोचा, विस्तृत जांच जारी**

**जयपुर,( हुक्मनामा समाचार )।** जैसलमेर पुलिस ने जाली मुद्रा के खिलाफ अपनी लगातार दूसरी बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस थाना रामदेवरा ने एक त्वरित अभियान चलाकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 500-500 रुपये के कुल 84 जाली नोट जब्त किए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे के निर्देश पर की गई। बुधवार 20 अगस्त को रामदेवरा थानाधिकारी महादेव गोदारा को सूचना मिली कि एक युवक फर्जी नोट चलाने की कोशिश में प्रसाद की दुकान पर खड़ा है। सूचना मिलते ही, वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। एसपी शिवहरे के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार और सीओ भवानी सिंह के सुपरविजन में एसएचओ को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। थानाधिकारी महादेव गोदारा ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँचकर आरोपी रामनिवास गोदारा पुत्र गोवर्धन राम(23) निवासी नापासर जिला बीकानेर को पकड़ा। उसके पास से 500 रुपये के दो जाली नोट बरामद हुए। पूछताछ के रामनिवास ने दूसरे आरोपी भजनाराम विश्नोई का नाम बताया। पुलिस ने तुरंत भजनाराम बिश्नोई पुत्र रामूराम (35) निवासी मतोड़ा जिला फलोदी को भी गिरफ्तार कर लिया, जिसके पास से 500 रुपये के 82 और जाली नोट मिले। पुलिस ने दोनों आरोपियों रामनिवास गोदारा और भजनाराम विश्नोई को गिरफ्तार कर 42000 के कुल 84 जाली नोट जप्त कर लिए है। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि यह जाली नोटों का नेटवर्क कहाँ तक फैला हुआ है। इस सफल अभियान को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में थानाधिकारी महादेव गोदारा, सहायक उपनिरीक्षक कमल सिंह, दईदान सिंह और कांस्टेबल सुभाष चंद्र, रामनारायण, जसाराम, भगवानदास, श्यामलाल, हनुमानाराम, भीमराव सिंह और हजार सिंह शामिल थे।


क्षेत्रीय कार्यालय

**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल**

LiFE Lifestyle for Environment

एसपीएल-2, पंचम चरण, रिको औद्योगिक क्षेत्र किशनगढ़ (अजमेर)

राप्रनिम/क्षेका किश/पीयूबी-431/ दिनांक :

**पर्यावरणीय स्वीकृति खनन परियोजना हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना**

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती संतोष शर्मा पत्नी श्री राजेन्द्र शर्मा, खनन पट्टा संख्या 72/2009 ग्राम भाम्भीपुरा द्वारा क्वार्टज एंड फैल्सपार खनिज खनन परियोजना मे उत्पादन क्षमता में विस्तार हेतु जिसका विस्तृत विवरण निम्न प्रकार से है:-

| क्र. सं. | प्रोजेक्ट का नाम | खनन पट्टा संख्या | क्षेत्रफल हैक्टेयर में | ग्राम | खनिज का नाम | उत्पादन क्षमता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती संतोष शर्मा पत्नी श्री राजेन्द्र शर्मा, खसरा संख्या 737 | 72/2009 | 4.50 | भाम्भीपुरा | क्वार्टज एंड फैल्सपार | 81,900 से बढ़ाकर 4,35,240 टीपीए |

कुल क्षेत्रफल 4.50 हैक्टेयर, कुल उत्पादन क्षमता 81,900 से बढ़ाकर 4,35,240 टीपीए, ग्राम भाम्भीपुरा, तहसील ब्यावर, जिला ब्यावर से संबन्धित प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक खनन परियोजना लोक सुनवाई हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहाँ तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) को प्रस्तुत किया गया है।

2. और चूंकि श्रीमती संतोष शर्मा पत्नी श्री राजेन्द्र शर्मा, खनन पट्टा संख्या 72/2009 ग्राम भाम्भीपुरा ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक खनन परियोजना की लोक सुनवाई हेतु मण्डल को आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस. ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 ओर एस.ओ. 141 ई दिनांक 15.01.2016 के अनुसार लोक सुनवाई हेतु आवश्यक है।

3. उक्त खनन परियोजना से सम्बन्धित EIA/EMP Report एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध है:-
   1. जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, ब्यावर।
   2. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
   3. सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मुल्यांकन समिति, राजस्थान, 04, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।
   4. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ़, जिला-अजमेर।
   5. तहसील कार्यालय-ब्यावर, जिला-ब्यावर ।
   6. ग्राम भाम्भीपुरा, ग्राम पंचायत सरवीणा, पंचायत समिति जवाजा, तहसील ब्यावर, जिला ब्यावर।

अतः सर्वसाधारण को कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, ब्यावर के पत्र क्रमांक कब्या/एफ. 8 (14)/सामान्य/2025/1640-1645 दिनांक 20.08.2025 के क्रम में इस आम सूचना के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई हेतु दिनांक 25/09/2025 को प्रातः 11:00 बजे, स्थान- ग्राम भाम्भीपुरा, ग्राम पंचायत सरवीणा, पंचायत समिति जवाजा, तहसील ब्यावर, जिला ब्यावर में उपस्थित होकर अपने लिखित/मौखिक आक्षेप / सुझाव प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में लिखित आक्षेप/सुझाव इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ़, जिला-अजमेर को भी दिये जा सकते है।

(निधि खण्डेलवाल)
वरिष्ठ पर्यावरणीय अभियंता एवं
क्षेत्रीय अधिकारी

## भारत विकास परिषद के तत्वावधान में गुरू वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** भारत विकास परिषद के तत्वावधान में स्थानीय कमला विद्यापीठ शिक्षण संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 'गुरुवंदन-छात्र अभिनंदन' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजेंद्र दाधीच रहे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सीबीईईओ मनोज कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीबीईईओ मनोज कुमार मिश्रा ने कहा कि भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रम शिक्षकों और बच्चों को समाज के प्रति अपने दायित्व का बोध करवाते हैं और उन्हें प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर क्षेत्रीय मंत्री विनोद सेन ने भारत विकास परिषद के संस्कार और सेवा के कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने परिषद द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सद्भाव के क्षेत्र में किए जा रहे व्यापक कार्यों की जानकारी दी। महावीर सिंह चौहान ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया और एक स्वस्थ एवं समृद्ध राष्ट्र के निर्माण के लिए उनसे नशा न करने की शपथ दिलाई। सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक इस संकल्प को दोहराया।विद्यालय के निदेशक सुशील गौड़ ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा के गौरवशाली इतिहास और उसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु का आशीर्वाद ही छात्र के जीवन में सफलता की कुंजी है।इस कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के शिव कुमार शर्मा, शंभू सिंह गौड़, भुवनेश शर्मा, कमल किशोर शर्मा, रामकिशोर सैनी, शंकर सैनी आदि उपस्थित रहे।

## आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण हमारी प्राथमिकता- जिला कलक्टर

**सलूंबर (हुक्मनामा समाचार)।** आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं समाधान हेतु राज्य सरकार के त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत गुरुवार को जिला कलक्टर अवधेश मीना की अध्यक्षता में जिला कलेक्टर परिसर स्थित वीसी कक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आने वाले परिवादियों की समस्याओं के निराकरण में प्राथमिकता के उद्देश्य के मद्देनजर जिला कलक्टर ने प्रत्येक परिवादी को आत्मीयता के साथ सुनते हुए उनकी समस्याओं का हर संभव रूप से निराकरण करने का आश्वासन दिया। विभिन्न विभागों से संबंधित 10 प्रकरण हुए प्राप्त जनसुनवाई में विवाह प्रमाण पत्र में संशोधन, वनाधिकार दावा पत्रावलियों के संबद्ध में, प्रधानमंत्री आवास की द्वितीय एवं तृतीय किस्त जारी करने के संबंध मे सहित अन्य परिवाद प्राप्त हुए। जिनमें से अधिकतम प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण करते हुए शेष प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अतिरिक्त जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित

**सलूंबर (हुक्मनामा समाचार)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वीकृत व प्रस्तावित शेष रहे कार्य जल्द पूरा करें । अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत बुधवार को जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में स्वीकृत व प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की । जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता प्रमोद कुमार ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को अवगत करवाया।अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शेष कार्य जल्द से जल्द कार्य पूरा करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने स्कूल, आंगनबाड़ी, ग्राम पंचायत व हेल्थ सेंटर में पेयजल की स्थिति, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के गठन,जिला कार्य योजना की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रगति व क्रियाशील घरेलू नल संबंधों (एफएचटीसी) की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## दो दिवसीय संस्था प्रधान वॉक पीठ का समापन

## 'हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान' अभियान का पोस्टर विमोचन



**शाहपुरा (हुक्मनामा समाचार)।** शाहपुरा उपखंड कार्यालय स्थित बेगू कोटड़ी रोड पर आयोजित 188 विद्यालयों के संस्था प्रधानों की दो दिवसीय वॉक पीठ शिविर का समापन गुरुवार को हुआ। जानकारी के अनुसार, शिविर का आयोजन प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के संस्था प्रधानों के सत्रारंभ के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रदेश महामंत्री महेंद्र लखारा थे। अध्यक्षता डॉ. शंकर लाल माली ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) रामेश्वर लाल बाल्दी, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) कैलाश सुथार तथा अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) जितेंद्र सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर 'हमारा विद्यालय - हमारा स्वभाव, हमारा स्वाभिमान' अभियान का पोस्टर विमोचन किया गया। साथ ही इस वर्ष सेवानिवृत्त होने वाले संस्था प्रधानों का सम्मान भी किया गया। अपने संबोधन में जिला शिक्षा अधिकारी रामेश्वर लाल बाल्दी ने संस्था प्रधानों से विद्यार्थियों में विद्यालय की स्वच्छता, भाईचारे, अनुशासन, राष्ट्र प्रेम, समाज-विद्यालय संबंध और अध्ययन-अध्यापन को उत्कृष्ट बनाने जैसे पांच संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सच्चिदानंद टेलर, सुनील कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष चंदा सुवालका, शंकर लाल जाट, राजेश मीणा, रामदेव गुर्जर, सूर्य प्रकाश शर्मा, रोहित धाकड़, कुलदीप सुवालका सहित अनेक शिक्षक व शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

## गिर्वा पंचायत समिति सभागार में जनसुनवाई आज

**उदयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पंचायत समिति गिर्वा के सभागार में शुक्रवार सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे तक उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। उपखण्ड अधिकारी अवुला सांईकृष्ण ने बताया कि जनसुनवाई में उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा भी उपस्थित रहेंगे। सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्धारित समय पर जनसुनवाई में उपस्थित रहते हुए आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया है।

# बफर जोन के जंगलों में दिखने लगा टाइगर रिजर्व का असर, अवैध शिकार व चराई पर अंकुश से बढ़ने लगे वन्यजीव



**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में बाघों का कुनबा बढ़ने के साथ ही कोर के साथ ही अब बफर जोन के जंगलों में भी बाघों के अनुकूल बनाने के कामों का असर दिखने लगा है। वन विभाग ने दो साल पहले इस क्षेत्र में जुलिफ्लोरा को हटाकर ग्रासलैंड विकसित करने का काम शुरू किया था। वन क्षेत्रों में मानवीय गतिविधियों को कम कर इन्हें वन्यजीवों के लिए अच्छे आश्रय स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। रिजर्व में वन्यजीवों से समृद्ध व जैवविविधता के लिहाज से महत्वपूर्ण दुर्गम कालदां वन क्षेत्र में कलदां माताजी के निकट 300 बीघा वन भूमि पर बिलायती बम्बूल हटाकर सिल्वी पाश्चर पद्धति से घास के मैदान व प्लांटेशन का काम हाथ में लिया था। दो साल बाद घास के मैदानों में घास तैयार हो गई है तथा शाकाहारी वन्यजीवों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। शीघ्र ही यहां नए ट्रेकिंग रूट बनाने व अन्य इलाकों में नए ग्रासलैंड विकसित करने की योजना है। वन विभाग की नियमित गश्त व जिला कलेक्टर द्वारा सम्पूर्ण टाइगर रिजर्व क्षेत्र में धारा 163 लगाने से इस वर्ष वन क्षेत्रों में पशुपालकों के प्रवेश व बाड़े बनाने पर रोक लगी है। जिससे यह इलाका बाघों के स्वागत के लिए तैयार होने लगा है। एक महीने पहले शॉफ्ट एनक्लोजर से खुले जंगल में छोड़ी गई युवा बाघिन आरवीटी 8 का रुख कलदां की तरफ है तथा यह कभी भी इन जंगलों में प्रवेश कर सकती है। जनशून्य व समृद्ध जैवविविधता वाले हैं कालदां के बियाबान जंगल रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के देवझर महादेव से भीमलत तक के बफर जोन में परम्परागत जलस्रोतों पर 12 माह पानी की उपलब्धता मूक प्रणियों के जीवन का आधार बने हुए हैं। करीब तीन सौ वर्ग किलोमीटर के इन दुर्गम पहाड़ी जंगलों में डेढ़ दर्जन से अधिक स्थानों पर भीषण गर्मी में भी कल-कल पानी बहता रहता है। साल भर दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में जल उपलब्धता के चलते मूक प्रणियों के लिए बूंदी के जंगल सदियों से प्रमुख आश्रय-स्थल बने हुए हैं। इनमें से कई प्राकृतिक जल-स्रोत तो पहाड़ी की चोटियों पर है जिनमें भीषण गर्मी में भी जल प्रवाह बना रहता हैं। जल उपलब्धता के कारण जिले में भालू, पेंथर सहित अन्य वन्यजीवों का कुनबा बढा है तथा इलाका फिर से बाघों से आबाद होने लगा है।

बाघों के आश्रयस्थल बनेंगे कालदां जंगल के जल-स्रोत जिले के सुदूर दुर्गम पहाड़ी इलाकों में गर्मियों में भी जल उपलब्धता वाले जल स्रोत जैव-विविधता के वाहक होने के साथ-साथ वन्यजीवों के प्रमुख आश्रयस्थली भी सिद्ध हुए हैं। इनमें पहाड़ी चोटी पर स्थित कालदां माताजी का स्थान प्रमुख है जहां भीषण अकाल में भी पानी का एक बड़ा दह भरा रहता हैं तथा प्राकृतिक रूप से यहां चट्टानों से पानी निकलता है। इसी कारण इसका नाम कालदह पड़ा जो अब कालदां वन खण्ड के रूप में जाना जाता है। इसी पहाड़ी पर उमरथुणा के निकट केकत्या महादेव, सथूर के निकट देवझर महादेव, आम्बा वाला नाला, डाटूंदा के पास दुर्वासा महादेव, पारा का देवनारायण, नारायणपुर के पास धूंधला महादेव, खीण्या-बसोली के पास आम्बारोह, भीमलत महादेव, नीम का खेड़ा के पास झरोली माताजी, खेरूणा के नीलकंठ महादेव आदि स्थान सदाबहार जलयुक्त होने के कारण सदियों से बाघों के पसंदीदा स्थान रहे है। इसी प्रकार भीलवाड़ा जिले के बांका वन खंड के सीता कुंड व भाला कुई जैसे महत्वपूर्ण स्थल ही वाले समय में टाइगर रिजर्व के बफर जोन में बाघों के प्रमुख आश्रय स्थल सिद्ध होंगे।

# जिला कलक्टर डॉ. खड़गावत की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला स्तरीय जनसुनवाई



**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरुवार को जिला कलक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में आयोजित हुई। जिला स्तरीय जनसुनवाई में अतिक्रमण हटाने, रास्ता दिलाने, राजस्व रिकॉर्ड में शुद्धिकरण करने, सीमाज्ञान कराने, दर्ज शिकायतों की जांच कराने, फसल बीमा का क्लेम दिलाने एवं राजस्व कार्यों से जुड़े प्रकरणों सहित विभिन्न जनसमस्याओं से संबंधित कुल 42 परिवाद प्राप्त हुए, जिनकी सुनवाई कर जिला कलक्टर डॉ खड़गावत ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जरूरतमंद व्यक्ति की समस्या का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता से करने एवं समस्याओं की तस्सली से सुनवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर दर्ज एवं निस्तारित प्रकरणों की समीक्षा की। निस्तारित प्रकरणों के समय और संतुष्टि प्रतिशत के बारे में जाना।जनसुनवाई के दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि जिला स्तरीय जनसुनवाई में अधिकारी उनके विभाग के लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान बुजुर्ग परिवादी को प्रदान की सुनने की मशीन गुरुवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बुजुर्ग परिवादी को सुनने की मशीन (हियरिंग ऐड) प्रदान की। जब खारिया निवासी और हाल में मौलासर में निवासरत भागीरथराम उनके जमीन के विवाद से जुड़े परिवाद को लेकर जनसुनवाई में पंहुचे, इस पर जिला कलक्टर डॉ खड़गावत ने बुजुर्ग भागीरथराम से उनके परिवाद के बारे में जानकारी लेने के लिए बात की तो बुजुर्ग परिवादी ने कम सुनने की बात बताई, इस पर जिला कलक्टर ने समाज कल्याण अधिकारी जयपाल सिंह को कहकर बुजुर्ग के लिए सुनने की मशीन मंगवाई और भागीरथराम को प्रदान की, इसके लिए बुजुर्ग परिवादी ने जिला कलक्टर सहित सम्पूर्ण प्रशासन को धन्यवाद दिया। इस दौरान जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर, अतिरिक्त जिला कलक्टर महेंद्र मीणा, नगर परिषद आयुक्त भगवान सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीसी के जरिये जुड़े।

## बाघिन आरवीटी 2508 का शहर के पास मोमेंट होने से लोगों में दहशत का माहौल



**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के आसपास में बीते कुछ दिन से बाघिन आरवीटी-2508 के मूवमेंट बना हुआ है।रामगढ विषधारी टाइगर रिजर्व क्षेत्र की सूरज छतरी पर बीती रात बाघिन देखी गई थी। आज सुबह बाघिन पहाड़ी से उतर कर पुराने नेशनल हाईवे स्थित वन विभाग के कार्यालय के आस पास नजर आई। बाघिन ने कुछ समय तक वन विभाग प्रांगण में ही विचरण किया। बाघिन का शहर के नजदीक मूवमेंट होने से लोगों दहशत का माहौल है। वही वन विभाग की टीम अलर्ट मोड़ पर है। इसके बाद उसने अपना रुख पुनः पहाडी की और करते हुए वन विभाग के पीछे वाली पहाडी की और कदम बढाए। बून्दी रेंजर सुमित ने बताया कि वन विभाग की टीम पूरी तरह बाघिन के मूवमेंट पर नजर बनाए हुए है। दिन रात अलग अलग टीमें सुरक्षा में जुटी हुई है। आज बाघिन का मूवमेंट उनके स्वयं के विभाग में रहा। बाघिन ने वन विभाग में भ्रमण कर अपना रुख पुनः पहाडी की और कर लिया। सुमित कन्नोजिया स्वयं अपनी टीम के साथ चुंगी नाका के पास स्थित वन विभाग के ऑफिस के बाहर मौजूद रहे और पल-पल बाघिन के हर मूवमेंट की जानकारी ले रहे थे। जब बाघिन वापस पहाडी की और रूख किया तो वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। सुमित कनौजिया ने शहर वासियों से अपील है की वह रात्रि के समय ऐसे क्षेत्र में नहीं जाए जिधर बाघ या बाघिन का मूवमेंट हो। वन्यजीवों के साथ-साथ आमजन की हिफाजत करना भी हमारी जिम्मेदारी है।

## मंत्रालयिक कर्मचारी संघ ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** डीडवाना जिला मुख्यालय पर जिला कलेक्टर कार्यालय में कार्यरत कार्मिकों के द्वारा काली पट्टी बांधकर विरोध जताया गया है,यह विरोध मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के द्वारा जताया गया है,लालसोट दोसा में हुई घटना को लेकर विरोध जताया गया है,कर्मचारियों ने बताया कि 19 अगस्त को विधि विरुद्ध एकत्रित होकर कुछ लोगों के द्वारा तहसील कार्यालय भवन तहसील लालसोठ दौसा मे जबरन प्रवेश कर राजकार्य में बाधा डालते हुए तहसीलदार लालसोट कार्यालय स्टाफ के साथ उनके चेम्बर में सामूहिक रूप से दुर्व्यवहार एवं मारपीट की घटना घटित हुई। इस दौरान उनके ऑफिस में मारपीट, धक्का-मुक्की, अनर्गल नारेबाजी एवं अभद्र भाषा का प्रयोग, मोबाइल छीनना, अशोभनीय व्यवहार, तोड़-फोड़, मेज पर रखे हुए सरकारी दस्तावेजों खुर्द-बुर्द किया गया।जिसके विरोध में मंत्रालयिक कर्मचारियों के द्वारा काली पट्टी बांधकर विरोध जताया गया है। मंत्रालयिक कर्मचारी रामकुवार ने बताया कि लालसोट में तहसीलदार एवं कर्मचारियों मंत्रालयिक कर्मचारी पटवारी सहित समस्त स्टाफ के साथ में जो घटना घटित की है, इसके विरोध में तहसीलदार सेवा परिषद ने कल कार्य बहिष्कार किया। उनके समर्थन में आज काली पट्टी बांधकर विरोध जताया है, यह मामला तहसीलदार सेवा संघ के साथ नहीं किसी भी अधिकारी कर्मचारी चाहे एक नगर पालिका का कर्मचारी हो या हाईलेवल का कर्मचारी हो, इस तरह की घटना घटित होती है वह अनुचित है, हम जनता के कार्य को नहीं रोक रहे हैं जनता के साथ में है, जनता कोई परिवाद लेकर आ रही है तो वह ले रहे हैं, सिर्फ विरोध प्रदर्शन किया है इस तरह की घटना और घटित ना हो, इसके लिए कठोर कानून बने आदमी आता है कोई परिवाद लेकर तो उसकी शिकायत संबंधित अधिकारी को करें, मारपीट करना अनुचित है।

## मंत्री सुमित गोदारा आज सलूंबर आएंगे

**सलूंबर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग व उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री सुमित गोदारा शुक्रवार शाम को सलूंबर आएंगे।

जारी कार्यक्रम के अनुसार मंत्री सुमित गोदारा 22 अगस्त को डूंगरपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के बाद सायं 4 बजे सलूंबर पहुंचेंगे तथा जिला कलेक्ट्रंट सभागार में जिले के खाद्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक लेंगे तथा बाद में शाम 5=15 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाग लेंगे तत्पश्चात शाम 5=30 बजे उदयपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# इनकम टेक्स विभाग बड़े पैमाने पर वित्तीय घोटाले का किया भंडा फोड़

## फर्जी खाते व दस्तावेजों के जरिये, शहर के उद्योगपति व राजनेता भी शामिल



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** इनकम टैक्स विभाग की कानपुर टीम ने भीलवाड़ा में एक बड़े पैमाने पर वित्तीय घोटाले का भंडाफोड़ किया है, जिसने पूरे देश में हड़कंप मचा दिया है। जांच में यह सामने आया कि कई फर्जी एनजीओ और चार्टर्ड अकाउंटेंटों की साठगांठ से अरबों रुपये की धोखाधड़ी की गई।, इस घोटाले में राजनीति से जुड़े लोग और गुजरात के हीरा व्यापारी भी सक्रिय पाए गए हैं। नेटवर्क बेहद संगठित था। शहर के उद्योगपति, व्यापारी और अन्य लोग राजनीतिक चंदे और एनजीओ के नाम पर धन जुटाते, 10-20 फीसदी राशि एनजीओ को देते और शेष राशि अलग-अलग तरीकों से वापस वसूलते थे।विशेषज्ञों का कहना है कि इस पूरे खेल का उद्देश्य साफ था- टैक्स चोरी और काले धन को सफेद करना। जांच में मिले दस्तावेजों से पता चला कि अरबों रुपये की धनराशि का प्रवाह कई नकली खातों और फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से किया गया। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड आयकर विभाग की टीम ने भीलवाड़ा में 15, ब्यावर में 2, कोटा, अजमेर, बिजयनगर, पाली और पुष्कर समेत देश के कोलकाता, महाराष्ट्र, सूरत समेत 45 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की जो दूसरे दिन भी जारी रही। दूसरे दिन भी सेशन कोर्ट के पास गुर्जर मोहल्ला निवासी प्रॉपर्टी डीलर व डायमंड व्यापारी महेश उर्फ मोनू त्रिवेदी के घर पर कार्रवाई चल रही है। जहां दबिश दी गई वहां केवल मोनू की मां मौजूद है। जांच टीम कई दस्तावेजों की तलाशी ले रही है। कांग्रेस प्रवक्ता दुर्गेश पानेरी के द्वारिका कॉलोनी स्थित मकान पर कार्रवाई की गई है। इस घोटाले का दायरा सिर्फ भीलवाड़ा तक सीमित नहीं रहा। जांच के दौरान यह पता चला कि गुजरात, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश तक इस नेटवर्क की पहुँच थी। कानपुर टीम के अधिकारी इसे उच्च स्तरीय वित्तीय अपराध मान रहे हैं। एनजीओ और चार्टर्ड अकाउंटेंट का गठजोड़ जांच में खुलासा हुआ कि कई फर्जी एनजीओ और चार्टर्ड अकाउंटेंट इस नेटवर्क के मास्टरमाइंड थे। भोले-भाले दिखने वाले ये चेहरे असल में अरबों रुपए की लेन-देन की धुरी थे। फर्जी खाते और दस्तावेज़ों के जरिए शहर के उद्योगपति और राजनेता भी इस खेल में सक्रिय थे।

कानपुर टीम ने दर्जनों फर्जी कार्यालयों की पहचान की, जिनमें से कई बंद और ताले लगे मिले। प्रारंभिक जांच में लगभग 400 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी सामने आई, लेकिन सूत्रों का कहना है कि वास्तविक राशि अरबों में हो सकती है। गुजरात के हीरा व्यापारी और हाई-प्रोफाइल नाम जांच से संकेत मिले हैं कि गुजरात के हीरा व्यापारी भी इस नेटवर्क का हिस्सा थे। एनजीओ और चार्टर्ड अकाउंटेंट के जरिए हाई-वैल्यू लेन-देन में अरबों रुपए का धन हस्तांतरित किया गया। इसके अलावा, वृंदावन, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल के कुछ बड़े नाम भी इस घोटाले में शामिल पाए जा सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह सिर्फ टैक्स चोरी नहीं, बल्कि उच्च स्तरीय वित्तीय अपराध की श्रेणी में आता है। फर्जी एनजीओ, चार्टर्ड अकाउंटेंट और व्यापारी मिलकर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी को वैध दिखाने का प्रयास कर रहे थे। राजनीति और समाजसेवा का पर्दाफाश जांच में यह भी सामने आया कि कुछ राजनीतिक और समाजसेवी संगठन भी इस खेल में शामिल थे। भोले-भाले चेहरों के पीछे बड़े घोटाले छिपे हुए थे। विभाग के दस्तावेज़ साफ़ तौर पर दिखाते हैं कि यह नेटवर्क सिर्फ भीलवाड़ा तक नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय था। इनकम टैक्स विभाग ने साफ किया है कि कोई भी वर्ग - व्यापारी, नेता या चार्टर्ड अकाउंटेंट - टैक्स नियमों से ऊपर नहीं है। जांच का दायरा बढ़ाया जा रहा है और जल्द ही बड़े नामों की पहचान संभव है।विशेषज्ञों का कहना है कि यह कार्रवाई पूरे व्यापारिक और सामाजिक परिदृश्य को झकझोर सकती है। उच्च-मूल्य वाले लेन-देन अब ट्रांसपरेंट और जवाबदेह होंगे। भविष्य में एनजीओ और चार्टर्ड अकाउंटेंट के बहाने अरबों का गलत इस्तेमाल करने वाले लोग सतर्क हो जाएंगे। भीलवाड़ा में एनजीओ और चार्टर्ड अकाउंटेंट के गठजोड़ से अरबों की टैक्स चोरी का भंडाफोड़ अब गुजरात के हीरा व्यापारियों और देशभर के बड़े नामों तक पहुँच चुका है।

यह कदम व्यापार और राजनीति में पारदर्शिता की दिशा में बड़ा संकेत है। इनकम टैक्स विभाग की कार्रवाई स्पष्ट करती है कि अब कोई भी टैक्स धोखाधड़ी छुपी नहीं रह सकती।

एयरपोर्ट पर फ्लाइंग स्कूल बनेगा

# ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का निर्माण कार्य अगले महीने से

**कोटा।** कोटा-बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट को लेकर दिल्ली में लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने परियोजना की प्रगति को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। अगले महीने सितंबर में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का निर्माण कार्य शुरू होगा। एयरपोर्ट पर अत्यधिक फ्लाइंग स्कूल भी शुरू किया जाएगा। पायलट ट्रेनिंग और अन्य एविएशन ट्रेनिंग के लिए महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

**एयरपोर्ट पर राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत दिखेगी** एयरपोर्ट पर हाड़ौती और राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत की झलक भी दिखेगी। इसका निर्माण कार्य 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी साल पहली उड़ान संभव है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की महत्वपूर्ण पहल

युवाओं के लिए विदेशों में नौकरी की राह होगी आसान

# प्रदेश में स्थापित होगी 'लैंग्वेज लैब'



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के युवाओं की प्रतिभा को अंतर्राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने की दिशा में प्राथमिकता से कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री का मानना है कि युवाओं को सही दिशा देकर उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया जा सकता है। साथ ही, युवाओं को सशक्त बनाकर ही विकसित राजस्थान की परिकल्पना को साकार किया जा सकेगा।

इसी दिशा में राज्य सरकार की पहल पर प्रदेश में इंग्लिश एण्ड फॉरेन लैंग्वेज यूनिवर्सिटी और केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा 'लैंग्वेज लैब' स्थापित की जाएगी। लैंग्वेज लैब में युवाओं को अंग्रेजी, फ्रेंच, स्पैनिश, जापानीज जैसी विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे इन भाषाओं में पारंगत बन सकें और उनके लिए विदेशों में रोजगार की राह प्रशस्त हो सके।

उल्लेखनीय है कि राज्य में औद्योगिक परिदृश्य को नए आयाम देने के लिए राज्य सरकार द्वारा गत वर्ष राइजिंग राजस्थान ग्लोबल निवेश समिट का आयोजन किया गया था। इस समिट के दौरान राज्य सरकार एवं विभिन्न उद्यमियों के बीच लगभग 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। समिट के दौरान विभिन्न बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने प्रदेश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में रूचि दिखाई थी। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में लैंग्वेज लैब स्थापित की जा रही है। विदेशों में युवाओं को नौकरी प्रदान करने की दिशा में यह एक सशक्त कदम साबित होगा।

## प्राइवेट हॉस्पिटल की दूसरी मंजिल से कूदी महिला, मौत

**नागौर।** नागौर में महिला ने प्राइवेट हॉस्पिटल की दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी। आसपास के लोग उसे हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां उसकी मौत हो गई। मामला शहर के मानासर स्थित शिवम हॉस्पिटल में गुरुवार सुबह करीब 9:30 बजे का है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। महिला ने सुसाइड क्यों किया, इसके बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है। दो बच्चों और पति के साथ रहती थी कोतवाली थाना अधिकारी वेदपाल शिवरान ने बताया- महिला पूजा शिवम हॉस्पिटल में ही पति सुनील और दो बच्चों के साथ रहती थी। सुबह वह अचानक हॉस्पिटल की दूसरी मंजिल पर पहुंची और छलांग लगा दी। महिला को घायल देख आसपास के लोग उसे जेएलएन हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि जब हॉस्पिटल पहुंचे, तब तक उसकी सांसें चल रही थी। थाना अधिकारी ने बताया कि पूजा यहां पर सफाई का काम करती थी। सुबह साफ-सफाई के बाद उसने छलांग लगाकर अपनी जान दे दी।

## छात्रा से रेप के आरोपी को 20 साल की जेल

**कोटा।** स्कूली छात्रा से रेप के करीब दो साल पुराने मामले में पॉस्को कोर्ट चार ने चार आरोपी को सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी युवक (20) को कठोर कारावास की सजा व 57 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। स्कूल से घर लौट रही नाबालिग को धमकाकर आरोपी अपने साथ ले गया, उससे दुष्कर्म किया। विशिष्ट लोक अभियोजक वंदना नागर ने बताया कि सितंबर 2023 को 15 वर्षीय पीड़िता ने परिजनों के साथ ग्रामीण थाने में शिकायत दी थी। जिसमें बताया कि वो 8वीं कक्षा में पढ़ती है। अपने माता-पिता के साथ रहती है। चार सितंबर को दोपहर एक बजे स्कूल से घर लौट रही थी। रास्ते मे गांव में रहने वाला युवक मिला। उसने साथ चलने को कहा। साथ नहीं चलने पर घरवालों को जान से मारने की धमकी दी। वो डरा-धमकाकर अपने साथ बंद हॉस्पिटल में ले गया। उससे दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। डर के कारण उस दिन परिजनों को कुछ नहीं बताया। आठ सितंबर को हिम्मत कर परिजनों को सारी बात बताई। शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया।


पिछले दिनों मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जारी की सीजीडी नीति

# सीजीडी पोर्टल से आएगी पारदर्शिता व समयवद्धता, मॉनिटरिंग व्यवस्था होगी चाकचौबंद-टी. रविकान्त




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य में शहरी और औद्योगिक सीजीडी नेटवर्क को तेजी से विस्तारित करने लिए जल्दी ही केन्द्रीकृत वेब पोर्टल सुविधा आरंभ की जाएगी। प्रमुख सचिव माइंस व पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने बताया कि केन्द्रीकृत पोर्टल पर राज्य में कार्यरत सभी 13 सीजीडी संस्थाएं आवश्यक अनुमतियों के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकेगी और संबंधित संस्थाओं द्वारा ऑनलाईन ही अनुमतियां जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे कार्य में एकरुपता, पारदर्शिता के साथ ही तय समय में प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई सुनिश्चित हो सकेगी। इसके साथ ही मोनेटरिंग व्यवस्था भी चाकचोबंद होगी और कार्य में तेजी आयेगी।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यभार संभालते ही राज्य में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क इन्फ्रास्ट्रक्चर विस्तार पर जोर दिया और पहले साल के बजट में ही सवा लाख गैस कनेक्शन जारी करने की बजटीय घोषणा की। इसके बाद सीजीडी सुविधाओं के विस्तार में आ रही धरातलीय बाधाओं को तय समय सीमा में दूर करने और स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल ईंधन उपलब्ध कराने के काम में तेजी लाने के लिए राज्य सरकार की सीजीडी नीति बनाने की ना केवल घोषणा की अपितु सीजीडी नीति जारी कर राज्य सरकार की हरित उर्जा के प्रति प्रतिबद्धता को स्पष्ट कर दिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पिछले दिनों राज्य की राजस्थान सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नीति, 2025 जारी की है। रविकान्त ने बताया कि राज्य में 17 भौगोलिक क्षेत्रों में कार्यरत 13 सीजीडी संस्थाओं और इनके कार्यक्षेत्र के नागरिकों के लिए जल्द ही सीजीडी पोर्टल भी लांच किया जा रहा है। सीजीडी संस्थाओं को स्थानीय स्वायत्तशासी संस्थाओं से तय समय सीमा में आवश्यक अनुमतियां प्राप्त हो सकेगी और इसके लिए संस्थाओं को किसी कार्यालय में जाने के स्थान पर ऑनलाईन आवेदन करने से ही अनुमतियां प्राप्त हो सकेगी। ऑनलाईन व्यवस्था से मुख्य सचिव व प्रमुख शासन सचिव स्तर पर मोनेटरिंग व आवष्यक निर्देश जारी हो सकेंगे वहीं स्थानीय स्तर पर जिला कलक्टर स्तर पर मोनेटरिंग सुनिश्चित हो सकेगी। इससे आधारभूत संरचना विकसित करने में अनावश्यक देरी नहीं हो सकेगी। इसके साथ ही काम में पारदर्शिता आएगी। रविकान्त ने बताया कि राज्य की नई सीजीडी नीति जारी होने से राज्य के 17 जियोग्राफिकल एरिया में कार्यरत 13 सीजीडी संस्थाओं को पाइप लाइन ड़ालने के लिए अनुमति से लेकर भूमि आवंटन और अन्य स्वीकृतियां प्राप्त करने की समयवद्ध, सरल प्रक्रिया और इनके लिए स्थानीय निकायों को देय शुल्क में एकरुपता होगी। इसी तरह से परियोजनाओं को समय पर पूरा कराने के लिए जिला कलक्टर की अध्यक्षता में स्थानीय स्तर पर समिति गठित होने और राज्य स्तर पर मुख्य सचिव स्तर पर मोनेटरिंग से कार्य में तेजी आने के साथ ही स्थानीय स्तर पर आने वाली बाधाओं व नीतिगत समस्याओं का समय पर समाहार हो सकेगा। राजस्थान स्टेट गैस के प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने बताया कि सीजीडी पोर्टल का कार्य आरएसजीएल द्वारा डीओआईटी के सहयोग से आरंभ कर दिया गया है। राज्य में इस समय 632 सीएनजी स्टेशन और 4 लाख 36 हजार परिवारों को डीपीएनजी कनेक्शन सुविधा से जोड़ा जा चुका है।



## मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में भगवान का पंचामृत से पुष्याभिषेक

महिलाएं कलश यात्रा के साथ मंदिर पहुंची

**जयपुर।** जयपुर में मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में आज भगवान का पंचामृत से पुष्याभिषेक किया गया। 351 महिलाएं कलशयात्रा लेकर पहुंची, जिसके जल से भगवान श्रीगणेश का अभिषेक हुआ। भक्तों को रक्षा सूत्र और हल्दी प्रसाद बांटा गया। भगवान का ध्वज पूजन भी किया गया। मंदिर के शिखर पर नवीन झंडे धारण करवाए गए। मोती डूंगरी के अलावा अन्य गणेश मंदिरों में भी भगवान श्रीगणेश की मनुहार की गई। बता दें कि मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में गणेश जन्मोत्सव के तहत 9 दिन अलग-अलग कार्यक्रम होंगे ।मंदिर महंत कैलाश शर्मा ने बताया- मंदिर में अथर्व शीर्ष के पाठों से प्रथम पूज्य श्रीगणेश को मोदक अर्पित किए। भक्तों ने गणपति स्त्रोत, गणपति अष्टोत्तरशत नामावली पाठों से भगवान गणेश की विशेष पूजा की गई। जन्मोत्सव के तहत पुष्य नक्षत्र पर भगवान श्री गणेश का 251 किलोग्राम दूध, 25 किलोग्राम बूरा, 50 किलोग्राम दही, 11 किलोग्राम शहद और 11 किलोग्राम घी से पंचामृत अभिषेक किया गया। 22 अगस्त की शाम 7 बजे मंदिर परिसर में ध्रुपद गायन कार्यक्रम होगा। अगले तीन दिन यानी 23, 24 व 25 अगस्त की शाम को कत्थक नृत्य का कार्यक्रम होगा। जन्मोत्सव के इस कार्यक्रम में 26 अगस्त को प्रथम पूज्य का सिंजारा मनाया जाएगा। मोतीडूंगरी गणेश जी मंदिर के महंत कैलाश शर्मा के सानिध्य में इस दिन गणेश जी को 3100 किलो मेहंदी धारण कराई जाएगी। ये मेहंदी पाली के सोजत से मंगवाई जाएगी।

# प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत उद्योग लगाने पर पाएं 35 प्रतिशत अनुदान

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएम एफएमई) आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत केन्द्र सरकार द्वारा संचालित की जा रही हैं जिसमें खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में उद्योग लगाने वाले नए एवम् मौजूदा उद्यमियों द्वारा वर्तमान में स्थापित औद्योगिक इकाई में विस्तार करने पर योग्य परियोजना लागत का 35 प्रतिशत या 10 लाख रुपये (दोनों में से जो न्यूनतम हो) अनुदान दिया जाता है। प्रार्थी को आवेदन हेतु नि:शुल्क सहायता देने हेतु इस योजना में जिले में डी.आर.पी. नियुक्त किये हुए हैं। जो प्रार्थी को आवेदन व ऋण संबंधी सभी जानकारियाँ देने में सहायता कर रहे हैं। इस योजना के तहत माह जून 2020 के पश्चात लगने वाले फलों और सब्जियों के उत्पाद, अनाज और दालों के उत्पाद, दुग्ध उत्पाद, तिलहन उत्पाद, पशु आहार, बेकरी उत्पाद व अन्य खाद्य उत्पाद जैसें साबुदाना, हींग आदि प्रकृति के उद्योग या वर्तमान इकाई में विस्तार करने पर अनुदान देय है।

योजना के तहत अनुदान हेतु आवेदन MOFPIPMFME Portal पर ऑनलाईन करना होगा। इस योजना की स्टेट नोडल एजेन्सी, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, जयपुर है तथा जयपुर जिले की नोडल एजेन्सी कृषि उपज मण्डी समिति (अनाज), जयपुर है। अधिक जानकारी के लिए इस योजना की स्टेट नोडल एजेन्सी, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, जयपुर के हेल्पलाईन नम्बर 9829026990 तथा जयपुर जिले की नोडल एजेंसी कृषि उपज मण्डी समिति (अनाज), जयपुर के हेल्पलाईन नम्बर 9829588641 पर सम्पर्क कर सकते है। उक्त योजना में औद्योगिक इकाई की परियोजना लागत में भूमि की लागत शामिल नहीं होगी तथा तकनीकी सिविल वर्क भी योग्य परियोजना लागत के 30 प्रतिशत से अधिक नहीं होने चाहिए।

कृषि उपज मण्डी समिति (अनाज), जयपुर के सचिव अमर चन्द सैनी ने बताया कि योजना जून, 2020 से भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई है, जो दिनांक 31.03.2026 तक चालू रहेगी।

## जयपुर में मरीज को एंबुलेंस में छोड़कर भागा ड्राइवर, मौत

**जयपुर।** जयपुर में एक प्राइवेट हॉस्पिटल की लापरवाही से महिला मरीज की एंबुलेंस में मौत हो गई। मरीज को सवाई मानसिंह हॉस्पिटल रेफर किया गया था। परिजनों का आरोप है कि ड्राइवर से ऑक्सीजन सपोर्ट शुरू करने के लिए कहा तो वो बहाना बनाता रहा। फिर एंबुलेंस को बीच रास्ते में ही छोड़कर फरार हो गया। गुस्साए परिजनों ने एंबुलेंस में तोड़फोड़ की और सड़क पर हंगामा भी किया। परिवार ने हॉस्पिटल प्रबंधन, डॉक्टर और एंबुलेंस ड्राइवर के खिलाफ मुहाना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जयपुर के मुहाना इलाके में रहने वाली 58 वर्षीय शिमला देवी को बुखार होने पर एडवांस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने स्क्रब टायफस बताकर उन्हें 3 दिन एडमिट कराने को कहा।

राज्य में वर्तमान में 1 लाख 90 हजार मैट्रिक टन यूरिया व 1 लाख 2 हजार मैट्रिक टन डीएपी उपलब्ध

# राज्य में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता एवं आपूर्ति निरंतर जारी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार और कृषि विभाग द्वारा उर्वरकों की दैनिक उपलब्धता पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। कम उपलब्धता और अधिक खपत वाले जिलों व ब्लॉकों को चिन्हित कर प्रदेश भर में प्राथमिकता के साथ पूर्ण पारदर्शिता से डीएपी व यूरिया का वितरण किया जा रहा है। उर्वरकों की कालाबाजारी व जमाखोरी को रोकने के लिए कृषि विभाग के अधिकारी प्रदेश भर में पूर्ण सतर्कता से कार्य कर रहे हैं।

केंद्र सरकार की ओर से यूरिया, डीएपी एव अन्य उर्वरकों का राज्यों को महावार व कंपनिवार आवंटन किया जाता है। राज्य सरकार द्वारा प्राप्त आवंटन एवं जिलों की मांग के अनुसार जिलेवार आपूर्ति योजना तैयार कर प्रदेश में उर्वरकों को वितरण कराया जाता है। राजन विशान ने बताया कि कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में अंकित सिफारिशानुसार ही उर्वरकों के उपयोग हेतु प्रेरित करने, उर्वरकों का समान रूप से पारदर्शिता के साथ वितरण कराने और उर्वरक वितरण में अनियमित्ता बर्तने वाले विक्रेताओं, जमाखोरों और कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाही हेतु समस्त जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। विभाग द्वारा समस्त किसानों को समान रूप से उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के लिए कृषकों को पंक्तिबद्ध किया जाकर उर्वरकों का वितरण प्रशासन के सहयोग एवं विभागीय कार्मिकों की देख-रेख में किया जा रहा है।

### अप्रैल से अब तक केंद्र से स्वीकृत 8.82 लाख एमटी यूरीया के विरुद्ध 8.05 एमटी की आपूर्ति

शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा निरंतर केंद्र सरकार से समन्वय स्थापित कर प्रदेश की मांग अनुसार उर्वरकों की आपूर्ती करवाई जा रही है। राज्य के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु खरीफ 2025 में अप्रैल से अगस्त तक भारत सरकार द्वारा आवंटित 8 लाख 82 हजार मैट्रिक टन यूरिया के विरुद्ध अब तक 8 लाख 5 हजार मैट्रिक टन की आपूर्ति की जा चुकी है। अगस्त माह की शेष अवधि में 77 हजार मैट्रिक टन यूरिया की आपूर्ति जल्द ही कर दी जायेगी।

### केंद्र से स्वीकृत 4.75 मैट्रिक टन डीएपी के विरुद्ध 3.25 लाख मैट्रिक टन की आपूर्ति

माह अप्रैल से अगस्त तक भारत सरकार द्वारा आवंटित 4 लाख 75 हजार मैट्रिक टन डीएपी के विरुद्ध अब तक 3 लाख 25 मैट्रिक टन डीएपी की आपूर्ति की जा चुकी हैं शेष 27 हजार मैट्रिक टन डीएपी की आपूर्ति प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 1 लाख 90 हजार मैट्रिक टन यूरिया, 1 लाख 2 हजार मैट्रिक टन डीएपी, 0.80 लाख मैट्रिक टन एनपीके एवं 1 लाख 84 हजार मैट्रिक टन एसएसपी उर्वरकों का स्टॉक उपलब्ध है। वर्तमान में गत वर्ष की तुलना में फॉस्फेटिक उर्वरकों को स्टॉक 0.83 लाख मैट्रिक टन अधिक है।

**जिला डीग, बूंदी व भरतपुर में डीएपी की उपलब्धता**-डीग, भरतपुर, अलवर व बूंदी में निरंतर उर्वरकों की आपूर्ति कराई जा रही है। डीग में 2 हजार 230 मैट्रिक टन यूरिया, 1 हजार 510 मैट्रिक टन डीएपी, 2 हजार 90 मैट्रिक टन एनपीके व 4 हजार 820 मैट्रिक टन एसएसपी, भरतपुर जिले में 2 हजार 808 मै.टन यूरिया, 1 हजार 912 मै. टनी डीएपी, 2 हजार 618 मै.टन एनपीके व 5 हजार 574 मै. टन एसएसपी उर्वरकों की उपलब्धता है। इसी प्रकार बूंदी जिले में 4 हजार 912 मै. टन यूरिया, 3 हजार 529 मै. टन डीएपी, 2 हजार 455 मै. टन एनपीके और 8 हजार 173 मै. टन एसएसपी उर्वरक उपलब्ध हैं एवं निरंतर आपूर्ति जारी है। भरतपुर व अलवर में रैक प्वाईट पर 20 हजार डीएपी के बैग उपलब्ध हैं, जिनमें से लगभग 4 हजार डीएपी के बैग डीग में भी भिजवाये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य के पूर्वी जिलों के कुछ क्षेत्रों में सरसों की अगेती बुवाई करने के लिए किसानों द्वारा डीएपी के अग्रिम खरीद की जा रही है, जबकि बुवाई में काफी समय बाकी है।



## नाबालिग की हत्या के विरोध में एसपी ऑफिस पर प्रदर्शन

दोषी को फांसी देने की मांग

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ में एक नाबालिग बच्ची के साथ उसके मामा द्वारा किए गए रेप और हत्या के विरोध में छात्राओं ने प्रदर्शन किया है। आरोपी ने रेप के बाद बच्ची के शव को एक सन्दूक में बंद कर दिया था। गुरुवार को एसएफआई के बैनर तले विभिन्न कॉलेजों की छात्राओं ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। छात्र नेता महेंद्र शर्मा के नेतृत्व में छात्राओं ने दोषी को फांसी की सजा देने की मांग की ।प्रदर्शनकारियों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि इस तरह की घटनाएं बेटियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े करती हैं। छात्र नेता महेंद्र शर्मा ने कहा कि त्वरित न्याय से आमजन का कानून में विश्वास बढ़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि कड़ी कार्रवाई न होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा ।प्रदर्शन में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष महेंद्र कुमार शर्मा, एसएफआई तहसील अध्यक्ष मोहित, इंशा, आनंद, शिला, मुश्ताक पठान, भूराराम, मांगीलाल, बिट्ठू सिंह और पवन भाटी मौजूद थे। एसएफआई गर्ल्स विंग से मदीना बानो, पारुल, दिव्या, महक, रूपकंवर, दीपिका, पूजा, पुष्पा, नीलम, राजनदीप कौर और प्रियंका शर्मा सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

## निजी स्कूल बस का ड्राइवर नशे में बस दौड़ाने लगा

**अलवर।** अलवर शहर स्थित ओसवाल जैन सीनियर सैकंडरी स्कूल के 60 बच्चों की जान गुरुवार को उस समय खतरे में रही जब नशे में ड्राइवर बस को चलाने लगा। 10 किलोमीटर की दूरी में तीन से चार जगहों पर बस से एक्सीडेंट होते-होते बचे। यह देखकर स्कूल के बच्चे चिल्लाने लगे। फोन कर परिजनों को बुलाया। उसके बाद स्कूल बस अंबेडकर सर्किल के निकट मुख्य रोड के बगल में रोकी तो बच्चे व अभिभावकों को गुस्सा ड्राइवर फूटा, लेकिन ड्राइवर मौका देख भाग गया। बाद में बच्चों के परिजनों ने स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाए। मौके पर परिजनों ने हंगामा कर दिया। परिजन दीपक और अनिल गुप्ता ने कहा की 2 बजे स्कूल की छुट्टी के बाद स्कूल वालों ने बच्चों की रोजाना वाली स्कूल बस की जगह लोक परिवहन बस भेज दी।

CMYK

# देश भर में पशुपालकों की आस्था का केंद्र बना हुआ है जावला का गणेश गिरी बाबा का स्थान

**कोटड़ी (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य में ही नहीं बल्कि पुरे भारत में पशुपालकों की आस्था का केंद्र बना जावला के गणेश गिरी बाबा का स्थान भादवा महिने की ग्यारस पर हजारों श्रद्धालुओं ने जावला गणेश गिरी बाबा को दही का भोग लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की। महिला श्रद्धालुओं ने गणेश गिरी बाबा के दर पर एकादशी का व्रत खोला। शास्त्रों के अनुसार मान्यता है कि ग्यारस को पूरे दिन सर्वार्थ सिद्धि योग बना रहता है। राज्य के अलावा एमपी ओर दिल्ली हरियाणा से भी पशुपालक किसानों द्वारा अपने पशुओं की पहली जॉवनी दही की हांडी लेकर आते हैं ओर गणेश गिरी की समाधी पर भोग लगाकर आशीर्वाद लेते हुए परिवार में सुख समृद्धि की कामना करते हैं। हर ग्यारस पर हजारों महिलाएं पैदल यात्रा करते हुए यहां आती हैं।

जावला में ग्रामीणों द्वारा सभी श्रद्धालु महिला पुरुष को चाय नाश्ता करवाया जाता है। महिलाओं ने बताया कि गावों में किसी पशु के बीमार होने बाबा गणेश गिरी के नाम की भभूत लगाने भर से पशु ठीक हो जाते हैं ऐसी मान्यता है कि बाबा गणेश गिरी ने यहां जीवित समाधि ली थी। और इस समाधी स्थल पर हर ग्यारस को मेला लगता है। ग्रामीणों ने बताया कि बाबा के स्थान पर सीमेंट कांक्रीट नहीं लगाया जाता है केवल गाय के गोबर का ही लैप किया जाता है और लोहे से टीन शेड बना सकते हैं सीमेंट का उपयोग समाधी स्थल पर प्रयोग नहीं किया जाता है।कामिका एकादशी का व्रत हर साल सावन माह ?के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को रखते है। सावन माह की बड़ी ग्यारस को गांव बाहर निकलकर चूरमा बाटी का भोग लगाकर आशीर्वाद लेते हैं जिसमें हजारों श्रद्धालु यहां आते हैं ओर पुष्कर से कावड़ यात्रा द्वारा कावड़िए कावड़ लेकर आते हैं ओर गणेश गिरी के यहां स्नान करवा कर बाबा गणेश गिरी का आशिर्वाद प्राप्त करते हैं।इस व्रत को रखने और भगवान विष्णु की पूजा करने से सभी पाप मिट जाते हैं और उसे जीवन के अंत में मोक्ष की प्राप्ति होती है।

यदि आप कामिका एकादशी का व्रत रखते हैं तो आपको पूजा के समय कामिका एकादशी व्रत की कथा जरूर पढ़नी चाहिए। इससे आपको व्रत का महत्व और उससे मिलने वाला पूर्ण फल प्राप्त होता है।पुजारी कैलाश मेघवंशी ने बताया कि दूर-दूर से श्रद्धालु और किसान जावला पहुंचते हैं तथा गणेश गिरी बाबा को दुधारू मवेशियों के दही की जावणियां चढ़ाकर अपने मवेशियों के स्वास्थ्य की कामना करते हैं। दुधारू पशुओं के लिए बाबा गणेश गिरी की समाधी स्थल पर भभूत का ही पर्चा माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि कहीं भी किसी पशुपालक का पशु बीमार हो जाता है तो पशुपालक बाबा के नाम की भभूत लगाने मात्र से पशु ठीक हो जाता है। ओर जब पशु की बच्चा पैदा होने पर पशु की पहली जावनी का दही की हांडी, नारियल का भोग लगाया जाता है।

# हरियालो अभियान में किया विधायक कलरू ने पौध रोपण



**रियांबड़ी (हुक्मनामा समाचार)।** हरियालों राजस्थान एवं एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत ग्राम केरियां माकडा स्थित चारागाह भूमि परिसर में पौधे लगाए गए । अभियान में विधायक लक्ष्मणराम कलरू , भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं प्रधान प्रतिनिधि मदनराम गोरा के सानिध्य में सार्वजनिक जगहों पर वृक्षारोपण किया। विकास अधिकारी राकेश कुमार महरिया ने कहा पर्यावरण संरक्षण में पौधरोपण करवाने के लिए ब्लॉक स्तर से टीम द्वारा फील्ड भ्रमण कर निर्धारित समय में अधिकाधिक पौधे लगवाने हेतु सघन अभियान चलाया जा रहा है। विधायक लक्ष्मणराम कलरू एवं किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं प्रधान प्रतिनिधि मदनराम गोरा द्वारा ग्रामवासियों से आव्हान किया कि जीव-जगत को संभावित भीषण गर्मी से निजात दिलवाने एवं वायुमण्डल में ऑक्सीजन की संतुलित मात्रा बढाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए जन सहभागी बने। सरपंच रामनिवास चौधरी ने बताया कि ग्रामवासियों के पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के अनुसार तारबंदी करवाकर पौधरोपण के साथ-साथ इस वर्ष लोहे की जाली लगवा कर 5 फीट से बड़े-बड़े पौधो का पौधरोपण किया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी हंसराज मीणा , कनिष्ठ सहायक ओम प्रकाश , ओमाराम, पटवारी कृष्णा मौर्य, पूर्व सरपंच नेमाराम मेघवाल, बाबुलाल सहित बड़ी संख्या में पुरूषों एवं महिलाओं ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पूर्व विधायक ने किया अराई क्षेत्र का दौरा



**अराई (हुक्मनामा समाचार)।** पूर्व विधायक सुरेश टांक ने अराई का दौरा कर अराई, छोटालाम्बा, आंकोडिया, गोठियाना, जोरावरपुरा, झीरोता, काकलवाडा, जुगलीपुरा एवं सिरोंज का दौरा किया। पूर्व विद्यालय ने ग्रामीणों से मिल कर क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा करी एवं उनके समाधान के लिए आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में फसल बीमा कम्पन्नियां मनमानी कर रही है। कंई ग्राम पंचायतों में अनुदान दे दिया गया और कंई को रोक रखा है जिससे किसानों में रोष व्याप्त हो गया है। ग्रामीणों ने कंई बार उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सोंप कर उनकी समस्या के समाधान की मांग करी है।

### विद्यालय के विद्यार्थियों को टिफन पानी बोतल व कॉफी वितरण

**छोटीखाटू (हुक्मनामा समाचार)।** तहसील की राजकीय प्राथमिक विद्यालय नायकों का बास में स्कूल के विद्यार्थियों को विद्यालय की तरफ से पानी की बोतल, टिफन, और कॉफीयां वितरण की गई। इस अवसर पर विद्यालय की अध्यापिका सुशीला और बबिता चौधरी ने बताया की विद्यालय के विद्यार्थियों को पानी की बोतल, टिफन और लिखने के लिए कॉफीयां भेंट की गई। इस अवसर पर बजरंग दल संयोजक शिरू टाक, तेरापंथ सभा युवक परिषद मंत्री दीपक बेताला, युवा कार्यकर्ता नरेश लोहिया उपस्थित रहे।

### ट्रेन से कटकर व्यक्ति की मौत पुलिस ने शव रखवाया मोर्चरी में

**लाडनूं (हुक्मनामा समाचार)।** गुरुवार अल सुबह करीब 5.30 बजे खानपुर फाटक से सुजानगढ़ की और दिल्ली जोधपुर ट्रैन के आगे आने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी सूचना पर टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक भरत, सुजानगढ़ कोतवाली थाना के हेड कांस्टेबल पोकर मल, लाडनू थाना के हेड कांस्टेबल दामोदर, आर पी एफ चौकी सुजानगढ़ के हेड कांस्टेबल शिवलाल मौके पर पहुंचे तथा स्वर्णकार और अन्य की सहायता से बुरी तरह क्षत विक्षत शव के अंगों को इकट्ठा कर लाडनूं अस्पताल की मोरचरी मे रखवाया गया शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है। मृतक की उम्र करीब 40-50 साल लग रही है तथा फुल बाजू की टीशर्ट तथा काले रंग की पेंट पहन रखी है खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्तगी के प्रयास जारी है।

### विश्व हिंदू परिषद,दुर्गा वाहिनी के तत्वावधान में मनाया गया विश्व हिंदू परिषद का 60 वां स्थापना दिवस




**निंबाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** विश्व हिंदू परिषद,मातृ शक्ति और दुर्गा वाहिनी के तत्वावधान में विश्व हिंदू परिषद का 60 वां स्थापना दिवस महेश नगर स्थित मंशापूर्ण महादेव मंदिर में मनाया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री भरत पालीवाल, जिला उपाध्यक्षा भगवती देवी शर्मा,नगर मंत्री रजनीश गोठवाल और ने भारत माता की चित्र प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित मातृ शक्ति को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद नगर मंत्री रजनीश गोठवाल ने प्रारंभिक जानकारी देते हुए कहा कि विश्व हिंदू परिषद (टभ्च) की स्थापना 29 अगस्त 1964 को कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ पर्व पर भारत की संत शक्ति के आशीर्वाद के साथ हुई थी। उन्होंने विहिप के स्काथापनआ के मूल उद्देश्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि विहिप की स्थापना का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, हिंदू धर्म की रक्षा करना, और समाज की सेवा करना है। भारत के लाखों गांवों और कस्बों में विहिप एक मजबूत, प्रभावी, स्थायी, और लगातार बढ़ता हुआ संगठन है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य-शिक्षा, आत्म-सशक्तिकरण आदि के क्षेत्रो में 4277 से अधिक सेवा परियोजनाओं के माध्यम से विहिप हिंदू समाज की जड़ो को मजबूत कर रहा है। विश्व हिन्दू परिषद् के बढते चरण विहिप हिंदू समाज में व्याप्त अस्पृश्यता जैसी सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन के निरंतर प्रयासों के माध्यम से, समाज को विमुक्त, और अंतर्निहित हिंदू एकता को पुनर्जाग्रत करने के लिए समाज का कायाकल्प कर रही है। स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विहिप जिला मंत्री भरत पालीवाल ने कहा कि विहिप अपने मूल मूल्यों, विश्वासों और पवित्र परंपराओं की रक्षा के लिए रामजन्मभूमि, अमरनाथ यात्रा, रामसेतु, गंगा रक्षा, गौ रक्षा, हिंदू मठ-मंदिर मुद्दा,हिंदुओं का धर्मांतरण, इस्लामी आतंकवाद, बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठ,जैसे मुद्दों को उठाकर हिंदू समाज की अदम्य शक्ति के रूप में स्वयं को स्थापित कर रही है। विश्व हिंदू परिषद् के तत्वावधान में आयोजित उक्त कार्यक्रम के प्रारंभ में विश्व हिन्दू परिषद जिला उपाध्यक्षा भगवती देवी शर्मा ने स्वागत उद्बोधन दिया और कार्यक्रम के समापन पर जिला संयोजिका निर्मला शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन नगर संयोजिका ऋतु भट्ट ने किया। इस अवसर पर नगर सहसंयोजिका रत्ना वर्मा, सत्संग प्रमुख राधा वैष्णव,सत्संग सह प्रमुख भगवती रावत, संस्कार सह प्रमुख रविन्द्र कौर,दुर्गा वाहिनी नगर संयोजिका लक्की नागदा, पूर्व नगर संयोजिका मोहिनी बोयत,लक्ष्मी कोठारी,प्रवेश गर्ग,नमिता शर्मा, आकांक्षा,दिव्या ओटवानी,रिंकी लड्ढा, पुष्पा पटेल, सहित बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबी उपस्थित थे।

### कैंसर जांच व परामर्श शिविर आयोजित109 महिला मरीज लाभान्वित

**नसीराबाद (हुक्मनामा समाचार)।** रोटरी क्लब नसीराबाद और प्रमेरिका लाइफ इंश्योरेंस के संयुक्त तत्वाधान में जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय नसीराबाद की मोबाइल कैंसर निदान यूनिट के द्वारा गुरूवार को आर्मी क्षेत्र में कैंसर निशुल्क जांच शिविर में जांच कर परामर्श दिया गया। रोटरी क्लब के विजय मेहरा ने बताया इस शिविर में अत्यधिक आधुनिक चिकित्सा उपकरण से युक्त मोबाइल वैन के द्वारा महिलाओ की जाँच की गई . इस शिविर में 109 महिलाओं की कैंसर से संबंधित रोगों की निशुल्क जांच की गई है इस शिविर में जनना और जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारियों और नर्सिंग कर्मचारी सहित डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह, डॉक्टर हंस चोपड़ा, डॉक्टर अभी गुप्ता, डॉ निकिता शर्मा, नर्सिंग स्टाफ माधुरी शर्मा, जुलाना आयुष, अंजलि, शंकर मौजूद रहे।

# संगम ग्रुप द्वारा संगम हाउस भीलवाड़ा में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** संगम ग्रुप भीलवाड़ा द्वारा संगम हाउस परिसर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श सेवाएँ प्रदान की गईं।

शिविर में प्रतिभागियों की लंबाई, वज़न, ब्लड प्रेशर (विशेष रूप से उच्च एवं निम्न रक्तचाप वाले मरीजों पर ध्यान दिया गया), ब्लड शुगर टेस्ट तथा चिकित्सक परामर्श जैसी सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं।इस अवसर पर एचआर टीम संगम हाउस ने सक्रिय भूमिका निभाई। शिविर की सफलता पर चीफ एचआर ऑफिसर - मनीष स्वामी ने बताया कि यह शिविर बेहद सफल रहा और बड़ी संख्या में संगम ग्रुप लोगों ने इसका लाभ उठाया।इस अभियान में लीड एडमिन हेड - हेमराज नेगी ,रोहित शर्मा ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।संगम ग्रुप पीआरओ डॉ. राजकुमार जैन ने बताया कि संगम ग्रुप सदैव सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में अग्रसर रहता है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होता रहेगा।

*मनचलों के खिलाफ भवानी मंडी पुलिस की कार्रवाई*

# शहर में आवारा घूमते हुए शराब पीकर तेज गति से वाहन चलाने सात व्यक्ति गिरफ्तार



**भवानी मंडी (हुक्मनामा समाचार)।** भवानी मंडी पुलिस ने शहर में घूम रहे आवारा मनचले शराब पीकर तेज गाड़ी चलाने तथा रात्रि के समय शराब पीकर घूमने के आरोप में सात जनों को गिरफ्तार किया।

भवानी मंडी थाना अधिकारी रमेश चंद मीणा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ,अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक चिरंजीलाल मीणा भवानी मंडी पुलिस उप अधीक्षक प्रेम कुमार के सुपरविजन में भवानी मंडी थाना अधिकारी रमेश चंद्र मीणा के नेतृत्व में कस्बा भवानी मंडी में बेवजह सार्वजनिक स्थान और कस्बे में घूमने वाले व्यक्तियों को पूर्व में कस्बे में हुई चोरी और नगरी की घटनाओं को मध्य नजर रखते हुए।

आवारा घूमने वाले व्यक्तियों को संतोष व्रत जवाब नहीं देने पर शांति बनने में गिरफ्तार किया साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वाले मोटरसाइकिल और सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर उत्पाद मचाने पर भी गिरफ्तार किया गिरफ्तार आरोपियों में दिनेश कुमार पुत्र छोटेलाल जाति बलाई उम्र 21 साल निवासी जयसिंहपुरा पुलिस थाना नीलगंगा, राहुल उर्फ गोलू पुत्र कैलाश जाती खाती उम्र 24 साल निवासी जयसिंहपुर थाना महाकाल, कुणाल यादव पुत्र प्रशांत यादव उम्र 22 साल निवासी खामूखेड़ी पुलिस थाना नागझरी जिला उज्जैन, हेमंत मोर्य पुत्र सुरेश मौर्य उम्र 22 साल निवासी नाच नागजी जिला उज्जैन ,आर्यन पुत्र नारायण जाति बलाई उम्र 22 साल निवासी देवास रोड निवासी नागझिरी, बालचंद पुत्र प्रभु लाल जाती धाकड़ उम्र 35 साल निवासी रुंजी, तथा प्रकाश पुत्र राम सिंह जाति मेघवाल निवासी पिपलिया थाना भवानी मंडी इन सभी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

# भामाशाह का राज्य मंत्री व जिला कलेक्टर डीडवाना कुचामन द्वारा सम्मान



**छोटीखाटू (हुक्मनामा समाचार)।** तहसील के निवासी कैलाश सारड़ा व सुनिल सारड़ा पुत्र पूर्व सरपंच चैनसुख सारड़ा का राज्यमंत्री विजय सिंह चौधरी राजस्थान सरकार जिला कलेक्टर डॉ महेन्द्र खड़गावत और जिला पुलिस अधिक्षक ऋचा तोमर, भाजपा प्रत्याशी जितेन्द्र सिंह जोधा व अन्य अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया। कैलाश सारड़ा व सुनिल सारड़ा को भामाशाह और सामाजिक कार्य में सहयोग करने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज सेवी जगदीश सारड़ा, पंचायत समिति सदस्य प्रकाश सारड़ा, मर्यादा महोत्सव समिति कोषाध्यक्ष ताराचंद धारीवाल, प्रवीण बेताला, महेश्वरी समाज अध्यक्ष नारायण प्रसाद, पूर्व पंचायत समिति सदस्य इन्द्र सिंह राठौड़, भाजपा मण्डल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, विश्व हिन्दू परिषद अध्यक्ष ओम सिंह तंवर, तेरापंथ युवक परिषद मंत्री दीपक बेताला, बजरंग दल संयोजक शिरू टाक, आर डी शर्मा सहित अन्य ग्रामीणों ने राज्य मंत्री राजस्थान व जिला कलेक्टर डीडवाना कुचामन द्वारा सम्मानित करने पर भामाशाह को बधाई और शुभकामनाएं दी।

# रेलवे स्टेशन पर लापता मिले बालक को बाल कल्याण समिति ने परिवार को किया सुपुर्द




**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर रेलवे स्टेशन पर उतर प्रदेश के कासगंज जिले के 12 वर्षीय बालक के लापता मिलने की सूचना प्राप्त होने पर बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार के निर्देशानुसार चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के सुपरवाइजर राधेश्याम गुर्जर एवं शिवराज खटीक ने रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी रेखा बाई से संपक कर बालक को बाल कल्याण समिति के सदस्य विनोद राव के समक्ष प्रस्तुत किया, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष चंद्रकला ओझा एवं सदस्य विनोद राव ने बालक को आश्रय की आवश्यकता होने से एवरेस्ट शेल्टर में आश्रय हेतु।

रखवाया, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 टीम ने बालक के परिवार से संपर्क कर बालक के पिता को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया, चाइल्ड हेल्पलाइन काउंसलर निर्मला पुरोहित ने बालक की काउंसलिंग की, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष चंद्रकला ओझा एवं सदस्य विनोद राव ने बालक को उसके पिता को सुपुर्द किया।

### *संभाग स्तरीय टीम द्वारा आदान विक्रेताओं का निरीक्षण*

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** अतिरिक्त निदेशक कृषि विस्तार कोटा खण्ड के उप निदेशक कृषि सत्येन्द्र पाठक व सहायक निदेशक कृषि उमाशंकर शर्मा व जिला स्तरीय अधिकारी सहायक निदेशक कृषि बारां शिवराज मीणा, उप परियोजना निदेशक आत्मा धनराज मीणा एवं कृषि अधिकारी चन्द्र प्रकाश गोचर द्वारा जिले में आदान विक्रेता फर्मों का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान फर्मों द्वारा मूल्य सूची बोर्ड, उर्वरक स्टॉक रजिस्टर एवं बिल बुकें संधारित करने के निर्देशों की पालना नहीं पाई गई तथा पॉश स्टॉक एवं गोदाम में उर्वरक स्टॉक में अनियमितताएं मिली। जिनके विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही की गई।

# वन विभाग की पहल से मासूम छात्रों के चेहरों पर छाई मुस्कान

**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण की दिशा में झालावाड़ वनमंडल के कार्य तो सराहनीय रहे हे लेकिन वन विभाग ने एक अभिनव पहल करते हुवे मासूमों के चेहरों पर मुस्कान लाने का काम किया है वन विभाग के इस कार्य की प्रशंसा राज्य स्तरीय वन विभाग के आला अधिकारियों सहित जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने भी की है,सामाजिक सरोकारों में वन विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण है। वन विभाग न केवल वनों, वन्यजीवों और प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन करता है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय पहलुओं में भी योगदान देता है। यह सुनिश्चित करता है कि वन और वन्यजीव सुरक्षित रहें, स्थानीय समुदायों को लाभान्वित करें और पर्यावरण को संरक्षित किया जाए इसी कड़ी में वन विभाग के डीएफओ सागर पंवार, एसीएफ मुकेश सेहजवनी, संजू शर्मा,सहायक लेखाधिकारी अनुराग वर्मा की टीम झालावाड . रेंजर दीपक सिंह, मनोहर थाना रेंजर दीपक मालव,अकलेरा रेंजर राजेंद्र मीणा, पिड़ावा रेंजर विजय सिंह,डग रेंजर नरेंद्र सिंह,बकानी सुरेन्द्र शर्मा, सहायक वन पाल पवन पटवा, नाकेदार सुरेन्द्र सिंह शक्तावत, कृष्णपाल सिंह,संदीप मीणा, दीपेश चौधरी,जुगल मीणा, ओम नागर, संजय शर्मा, रामेश्वर शर्मा,लालसिंह गुर्जर आदि वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम ने जिले भर के करीब 20 सरकारी विद्यालयों में लाखों रुपए की लागत से विभिन्न कार्य कराए। **खिले मासूमों के चेहरे छाई मुस्कान** जिले के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों को वन विभाग की सौगात से अब टीन शेड, बैठने के लिए फर्नीचर, वाटर कुलर,पाइप लाइन फिटिंग, पर्यावरण एवं स्वच्छता जागरूकता पेंटिग,लेट बाथ मिला है जिससे विद्यालय परिसर के शिक्षक, छात्र,ग्रामीण व अभिभावक वन विभाग के इस कार्य की खूब प्रशंसा कर रहे हे। **इन विद्यालयों व गांवों को मिली सौगात** जिले के गादिया मेहर, इकवासा, डोंगरगांव, बड़ोदिया, दयाभाव, बांसगाट्टी, कुआ भाव, कुंडा खेड़ा, रवंस्या, घोड़खेड़ा, उमरिया, पिपलिया खुर्द, मलावादा, असलुपर, बमदनपुरा,घाटोली आदि विद्यालय व गांवों में शमशान,चबूतरे का भी निर्माण वन विभाग ने कराया है। **इनका क्या है कहना** डीएफओ सागर पंवार ने बताया है कि वन विभाग की आरएफबीडीपी योजना में एंट्री प्वाइंट के तहत जिले के करीब 20 राजकीय विद्यालयों व कई गांवों में वित्तीय वर्ष 24- 25 के अंतर्गत 74 लाख 45 हजार के विभिन्न कार्य फर्नीचर,वाटर कुलर, पाइप लाइन फिटिंग,पर्यावरण एवं स्वच्छता जागरूकता पेंटिग,लेट बाथ,गांवों में चबूतरे,श्मशान आदि के कार्य कराए हैं,जिलेवासी आगे आकर ऐसे विद्यालय व गांवों में जहां जरूरत है जानकारी दे वन विभाग उन सभी जगह उक्त योजनांतर्गत कार्य करने के प्रयास करेगा।

# खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री गोदारा का निंबाहेड़ा में हुआ भव्य स्वागत अभिनंदन

**निम्बाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा गुरूवार को अल्प प्रवास पर चित्तौडगढ़ से प्रतापगढ़ जाने के दौरान निम्बाहेड़ा पधारने पर पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक चंद कृपलानी के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत एवं अभिनन्दन समारोह में स्वागत उद्बोधन देते हुए विधायक चंद कृपलानी ने कहा कि राज्य सरकार के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा राजस्थान में भाजपा के अंत्योदय के कार्य को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे है। इन्होने बिना मांगे ही राशन डीलरों की समस्याओं का निराकरण करने का कार्य किया है। समारोह को सम्बोंधित करते हुए केबिनेट मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को निरूशुल्क अनाज उपलब्ध कराने के सपने को साकार करने के लिए राजस्थान सरकार ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में गिव-अप (स्वेच्छा से योजना को छोडना) अभियान 1 नवम्बर 2024 से चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से राजस्थान में अब तक करीब 56.50 लाख सक्षम परिवारों ने गिव अप अभियान का हिस्सा बन कर गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को अनाज उपलब्ध करवाने का कार्य किया है तथा यह क्रम लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि चित्तौड़गढ़ जिले में इस गिव अप अभियान के माध्यम से 1.23 लाख नए वंचित परिवारो को तथा निम्बाहेड़ा में करीब 18 हजार 722 परिवारों को नि:शुल्क अनाज वितरण योजना का लाभ मिलना आरम्भ हो गया है।

**भगवान के समोशरण की दिव्यता पर आर्यिका विभा माताजी का प्रवचन**

# सत्य और विनम्रता से ही मिलती है जीवन की सफलता : विभा माता

**कोटा (हुक्मनामा सामाचार)।** विज्ञान नगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर इन दिनों अध्यात्म, साधना और आत्मचिंतन का केंद्र बना हुआ है। परम पूज्य आचार्य 108 विराग सागर जी महाराज एवं आचार्य 108 विशुद्ध सागर जी महाराज की सन्निधि तथा गणिनी प्रमुख आर्यिका 105 विभा माताजी और आर्यिका 105 विनय माताजी (संघ सहित) के निर्देशन में 13 पिच्छियों का भव्य चातुर्मास उत्सव धार्मिक गरिमा और अनुशासन के साथ संपन्न हो रहा है। चातुर्मास समिति के गौरवाध्यक्ष राजमल पाटौदी एवं महामंत्री अनिल जैन ठौरा ने बताया कि इस अवसर पर चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन एवं शास्त्र भेंट जैसे धार्मिक आयोजन हुए। श्रावक श्रेष्ठि-1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति एवं समाज प्रताप नगर, कोटा को विशेष पुण्यलाभ प्राप्त हुआ। गणिनी प्रमुख आर्यिका 105 विभा माताजी ने प्रवचन देते हुए कहा कि मिथ्यात्व, कषाय, राग-द्वेष, पुण्य और पाप — ये छह जीव की पर्याय हैं। यदि किसी व्यक्ति से क्षणिक क्रोध उत्पन्न होता है तो उससे बैर नहीं पालना चाहिए, क्योंकि ऐसी कषाय नरक गति की ओर ले जाती है। भक्तामर रहस्य प्रवचन में उन्होंने कहा कि भगवान के समोशरण में रोगी निरोगी हो जाता है, अंधे को दृष्टि और लंगड़े को गति प्राप्त होती है। महावीर प्रभु के समोशरण का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि वहाँ सभी जीव — चाहे पशु हों या प — भगवान के वचनों से प्रभावित होकर अपने आपसी बैर का त्याग कर देते हैं। समोशरण में 12 सभाएँ और 20,000 सीढ़ियाँ होती हैं। पहली सीढ़ी से प्रवेश करने वाला जीव क्रमशः 20,000वीं सीढ़ी तक पहुँचकर समोशरण का अतिशय प्राप्त होता है।प्रवचन के अंत में आचार्य ने कहा कि जीवन की वास्तविक सफलता सच्चाई और विनम्रता में है। राग-द्वेष का त्याग कर ही मनुष्य वास्तविक धर्म और मुक्ति की ओर अग्रसर हो सकता है। इस अवसर पर संरक्षक विमल जैन नांता, सकल जैन समाज के महामंत्री पदम बडला, जे.के. जैन, अध्यक्ष विनोद टोरडी, कार्याध्यक्ष मनोज जैसवाल, महामंत्री राजेंद्र गोधा एवं पंकज खटोड़ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## सड़क दुर्घटना में जातरू की मौत 8 घायल



**भिनाय (हुक्मनामा सामाचार)।** निकटवर्ती ग्राम सिंगावल स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 सिंगावल चौराहे पर गुरुवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। ऑटो और ट्रेलर में जबरदस्त भिड़ंत में एक की मौत व 8 घायल हो गए ।

सभी घायलों को विजयनगर चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है।

थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि गुरुवार को दिन में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 सिंगावल पर को रामदेवरा से दर्शन कर बांसवाड़ा की तरफ जा रहे जातरू के टेम्पो को पीछे से एक ट्रैलर ने टक्कर मार दी। जिससे टेम्पो में सवार एक जातरू की मौत हो गई व टेम्पो चालक सहित 8 जातरु घायल हो गए। वहीं ट्रेलर चालक टेलर सहित मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची भिनाय थाना पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लिया तथा घायल यात्रियों को एंबुलेंस की सहायता से विजयनगर के राजकीय चिकित्सालय में उपचार हेतु भर्ती करवाया। थानाधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में बांसवाड़ा जिले के रावतपाडा अमरथून हमर बोर घाटोल निवासी मांगीलाल 40 वर्ष पुत्र कमला जाति चरपोटा की मौके पर ही मौत हो गई। जिसको पोस्ट मार्टम हेतु स्थानीय चिकित्सालय के चीर घर में रखवाया गया है। वहीं उसी गांव के घायल टेम्पो चालक विनोद कुमार चरपोटा 42 वर्ष पुत्र गोतम लाल चरपोटा,मन्या देवा पुत्र देवा निवासी बांसवाड़ा उम्र 60 वर्ष, कोशी पुत्र गौतम उम्र 60 वर्ष निवासी, काली पत्नी प्रकाश , संजय पुत्र कुलजी उम्र 17 वर्ष, गौतम पुत्र जीमना उम्र 45 वर्ष, बख्ता पुत्र गांधी उम्र 60 वर्ष, नानू पुत्र हीरा उम्र 58 वर्ष को विजयनगर के राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जहां घायलों का उपचार जारी है।

## आवारा श्वानो का आतंक, गोवंश हो रहा शिकार



**नाहरगढ़ (हुक्मनामा सामाचार)।** कस्बे सहित क्षेत्र में आवारा श्वानों का भारी आतंक बढ़ता जा रहा है। आए दिन रोजाना जंगल में चरने के लिए जाने वाले गोवंश का आवारा श्वान शिकार कर रहे है। ऐसे में लगातार प्रशासन को सूचित करने के बावजूद भी समस्या का निराकरण नहीं होने से पशुपालकों सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं में भी भारी रोष व्याप्त है। प्राप्त जानकारी अनुसार कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र में हजारों गोवंश है जो अलसवेरे ही जंगल में चरने जाते है। इनमें से अधिकांश गुना रोड पर स्थित हर्बल गार्डन, बारां रोड कृषि मंडी के पीछे चारागाह भूमि, सिमलोद रोड सहित जंगल में चरने के लिए जाते हैं। इन्हीं स्थानों पर आवारा श्वानो का भारी आतंक है। वे झुंड के रूप में अन्य मवेशियों की अपेक्षा गोवंश को आसानी से निशाना बना लेते है। और आए दिन गोवंश का शिकार करते है। विशेष रूप से गोवंश में छोटे बछड़े आवारा श्वानो का आसानी से शिकार हो जाते है। कई गोवंश रोजाना आवारा श्वानो के द्वारा घायल किए जा रहे है। जिनका पशुपालक इलाज करवाते है।

## वृक्षारोपण महा अभियान का हुआ आयोजन



**डीडवाना (हुक्मनामा सामाचार)।** उपखंड क्षेत्र के नजदीकी ग्राम पंचायत गोदरास में सरपंच रामपाल थालौड़ की अगुवाई में जानकीदास आश्रम दयाल डुगरी रायसिंहपुरा में वृक्षारोपण महा अभियान का आयोजन किया गया।

जहां पर संतों के सानिध्य में उपखंड अधिकारी विकास मोहन भाटी नायब तहसीलदार ओमप्रकाश की अध्यक्षता में वृक्षारोपण महा अभियान के तहत विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधे लगाए गए। पेड़ पौधे लगाने के साथ में ही इनके संरक्षण की भी जिम्मेदारी ली गई। स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा ग्रामीणों के द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा यह पेड़ पौधे लगाए गए हैं।करीब 200 से अधिक पेड़ पौधे एक साथ लगाए गए हैं।इनके संरक्षण की जिम्मेदारी ली है।सरपंच रामपाल थालौड़ ने बताया है कि सरकार के द्वारा चलाए जा रहे।एक पेड़ मां के नाम अभियान हरियालो राजस्थान अभियान के तहत वृक्षारोपण महा अभियान का आयोजन हुआ है। जिसमें विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधे लगाए गए हैं। इन पेड़ पौधों को लगाने के साथ में ही इनके पालन पोषण संरक्षण की भी जिम्मेदारी ग्रामीणों के द्वारा ली गई है।

## प्रजापत समाज की आस्था ने संभाला एएनएम का कार्यभार



**मांगलियावास (हुक्मनामा सामाचार)।** पीसांगन निवासी गजानंद गुजराती की पुत्री और 87 गांव प्रजापत समाज की कार्यकारिणी के सहकोषाध्यक्ष सुरेश प्रजापत की पुत्रवधु आस्था प्रजापत ने गुरुवार को उप स्वास्थ्य केन्द्र लामाना में एनएचएम-एएनएम पद पर कार्यभार ग्रहण किया। आस्था ने बताया कि उन्हें बचपन से ही पढ़ाई के प्रति रुचि रही है और वे समाज की अन्य बालिकाओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करती रही हैं। बीएससी और बीएड तक शिक्षित आस्था का कहना है कि समाज की हर बालिका को आगे बढ़ने के लिए शिक्षा अवश्य ग्रहण करनी चाहिए। उनके कार्यभार ग्रहण करने से लीडी और पीसांगन क्षेत्र के प्रजापत समाज में खुशी की लहर दौड़ गई।

**विद्युत विभाग की लापरवाही से हो रहे हादसे लोगों को आ रहा करंट**

## करंट की चपेट में आकर युवक हुआ घायल परिजन लेकर पहुंचे अस्पताल करवाया भर्ती

**डीडवाना (हुक्मनामा सामाचार)।** शहर के रेलवे स्टेशन पर अमरपुरा की तरफ जाने वाले रोड पर स्थित गुर्जरों के बास में विद्युत विभाग की 11 हजार 33 हजार केवी की लाइन घरों के टच हो रही है,जिसकी वजह से घरों की छत पर भी कोई नहीं जा सकता है,विद्युत लाइन नीचे होने की वजह से करंट भी आ रहा है,कई बार कई युवक इस करंट की चपेट में आ चुके हैं, कई घायल हो चुके हैं,लेकिन फिर भी विद्युत विभाग के द्वारा इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है,जिसकी वजह से और कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है, लोग अपने घरों के ऊपर जाकर सो भी नहीं सकते हैं,जिस तरह विद्युत विभाग की यह लाइन एकदम घरों के टच हो रही है,जिसके चलते कई लोग विद्युत करंट की चपेट में आकर घायल हो रहे हैं,ऐसा ही एक ताजा मामला फिर आया है,जहां एक युवक अपने घर की छत पर गया,अचानक उसकी टोपी विद्युत तार से टच हो गई,टच हो जाने की वजह से युवक के शरीर में करंट दौड़ गया,घटना के बाद परिजन करंट की वजह से घायल युवक को अस्पताल लेकर पहुंचे। युवक को वहां से राजकीय बागड़ जिला अस्पताल लेकर आए,जहां पर चिकित्सकों ने युवक का उपचार करते हुए, भर्ती किया गया, स्थानीय निवासियों ने बताया कि आए दिन इस तरह की घटनाएं हो रही है। विद्युत तार एकदम नीचे होने की वजह से यह घटनाएं घटित हो रही है,जिसमें आज अब्दुल मलिक मोहम्मद रफीक 19 साल रेलवे स्टेशन डीडवाना विद्युत करंट की चपेट में आया है,उसके शरीर में करंट दौड़ा है,वह घायल हुआ है जिसका अस्पताल में उपचार जारी है,विद्युत विभाग को अवगत कराया भी गया है, जब सासंद की मीटिंग जिला कलेक्टर कार्यालय में हो रही थी,तब वहां पर सोपा गया है,लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो रखा है,अगर कोई उचित समाधान नहीं हुआ और कोई बड़ा हादसा हो गया आहै और भी कई लोग घायल हो सकते हैं,कई जाने जा सकती हैं,समय रहते इस लाइन को ऊंचा करने की आवश्यकता है स्थानीय निवासीयो ने मांग की है की समय रहते अगर इस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है तो बड़ा आंदोलन करना पड़ेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी।

# कुचेरा में एक दिवसीय भैरव मेला शांति पूर्ण हुआ सम्पन्न



**कुचेरा (हुक्मनामा सामाचार)।** शहर में गुरुवार एक दिवसीय भैरव बाबा के प्राचीन मंदिर प्रांगण में इस वर्ष का मेला भरा गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लग गया। श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर में घंटियों की गूंज और जय भैरव बाबा के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। मेले में उमंग और उत्साह की अलग ही दृश्य देखने को मिला। मेले अनेक अस्थाई दुकानें लगाई गई। कई झूले लगाए गए। जहां बच्चे झूलों का आनंद लेते नज़र आए।मेले कई प्रसाद की दुकाने लगी।दुनदार मेले में चिल्ला चिल्ला कर खिलौने बेच रहे थे। युवक-युवतियों और परिवारों ने झूलों पर रोमांच का आनंद लिया। दुकानों पर खूब चहल-पहल रही। मेले में खिलौनों, मिठाइयों, चाट-पकौड़ी, आइसक्रीम और घरेलू सामान की दुकानों पर भारी भीड़ उमड़ी। लोग बढ़-चढ़कर खरीदारी करते दिखे। मेले खास बात रही इस मेले में दूसरे जिलों से ज्यादा श्रद्धालु भैरव बाबा के दरबार में माथा टेकने के लिए दूर दूर के जिलों ,नागौर,अजमेर,भीलवाड़ा बीकानेर सहित कई जिलों से दर्शन करने के लिए आते। मेले में बड़े-बुजुर्गों से लेकर छोटे बच्चों तक सभी ने मेले में शामिल होकर आनंद लिया। युवाओं ने दोस्तों संग मेलाजात्रा का मज़ा लिया, वहीं महिलाओं ने पारंपरिक आभूषण और घरेलू सजावटी सामान की खरीदारी में दिलचस्पी दिखाई। सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन व समिति की ओर से बेहतर इंतज़ाम किए गए। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह मेला केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक ही नहीं, बल्कि गांव-शहर के लोगों को आपस में जोड़ने का भी माध्यम है। बच्चों के खेल, परिवारों की खरीदारी और श्रद्धालुओं की आस्था ने मेले को ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बना दिया।

## ट्रेलर व स्विफ्ट डिजायर की हुई भिड़ंत एक की मौत



**लाडनूं (हुक्मनामा सामाचार)।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 58 पर ग्राम भरनावा के पास एक ट्रेलर और कार में हुई जबरदस्त भिड़ंत में ट्रेलर पलट गया और कार चकनाचूर हो गई। हादसे मे कार सवार हरियाणा निवासी एक जने की मौके पर ही मौत हो गई, उसके शव को बमुश्किल कार से निकाला जा सका। यह कार हुडास गांव की ओर से आ रही थी और ट्रेलर सामने से नागौर की तरफ जा रहा था। भरनावा के पास अचानक दोनों वाहनों की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का आगे का पूरा भाग एकदम से पिचक गया और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इससे ड्राइवर का शव भी कार में फंस गया। इधर टक्कर के बाद ट्रेलर भी सड़क से उतरकर खेत में जाकर पलट गया। कार का ड्राइवर बलजीत जाट कार में ही फंस गया और वहीं पर उसकी मौत हो गई। मौके पर आई पुलिस ने कड़ी मेहनत के बाद ड्राइवर के शव को कार से बाहर निकाला। मृतक बलजीत जाट हरियाणा का रहने वाला था और वह पंजाब में होटल संचालन का व्यवसाय करता था। पुलिस ने उसके परिजनों को हादसे की सूचना दे दी है। मृतक का पोस्टमॉर्टम उनकी मौजूदगी में किया जाएगा। इस हादसे की सूचना मिलने पर लाडनूं से पुलिस उप अधीक्षक विक्की नागपाल, थानाधिकारी रामेश्वर लाल और डीओ ड्यूटी प्रभारी गोपाल राम पुलिस टीम के साथ मौके पर ही पहुंच गए।

## एक पेड़ मां के नाम विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया



**पादूकलां (हुक्मनामा समाचार)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत सथानाकलां के शहीद इनायत अली खां राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सथानाकलां परिसर में एक पेड़ मां के नाम विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया आज एक अलग तरह का विदाई समारोह कर एक मिसाल पेश की गई। इस विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक रामदेव उड़द जो कि पिछले 10 सालों से अपनी सेवाएं निरंतर इस विद्यालय को दे रहे थे उनका अब वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता के रूप में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बग्गड़ में पदस्थापन हुआ इस अवसर पर इस विद्यालय परिवार की ओर से सर्वप्रथम वृक्षारोपण करके भारत सरकार की नीति एक वृक्ष मां के नाम लगाकर समारोह धूमधाम से मनाया गया।वृक्ष लगाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण का सभी को संदेश देना है। इस विद्यालय के प्रधानाचार्य रुघाराम राड ने जानकारी देते हुए बताया कि आज इस भव्य समारोह का आयोजन किया गया जिसमें वृक्षारोपण करके रामदेव उड़द को विदाई दी गई उन्हें स्मृति चिन्ह और उनका स्वागत सत्कार भी किया गया। इस अवसर पर साला परिवार के समस्त स्टाफ और ग्रामीण तथा मीडिया बंधु उपस्थित रहे साथ ही पी ई ओ अधीन स्कूलों के अध्यापक और प्रधानाध्यापक भी मौजूद रहे उन्होंने भी माल साफा और स्मृति चिन्ह देखकर उड़द का स्वागत किया।सभी ने अपने विचारों से साथ रहे व्याख्याता रामदेव उड़द के अनुभव को प्रकट किये। बच्चों के साथ वह भाव विभोर हो गए क्योंकि उन्होंने हर वक्त इस विद्यालय के बारे में और इस विद्यालय के विकास के बारे में बहुत चिंतन मनन और बहुत मेहनत की है उसी का ही नतीजा यह है कि आज पूरा विद्यालय गमगीन हो गया। प्रधानाचार्य ने आए हुए सभी मेहमानों का हार्दिक आभार प्रकट किया।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने सुनी आमजन की परिवेदनाएं



**बूंदीत (हुक्मनामा सामाचार)।** आमजन की परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के लिए त्रिस्तरीय जन सुनवाई व्यवस्था के तहत गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर ने आमजन की परिवेदनाएं सुनी और उनका मौके पर ही समाधान कर राहत पहुंचाई। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार की मंशानुरूप आमजन की वाजिब समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जावें, ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हो। सभी का यह प्रयास रहे कि प्राप्त समस्याओं का निर्धारित समय सीमा में निस्तारण हो, ताकि जल्दी राहत मिलें। उन्होंने जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को संवेदना के साथ सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्या से अवगत करवाकर समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली, पानी, सड़क, नगर परिषद क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण हटवाने, आवासीय पट्टा जारी करवाने सहित विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। जनसुनवाई के दौरान 59 प्रकरण प्राप्त हुए। उन्होंने राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जावें। इस दौरान उन्होंने जिला जन अभाव अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।जनसुनवाई में मुख्य सचिव सुधांश पंत व समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े। जनसुनवाई में जिला प्रमुख चंद्रावती कंवर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा, उपखंड अधिकारी बूंदी लक्ष्मीकांत मीणा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओ पी समार, एसई पीएचईडी सुनील कुमार शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## राजकीय कन्या महाविद्यालय बून्दी में हुआ शिक्षक अभिभावक संवाद कार्यक्रम

**बून्दी (हुक्मनामा सामाचार)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय, बून्दी में शिक्षक अभिभावक समिति के तत्वावधान में शिक्षक अभिभावक संवाद कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. संदीप यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम विज्ञान तथा वाणिज्य संकाय की छात्राओं के अभिभावकों तथा शिक्षकों के मध्य महाविद्यालय में अध्ययन, छात्राओं से सम्बन्धित अन्य समस्याओं तथा सुझावों के सम्बन्ध में आयोजित किया गया जिसमें अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया छात्राओं तथा अभिभावको ने अध्ययन तथा अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों के सम्बन्ध में अमूल्य सुझाव दिये। शिक्षक गणों में छात्राओं की समस्याओं को सुना तथा मौके पर समाधान करवाया। प्राचार्य डॉ. संदीप यादव ने बताया की इस तरह के संवाद कार्यक्रम अभिभावकों को संस्थान से जोड़ते है तथा छात्राओं की प्रगति पर नजर रखने में सहायता करते है। डॉ. आशुतोष बिरला ने संवाद कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला तथा विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया। डॉ. विनोद कुमार मीणा ने छात्राओं और अभिभावकों को विभिन्न छात्रवृश्र एवं स्कूटी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी मुस्कान गोदिका ने छात्राओं को स्वयं सेविका बनने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन रवि कुमार चोपदार ने किया। इस कार्यक्रम में रवि वैशणव, डॉ. लीना वास्तव, डॉ. दुर्गा लाल व अन्य संकाय सदस्य उपस्थित थे। डॉ. बीरम देव ने आमंत्रित अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जिला परिषद सदस्य उपचुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

**पादूकलां (हुक्मनामा सामाचार)।** मतदान केदो पर शांति व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात थे। सुबह से मतदान धीमी गति से शुरू हुआ और कुछ समय बारिश के कारण मतदान धीमी गति से चला दोपहर में अच्छी खासी भीड़ नजर आई। ग्राम विकास अधिकारी संदीप गोदारा, गवारडी नेमीचंद कुमावत,अरनियाला रामलाल चौधरी ने बताया कि जिला परिषद वार्ड संख्या 12 के उपचुनाव मतदान केंद्र लांपोलाई शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। बूथ लेवल अधिकारी भी मौजूद रहे। लांपोलाई में मतदान 3372 में से 1326 मतदान हुआ 39.32 प्रतिशत मतदान हुआ।